आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 146 | उज्जैन, गुरुवार 11 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण (अधिकमास) 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

केंद्रीय मंत्रियों ने सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाई, बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु ने खिलाई झालमुड़ी

## मोदी के बतौर प्रधानमंत्री 4399 दिन पूरे, नेहरू का रिकॉर्ड टूटा

### चारधाम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ में उनके नाम से विशेष पूजा-अर्चना की गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। 26 मई 2014 को पीएम पद की शपथ लेने वाले मोदी के कार्यकाल के आज 4,399 दिन पूरे हो गए।

उन्होंने 4,398 दिनों तक इस पद पर रहे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बतौर पीएम मोदी का यह तीसरा कार्यकाल है। मोदी की इस उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंत्रियों ने खड़े होकर तालियां बजाईं और एक विशेष प्रस्ताव पारित किया। शाम में पीएम मोदी ने भारत मंडपम में देशभर से आए एनडीए नेताओं के साथ बैठक की। इसमें भाजपा-एनडीए शासित 22 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के सीएम और डिप्टी सीएम भी शामिल हुए। सभी ने पीएम मोदी को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। बैठक के बाद पीएम मोदी और अन्य भाजपा-एनडीए नेता भारत मंडपम में झालमुड़ी खाने पहुंचे। इस दौरान बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अपने हाथ से झालमुड़ी परोस कर पीएम को दी। प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे होने पर चारधाम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ में उनके नाम से विशेष पूजा-अर्चना की गई। केदारनाथ में बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति और तीर्थ पुरोहितों ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम से जलाभिषेक किया। इसके बाद मंदिर प्रांगण में यज्ञ आयोजित कर उनकी दीर्घायु की कामना की गई। वहीं, बद्रीनाथ धाम में विशेष महाभिषेक, हवन और पूजा-अर्चना की गई। गंगोत्री धाम में विधायक सुरेश सिंह चौहान ने पीएम के नाम से विशेष पूजा-अर्चना कराई।





### मोदी देश के सबसे ज्यादा कार्यकाल वाले इलेक्टेड पीएम

दरअसल, 15 अगस्त 1947 को देश के आजाद होने के बाद जवाहर लाल नेहरू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। वे 15 अगस्त 1947 से 13 मई 1952 तक कुल 1732 दिन पीएम रहे। इसके बाद 1952 में देश में पहला आम चुनाव हुआ। कांग्रेस सत्ता में आई। संसदीय दल ने नेहरू को अपना नेता चुना। इसके बाद नेहरू 13 मई 1952 से 27 मई 1964 तक लगातार निर्वाचित पीएम रहे। इस कार्यकाल 4398 वें दिन का रहा था।

## देश विदेश

### अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी मिसाइल हमले में 13 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए। अफगान तालिबान सरकार के मुताबिक इन हमलों में 13 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 14 महिलाएं घायल हुई हैं। तालिबान ने दावा किया है कि हमलों में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त तथा पक्तिका प्रांतों में आम लोगों के घरों पर बमबारी की। उन्होंने सोशल मीडिया पर घायलों की तस्वीरें भी साझा कीं और इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की।

### अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन 2030 तक खत्म हो जाएगा

**नई दिल्ली।** पृथ्वी से करीब 400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में स्थित इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। नासा ने 2028 से शुरू करके 2030 तक इसे सुरक्षित तरीके से धरती पर गिराने की अपनी योजना को सार्वजनिक किया है। इसके लिए नासा ने 1 अरब डॉलर (करीब 9500 करोड़ रुपए) का प्लान तैयार किया है। आईएसएस पिछले 25 साल से सबसे बड़ी अंतरिक्ष प्रयोगशाला के रूप में काम कर रहा है। आईएसएस निर्धारित उम्र पूरी कर चुका है। इसका कार्यकाल कई बार बढ़ चुका है। पिछले कुछ सालों से इसमें लगातार तकनीकी खामियां आ रही हैं। स्टेशन को सुरक्षित बनाए रखने पर अरबों डॉलर खर्च होते हैं।

### अजय स्टारर धमाल 4 की रिलीज डेट फिर बदली



तय समय से एक हफ्ते पहले हंसाएगी फिल्म; 10 जुलाई को सिनेमाघरों में हो सकती है रिलीज

**मुंबई।** कॉमेडी फ्रेंचाइज धमाल की चौथी फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार...फिल्म पहले 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक सप्ताह पहले 10 जुलाई को सिनेमाघरों में लाने की तैयारी है। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी घोषणा नहीं की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक अल्फा की रिलीज 10 जुलाई के बजाय 3 जुलाई किए जाने की चर्चा के बाद 10 जुलाई की तारीख खाली हो गई। इसी को देखते हुए धमाल 4 के मेकर्स ने अपनी फिल्म को उस स्लॉट में रिलीज करने का फैसला लिया है। फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है। इसमें फ्रेंचाइज के पुराने कलाकार अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी एक बार फिर नजर आएंगे। इनके अलावा ईशा गुप्ता, संजीदा शेख, अंजलि आनंद, उपेंद्र लिमये, विजय पाटकर और रवि किशन भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। धमाल सीरीज की शुरुआत धमाल से हुई थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इसके बाद डबल धमाल और टोटल धमाल भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। खास तौर पर टोटल धमाल ने 154 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार किया था। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज, देवगन फिल्म्स, मारुति इंटरनेशनल और पैनोरमा स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है। फ्रेंचाइज की लोकप्रियता को देखते हुए धमाल 4 से भी काफी उम्मीदें लगाई जा रही हैं।

### पीओके में पाकिस्तानी सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश, सभी की मौत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बुधवार को पाकिस्तानी सेना का एक टक-17 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना ने बताया कि हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा क्रढफ के मुताबिक, हेलिकॉप्टर मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी का शिकार हो गया। सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि हेलिकॉप्टर में कुल कितने लोग सवार थे। हादसे के बाद बचाव और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### फिलीपींस में भूकंप के बाद 2100 से ज्यादा आफ्टरशॉक आए

**नई दिल्ली।** फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप के बाद हालात अभी भी सामान्य नहीं हो पाए हैं। मुख्य भूकंप के दो दिन बाद भी धरती लगातार कांप रही है और अब तक 2100 से ज्यादा आफ्टरशॉक दर्ज किए जा चुके हैं। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप और उसके बाद हुए नुकसान में 45 लोगों की मौत हो चुकी है, 630 से ज्यादा लोग घायल हैं और 17 लोग अब भी लापता हैं। बुधवार को जनरल सैंटोस शहर में एक ढही हुई इमारत में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान फिर जोरदार झटका महसूस हुआ। झटके के बाद बचावकर्मियों को तुरंत बाहर निकलना पड़ा, क्योंकि इमारत से मलबा गिरने लगा था। लगातार आ रहे आफ्टरशॉक की वजह से लोग घर लौटने से डर रहे हैं।

## मीनाक्षी के नामांकन पर चुनाव आयोग का फैसला बाकी

### शिकायत के 5 घंटे बाद भी डिसीजन नहीं, आज खड़गे लेंगे बैठक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने के बाद कांग्रेस के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को दिल्ली में निर्वाचन आयोग से मुलाकात की। कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करने का रिटर्निंग ऑफिसर का फैसला गलत है और कानून के मुताबिक नहीं है। जिस आधार पर नामांकन रद्द किया गया, उसका कानून में कोई प्रावधान नहीं है। नटराजन के खिलाफ ऐसा कोई आपराधिक मामला नहीं था, जिसका उन्हें खुलासा करना पड़ता। कोर्ट ने सिर्फ एक नोटिस भेजा था। इसमें नटराजन से पूछा गया था कि मामले में आगे सुनवाई शुरू की जाए या नहीं।

प्रतिनिधिमंडल में केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, रणदीप सुरजेवाला, सचिन पायलट, भूपेश बघेल, विवेक तन्खा शामिल थे। एमपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि चुनाव आयोग ने प्रतिनिधिमंडल को 2 घंटे के भीतर फैसला लेने का आश्वासन दिया था। हालांकि, 5 घंटे बीतने के बाद भी आयोग ने कोई फैसला नहीं लिया।

इधर, भोपाल में कांग्रेस के कार्यकर्ता बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) दफ्तर पहुंचे। गेट बंद मिलने पर उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यूनिफॉर्म दफ्तर के बाहर गेट पर टांग दी।

दरअसल, मंगलवार को चुनाव अधिकारियों ने हलफनामे में अनियमितताएं पाए जाने के आधार पर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज कर दिया था। जिसके बाद कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली और भोपाल में चुनाव आयोग के दफ्तरों के बाहर धरना दिया था। भाजपा का आरोप था कि उन्होंने शपथ पत्र में हैदराबाद कोर्ट के एक लंबित मामले की जानकारी छिपाई। नटराजन का नामांकन खारिज होने को कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या और सीट चोरी बताया।



**हरीश चौधरी बोले- रिटर्निंग ऑफिसर ने क्राइम किया-** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा, गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बैठक लेने जा रहे हैं। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष शामिल होंगे। उन्होंने आरोप लगाया, रिटर्निंग ऑफिसर ने अपराध किया है। उनकी कार्रवाई कानून और नियमों के अनुरूप नहीं थी। कांग्रेस इस मामले में लोकतांत्रिक और कानूनी लड़ाई जारी रखेगी। हरीश चौधरी ने कहा- नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए समय मांगा है।

### संज्ञान लिए बिना मामला लंबित नहीं माना जा सकता-सिंघवी

किसी भी आपराधिक मामले में सबसे पहले मजिस्ट्रेट यह तय करते हैं कि उसकी सुनवाई शुरू होगी या नहीं। इसे संज्ञान लेना कहा जाता है। जब तक अदालत संज्ञान नहीं लेती, तब तक मामला शुरू हुआ नहीं माना जाता।

चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक उम्मीदवार को सिर्फ उन्हीं मामलों की जानकारी देनी होती है, जिनमें दो साल या उससे ज्यादा की सजा का प्रावधान हो और जिनमें अदालत आरोप तय कर चुकी हो। यह जांचना रिटर्निंग ऑफिसर की जिम्मेदारी है।

इस मामले में अभी मजिस्ट्रेट ने संज्ञान तक नहीं लिया है। इसके बाद जांच होगी, चार्जशीट दाखिल होगी और फिर आरोप तय होंगे। यानी अभी कई कानूनी प्रक्रियाएं बाकी हैं। इसके बावजूद रिटर्निंग ऑफिसर ने इसे लंबित आपराधिक मामला मानते हुए नामांकन रद्द कर दिया।

### झारखंड में परिमल नाथवानी का नामांकन वैध

झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र को रिटर्निंग ऑफिसर ने वैध ठहरा दिया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान परिमल नाथवानी के पर्चे में कुछ त्रुटियां मिलने की बात सामने आई थी।

## ट्रम्प बोले- ईरान ने समझौता नहीं किया, कीमत चुकाएगा

### खुद को दबंग समझता था, अब खत्म, ईरान की अमेरिकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ईरान के हारने का दावा किया। उन्होंने कहा कि ईरानी सेना पूरी तरह से बिखर चुकी है। नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी हैं।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करता है, लेकिन कोई एक्शन नहीं लेता। वह खुद को मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा दबंग समझता था, लेकिन अब खत्म हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने समझौते पर बातचीत करने में बहुत ज्यादा देर कर दी। अब उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे पहले ईरान ने बुधवार को बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स ने कहा कि ये हमले अमेरिकी कार्रवाई के जवाब में किए गए हैं।

## क्यूबा के पास 6.1 तीव्रता का भूकंप फ्लोरिडा और मेक्सिको तक झटके

एजेंसी ▶▶ क्यूबा

क्यूबा के उत्तर-पश्चिमी तट के पास सोमवार को 6.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंपका केंद्र पश्चिमी क्यूबा के मंटुआ शहर से करीब 104 किलोमीटर दूर समुद्र में था। इसकी गहराई लगभग 26 किलोमीटर दर्ज की गई।

भूकंप के झटकों से क्यूबा के कई इलाकों में इमारतें हिल गईं और लोग घरों व दफ्तरों से बाहर निकल आए। राजधानी हवाना समेत कई शहरों में कंपन महसूस किया गया। झटकों का असर अमेरिका के फ्लोरिडा तक पहुंचा। मियामी, फोर्ट लॉडरडेल और ऑरलैंडो के आसपास के इलाकों में भी लोगों ने कंपन महसूस होने की जानकारी दी। एहतियात के तौर पर कुछ सरकारी कार्यालय खाली कराए गए।

## जांच में ज्यादा कीटनाशक मिलने का दावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल ने भारत से आम मंगाने पर रोक लगा दी है। नेपाल के अधिकारियों का कहना है कि जांच में कुछ खेपों में तय सीमा से ज्यादा कीटनाशक मिले। नेपाल सरकार के मुताबिक, यह फैसला खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए लिया गया है। इसका मकसद भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों को प्रभावित करना नहीं है। रोक लगने से पहले करीब 15.8 मीट्रिक टन भारतीय आम नेपाल पहुंच चुके थे। इनकी कीमत लगभग 10 लाख नेपाली रुपये बताई गई है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब पिछले महीने जापान ने भी भारतीय आमों के आयात पर रोक लगाई थी। जापान ने यह कदम कीटनाशकों की वजह से नहीं, बल्कि जांच और सफाई से जुड़े नियमों में कमी मिलने पर उठाया था।

## टीएमसी में टूट जारी, एक और राज्यसभा सांसद का इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में लगातार टूट जारी है। बुधवार को राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। पिछले 3 दिनों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़ चुके हैं। इससे पहले 8 जून को सुखेंदु शेखर ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था, पार्टी भी छोड़ दी थी।

टीएमसी के लोकसभा में 28 में से 20 सांसद और राज्यसभा में 13 में से 2 सांसद यानी कुल 22 सांसद टूट चुके हैं। 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। उन्होंने ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में विपक्ष का नेता बनाने के लिए स्पीकर को पत्र दिया था।



### 541 सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान रवाना

**नई दिल्ली।** पांचवें पातशाह श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर आज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी यानी एसजीपीसी की अगुवाई में श्रद्धालुओं का एक विशेष जत्था पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुधामों के दर्शन के लिए रवाना हुआ। अटारी-वाघा सीमा पर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने अपनी यात्रा की शुरूआत की।

## शंकराचार्य पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाले आशुतोष पलटे, साजिश में कई अफसर शामिल

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दो बटुकों से यौन शोषण का केस दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज अपने आरोपों से पीछे हट गए हैं। उन्होंने मंगलवार को फेसबुक पर एक वीडियो जारी कर कहा, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने दबाव बनाकर उनसे अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था।

आशुतोष ब्रह्मचारी ने दावा किया कि उन्हें गुमराह कर इस मामले में शामिल किया गया। साजिश में कुछ अधिकारी भी शामिल थे। उनके पास इससे जुड़े सबूत और वॉट्सएप चैट मौजूद हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेंगे और बताएंगे कि उन्हें इस विवाद में क्यों और कैसे शामिल किया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनके गुरु जगद्गुरु रामभद्राचार्य को कोई नुकसान पहुंचता है, तो इसके लिए रामचंद्र दास जिम्मेदार होंगे। आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने रामचंद्र दास पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि रामचंद्र दास उनका गुरु भाई है, लेकिन वह कुकर्मी, ढोंगी और फ्रॉडी है।

## चांदी 9,658 गिरकर 2.36 लाख किलो पर आई

### 10 दिन में 27 हजार की गिरावट; सोना 4,090 टूटा, 10 ग्राम की कीमत 1.48 लाख

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से आज यानी 10 जून को सोने-चांदी के दाम में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज 4,090 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 9,658 रुपए कम होकर 2.36 लाख रुपए पर आ गई है। 31 मई को चांदी की कीमत 2.63 लाख रुपए थी। यानी सिर्फ 10 दिनों में ही ये 27 हजार रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं इस दौरान सोने की कीमत 8 हजार रुपए कम हुई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार जियो पॉलिटिकल टेंशन के चलते लोग मार्केट से पैसा निकालकर अपने पास कैश रख रहे हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 28 हजार रुपए सस्ता हो चुका है।



### गिरावट के मुख्य कारणः मेटल छोड़कर 'कैश' पर भरोसा

आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है

**कैश की बचतः** मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने गोल्ड और सिल्वर को बेचकर 'कैश' इकट्ठा कर रहे हैं ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।

**प्रॉफिट बुकिंगः** जनवरी में कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं, इसलिए बड़े निवेशकों ने ऊंचे दामों पर अपनी होल्डिंग बेचना शुरू कर दिया, जिससे बाजार में सप्लाई बढ़ गई और कीमतें गिर गईं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### धर्मनगरी में अग्निशमन की स्थिति...

धर्मनगरी में दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं की बढती संख्या का आंकडा और उसके साथ उनके रूकने के स्थलों की बढती संख्या में वृद्धि हुई है। पिछले तीन सालों में ही मंदिर क्षेत्र के साथ ही शहर के तमाम रहवासी क्षेत्रों में ही जमकर गेस्ट हाउस एवं होटलों की स्थापना हुई है। सामान्य दिनों में भी और खास दिनों में तो जमकर श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। ग्रीष्मकाल के दौरान ही श्रद्धालुओं के ठहरने के केंद्रों को अच्छा खासा व्यवसाय मिला है। मंदिर क्षेत्र में ही देखा जाए तो 500 से अधिक ऐसे स्पाट हैं। इसके अलावा शहर के अन्य हिस्सों को मिलाकर छोटे बडे सभी मिलाकर न्यूनतम 1500 से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने के केंद्र हैं। खास यह है कि इनमें जो सामान्य सुरक्षा की स्थिति होना चाहिए वो भी नहीं देखी जा रही है। अग्निशमन को लेकर जो छोटे यंत्र होते हैं वो भी इनमें से अधिकांश में नहीं हैं या हैं तो उनकी मियाद ही समाप्त हो चुकी है और मात्र शो पीस के स्तर पर उन्हें दिखावा स्तर पर लटकाया गया है। नियमों और कानून के दायरे में जो बडे ऐसे स्थान हैं जहां अग्निशमन को लेक-र पूरा प्लांट होना चाहिए वहां भी इसे दरकिनार किया गया है। इनमें कुछ बडे होटल भी शामिल हैं। अगर प्लांट लगे हैं तो उनके परिचालन की स्थिति ही सामान्य नहीं हैं। वर्षों से उनका टेस्ट तक नहीं हुआ है। पंप बंद पडे हैं। जाम हो चुके हैं। वाल्व में जंग लगने से वे जाम हो चुके हैं। यानिकी पूरा सिस्टम मात्र दिखावे पर ही टिका हुआ है। महाआयोजन में अब बहुत ज्यादा समय नहीं है। उस दौरान महाआयोजन क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में आवाजाही इतनी सहज नहीं रहेगी जितनी होती है। इसके चलते ऐसे सभी संस्थानों में अभी से अग्निशमन को लेकर जागरूकता के साथ अपनाया जाना चाहिए। फायर ब्रिगेड के आने और उसमें लगने वाले समय में आग के विकराल रूप की स्थिति को रोकने के लिए छोटे मोटे यंत्र काफी कारगर होते हैं उनसे नुकसान को कम किया जा सकता है। बडे संस्थानों में सिस्टम को अपडेट कर रखा जाना चाहिए। मासिक और साप्ताहिक रूप से इनका परीक्षण किया जाना चाहिए। अर्द्धशासकीय संस्थानों एवं शासकीय संस्थानों में भी ऐसा किया जाना कोई गलत नहीं होगा । आखिर हम दुसरों के भरोसे अपनी सुरक्षा क्यों रखें। शहर की संस्था को भी एक बडी योजना महाआयोजन के लिए अग्निशमन को लेकर बनाना जरूरी है। इसके लिए जोन वार फायर स्टेशन को अंजाम दिया जाना चाहिए। हाईडेंट बनाए जाना चाहिए। उन्हें बराबर क्रियाशील रखा जाना चाहिए। नियमित तौर पर हाईडेंट का उपयोग होता रहे ऐसी प्रक्रिया के तहत उन्हें चालू रखा जाना चाहिए। खुसूर-फुसूर है कि अभी तो गेस्ट हाउस,होटल एवं बडे संस्थान के साथ अर्द्धशासकीय और शासकीय क्षेत्र में अग्निशमन को लेकर उदासीनता की चरम स्थिति है। श्रद्धालु बाबा के दर्शन को आते हैं और उनके ही भरोसे रूकते हैं। न तो अग्निशमन यंत्रों को लेकर पिछले तीन सालों में कोई मुहिम ही चली और न हीं इसे आवश्यक रूप से पालन ही करवाने को लेकर कोई कार्रवाई नगर की संस्था ने ही की है।




## निगम कर्मचारी संघों ने किया मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित

**उज्जैन।** हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के पश्चात म.प्र. शासन के वित्त विभाग द्वारा दिनांक 8 जून को आदेश जारी कर संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के पारिश्रमिक में वार्षिक वृद्धि की दर 4.46 प्रतिशत से बढ़ाई गई है। जिससे नगर निगम के संविदा कर्मचारियों एवं अधिकारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

नगर निगम में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सफाई कामगार संघ, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संरक्षक श्री रामचंद्र कोरट ने कहा कि संविदा कर्मचारियों एवं अधिकारियों के वेतन में वार्षिक वृद्धि करने से बढ़ती महंगाई के समय में कर्मचारियों को राहत मिलेगी एवं कर्मचारियों को परिवार के भरण-पोषण में मदद मिलेगी। संविदा कर्मचारियों एवं अधिकारियों की वेतन वृद्धि बढ़ाने पर तीनों कर्मचारी संघों के संरक्षक रामचंद्र कोरट के साथ ही डॉ. पवन व्यास, अजयप्रकाश मेहता, मनसुख मेहरवाल, रमेशचंद्र निगम, चंदगीराम टांकले, संदीप कलोसिया, गय्यूर अहमद, अब्दुल हमीद एसआई, रमेशचंद्र रघुवंशी, नितिन मुसले, शैलेष नागर, धीरज कलोसिया, अजय संगत आदि ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को संविदा कर्मचारियों की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जोन के बाद मुख्यालय पर विभागो में पहुंचे आयुक्त रजिस्टर से जांची उपस्थिति

# बगैर सूचना 10 दिन से गायब कर्मचारी निलंबित, 5 कर्मियों का 10 दिन का वेतन काटने के निर्देश

## विभिन्न विभाग जांचे,नगर निगम मुख्यालय के साथ ही पीएचई और जोनों में हडकंप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

युवा तुर्क नगर निगम आयुक्त बुधवार पूर्वान्ह में किसी शिक्षक की भांति नगर निगम के विभिन्न विभागों में पहुंचे और उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर से कर्मचारियों की हाजरी जांची। इस दौरान एक कर्मचारी बगैर सूचना के 10 दिनों से गायब मिला तो उसे निलंबित करने के आदेश दिए । इसके साथ ही अन्य विभागों में गायब मिले 5 कर्मचारियों के 10 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त के औचक निरीक्षण से सभी 6 जोन के साथ पीएचई कार्यालय में भी हडकंप मच गया।

पिछले सप्ताह नगर निगम आयुक्त जोन 4 दशहरा मैदान में औचक रूप से निरीक्षण करने पहुंचे थे। वहां भी उन्हें कर्मचारी गायब मिले थे। इस पर उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर से जांच की थी। जोन में पदस्थ करीब 30 में से आधे से भी कम कर्मचारियों की उपस्थिति सामने आई थी। इस पर भी उन्होंने कार्रवाई की है। बुधवार को एक बार फिर से अनुशासन कायम करने के लिए आयुक्त मुख्यालय पर पहुंचे और औचक निरीक्षण में कर्मचारियों की अनुशासनहीनता पकडी है।

### इन विभागों में जांची उपस्थिति

आयुक्त ने स्थापना विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, मानचित्र विभाग, जन्म मृत्य एवं विवाह पंजीयन विभाग का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभाग के अंदर टेबल पर बैठकर उपस्थिति रजिस्टर की जांच की ।



### स्थापना शाखा से शुरूआत

आयुक्त सर्वप्रथम स्थापना शाखा पहुंचे और विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई। जांच के दौरान अभिषेक रघुवंशी, सहायक वर्ग 3 की उपस्थिति रजिस्टर में 1 जून से उपस्थिति दर्ज नहीं पाए जाने पर जानकारी प्राप्त की गई । सामने आया कि सम्बंधित कर्मचारी ने 1 से 5 जून तक अवकाश आवेदन किया था। उक्त फार्म स्वीकृत नहीं हुआ था । इसके साथ ही उक्त कर्मचारी द्वारा 5 जून के उपरांत भी आज दिनांक तक कार्यालय में उपस्थिति दर्ज नहीं की है। आयुक्त द्वारा सम्बंधित कर्मचारी को निलंबित किये जाने के निर्देश दिए गए । इसी विभाग में हर्षिल शाह सहायक वर्ग 3 कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। उनका 2 दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश प्रदान किये गए।

### चार अन्य महिला लिपिक, भृत्य अनुपस्थित

स्थापना शाखा के निरीक्षण के उपरांत वे जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन शाखा, मानचित्र विभाग एवं सामान्य प्रशासन विभाग का भी निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई । इस दौरान जन्म-मृत्यु विभाग में श्रीमती सोनू मकवाना प्रभारी लिपिक , श्रीमती पूजा चौधरी, प्रभारी लिपिक एवं सामान्य प्रशासन विभाग में श्रीमती लक्ष्मी राणावत, प्रभारी लिपिक एवं श्रीमती राजूबाई भृत्य अनुपस्थित मिले। चारों का दो-दो दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए गए।

### अनुपस्थित मिले तो कार्रवाई तय- आयुक्त

आयुक्त श्री मिश्रा ने समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि कार्यालय में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर सौंपे गए कार्य सम्पादित करें। यदि निरीक्षण के दौरान कोई भी कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाया जाता है तो उस पर तय नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

### दुकानों के बाहर पसरा सामान बना यातायात में बाधा, रोज लग रहा जाम

# दिन में गायब हो जाती हैं चौड़ी सड़कें,

## रात में लौटता है उनका असली स्वरूप



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सड़क चौड़ीकरण के कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं ताकि यातायात व्यवस्था सुगम हो सके, लेकिन कई प्रमुख मार्गों पर बढ़ता अतिक्रमण इन प्रयासों पर पानी फेर रहा है। स्थिति यह है कि दिनभर दुकानों के बाहर सड़क तक फैला सामान चौड़ी सड़कों को संकरा बना देता है, जबकि रात होते ही जब दुकानें बंद हो जाती हैं तब इन सड़कों का वास्तविक स्वरूप दिखाई देता है।

शहर के अनेक व्यावसायिक क्षेत्रों में दुकानदार अपनी दुकानों के अंदर से अधिक सामान बाहर सड़क किनारे और फुटपाथों पर रख रहे हैं। इसके कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है और कई स्थानों पर प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है। वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### कार्रवाई के बाद भी अतिक्रमण

कुछ समय पूर्व प्रशासन द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया था। इस दौरान बड़ी मात्रा में सामान जब्त भी किया गया, लेकिन कार्रवाई की गति धीमी पड़ते ही कई क्षेत्रों में फिर से अतिक्रमण बढ़ने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित निगरानी के अभाव में अतिक्रमणकारी दोबारा सड़क पर कब्जा जमा लेते हैं।

### चौड़ी सड़कें भी बन रही हैं संकरी

शहर में कई ऐसे मार्ग हैं जिनका पूर्व में चौड़ीकरण किया जा चुका है, लेकिन अतिक्रमण के कारण इनका लाभ नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है। दिनभर सड़क के बड़े हिस्से पर सामान और अस्थायी कब्जे होने से चौड़े मार्ग भी संकरे नजर आते हैं। परिणामस्वरूप यातायात सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पाता और जाम की समस्या बनी रहती है। पहले से चौड़ी सड़कों को भी अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। यदि नियमित और प्रभावी कार्रवाई की जाए तो सड़क चौड़ीकरण का वास्तविक लाभ मिल सकेगा तथा यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

### मेयर इन काउंसिल की बैठक में हुए निर्णय

# आवासीय परियोजना, मुआवजा और अवैध मांस दुकानों पर सख्ती

**कवेलू कारखाना भूमि पर 814 आवासीय इकाइयों को मंजूरी, मार्ग चौड़ीकरण से प्रभावितों को 2.24 करोड़ से अधिक मुआवजा स्वीकृत**



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर विकास, आवास, मार्ग चौड़ीकरण और जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित एमआईसी सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरूआत 16 मई 2026 को आयोजित एमआईसी बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि से हुई। इसके बाद विभिन्न विकास कार्यों एवं परियोजनाओं पर बिंदुवार चर्चा की गई। परिषद ने उज्जैन में सीवरेज और एसटीपी कार्यों की दर स्वीकृति, अटल बिहारी वाजपेयी मल्टीलेवल वाहन पार्किंग के ठेके, सीबीजी प्लांट स्थापना के लिए पूर्व स्वीकृत परियोजना निरस्त कर नई खुली निविदा आमंत्रित करने सहित कई प्रस्तावों को मंजूरी दी।

### कवेलू कारखाना भूमि पर आवासीय सह व्यावसायिक परियोजना को भी मंजूरी

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के एएचपी घटक अंतर्गत कवेलू कारखाना भूमि पर आवासीय सह व्यावसायिक परियोजना को भी मंजूरी दी गई। लगभग 7.19 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होने वाली इस परियोजना में कुल 814 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। इनमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 206 आवास, ढाई बीएचके के 304 तथा तीन बीएचके के 304 आवास शामिल हैं।

महापौर ने कहा कि उज्जैन एक पवित्र धार्मिक नगरी है, इसलिए शहर में अवैध रूप से संचालित मांस और मटन की दुकानों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में गांधी बालोद्यान, क्षीरसागर के बाहर स्थित यूरिनल को हटाने सहित अन्य प्रस्तावों को भी सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई।

बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, संजेश गुप्ता, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, जगदीश मालवीय, साहिल मैदावाला एवं पलाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मार्ग चौड़ीकरण प्रभावितों को मिलेगा मुआवजा

बैठक में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों से प्रभावित भवन स्वामियों को मुआवजा प्रदान करने के प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई। इनमें गैल इंडिया चौराहे से नीलगंगा, शांति नगर से मंछामन चौराहा, सांवेर रोड से इंदौर रोड तथा हामूखेड़ी-बिजासन माता मंदिर से देवास रोड तक के मार्ग शामिल हैं।

महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि मार्ग चौड़ीकरण से प्रभावित भवन स्वामियों के लिए कुल 2 करोड़ 24 लाख रुपये से अधिक के मुआवजा प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि जिन प्रभावितों को ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट (टीडीआर) दिया गया है और उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है, उन्हें उसके मूल्य के बराबर राशि देने पर भी विचार किया जाएगा।

### अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष कार्यकताओं ने जताया विरोध

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर किया उपवास




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने फ्रीगंज टावर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष उपवास कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या और राजनीतिक षड्यंत्र का आरोप लगाया।

### गांधी और अंबेडकर के चित्र लेकर किया विरोध

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर के चित्र हाथों में लेकर नामांकन निरस्त किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। पूरे उपवास कार्यक्रम के दौरान 'रघुपति राघव राजा राम' भजन का गायन भी किया गया।

### नारी वंदन की बात करने वाले नारी शक्ति को रोक रहे हैं : डॉ. रवि राय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने कहा कि एक ओर भारतीय जनता पार्टी नारी वंदन की बात करती है, वहीं दूसरी ओर नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व कर रहीं मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करवाया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया गया और अब मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायकों के मतदान अधिकारों पर भी प्रभाव डालने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकताओं ने इस कार्रवाई को संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए विरोध दर्ज कराया।

# पुरषोत्तम मास में मातृशक्ति ने किया शिव महापुराण कथा का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल वाणिज्य केन्द्र के शुभम मांगलिक भवन में पुरषोत्तम मास के पावन पर्व पर मातृशक्ति द्वारा शिव महापुराण कथा का आयोजन 3 जून से 9 जून तक कराया जा रहा है। आज सभी महिलाओं द्वारा मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया। उसके बाद पूजन अभिषेक भी किया। साथ ही रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम हुआ।इसकी आयोजक रूचिका प्रणव पचौरी,जी बहुत योगदान रहा।




## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए रोजगार का अवसर

**इंदौर।** शासकीय संभागीय आईटीआई नंदानगर इंदौर में 11 जून को प्रातः 10:30 बजे से प्लेसमेंट (रोजगार) ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में संस्था की प्राचार्य श्रीमती रीना सोलंकी ने बताया कि रोजगार मेले में आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार पुरुष अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उक्त रोजगार मेले में इंदौर सहित खंड़वा, खरगोन, धार, झाबुआ, बड़वानी, बुरहानपुर, उज्जैन, देवास, रतलाम, नीमच, मंदसौर, शाजापुर और आगरमालवा जिले के अभ्यर्थी शामिल हो सकते है। प्लेसमेंट ड्राइव में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। आवेदकों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। कंपनी द्वारा 50 पदों पर चयन किया जाएगा।

चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान 20 हजार रुपये तक प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों, आधार कार्ड, बायोडाटा तथा पासपोर्ट फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहें।

### डीएवीवी में एमए, एमबीए और पीएचडी में प्रवेश प्रारंभ

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के स्कूल ऑफ ट्राइबल स्टडीज द्वारा जनजातीय समाज, संस्कृति, परंपराओं और विकास के विविध आयामों को समझने के लिए एक अभिनव शैक्षणिक पहल की गई है। विश्वविद्यालय में जनजातीय अध्ययन एवं जनजातीय विकास पर केंद्रित विशेष पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जनजातीय समुदायों के जीवन, ज्ञान परंपराओं, चुनौतियों और विकास की संभावनाओं से परिचित कराना है। यह पहल विद्यार्थियों में जनजातीय समाज के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के साथ उन्हें ऐसे ज्ञान और कौशल से सुसज्जित करती है, जिससे वे भविष्य में जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण और विकास में सार्थक योगदान दे सकें।

### गेल इंडिया ने ऑफसाइट मॉक ड्रिल का आयोजन किया

**इंदौर।** आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना के अंतर्गत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क पर संभावित आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों का परीक्षण करने के उद्देश्य से गेल (इंडिया) लिमिटेड जगोटी इंदौर पीथमपुर पाइपलाइन विभाग ने जिला प्रशासन-इंदौर ,राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल और पारस्परिक सहायता भागीदारों के सहयोग से आज सीजीएस इंदौर मे मॉक ड्रिल का आयोजन किया। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने गैस रिसाव और उसकी रोकधाम, सड़क यातायात नियंत्रण, बचाव और हताहतों को स्वास्थ्य देखभाल केंद्र/अस्पताल में स्थानांतरित करने, आस-पास के क्षेत्र के निवासियों को सुरक्षित निकालने और राहत शिविरों में स्थानांतरित करने आदि को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया, ड्रिल के दौरान सभी टीम के सदस्यो का प्रभावी ढंग से समन्वय किया गया।

### प्रदेश में 10 लाख से अधिक पथ विक्रेता हुए लाभान्वित

**इंदौर।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने देश में एक गौरवशाली और ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। राज्य शासन, नगरीय निकायों तथा ऋणदाता संस्थाओं के समर्पित प्रयासों एवं सक्रिय सहयोग से प्रदेश में अब तक 10 लाख से अधिक पथ विक्रेताओं को सफलतापूर्वक लाभान्वित कर उनके स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया जा चुका है। इस योजना की पहुँच को अंतिम छोर तक और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में 01 जून 2026 से विशेष अभियान संचालित किया जा रह है, जो 30 जून तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालयों पर स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### मप्र के पारंपरिक एवं जैविक उत्पादों की होगी विशेष बिक्री

**इंदौर।** जिला प्रशासन, आत्मा परियोजना एवं कृषि विभाग द्वारा आयोजित ग्रामीण हाट बाजार के समय में 10 जून (बुधवार) के लिए विशेष परिवर्तन किया गया है। ग्रामीण हाट बाजार अपने नियमित समय के स्थान पर सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर पूरे दिन संचालित रहेगा। ग्रामीण हाट बाजार में इस बार मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्राकृतिक, जैविक और पारंपरिक उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। उपभोक्ताओं को सीधे किसानों एवं उत्पादकों से गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। बाजार में बालाघाट का प्रसिद्ध चिन्नौर चावल, झाबुआ का सफेद मक्का, छिंदवाड़ा की उच्च गुणवत्ता वाली चिरौंजी, नरसिंहपुर का प्रसिद्ध गुड़, मंडला के मिलेट्स (श्रीअन्न) एवं उनसे बने उत्पाद, तथा बुरहानपुर के केले से निर्मित विभिन्न उत्पाद और केले के फाइबर से बने वस्त्र आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

# वार्ड-57 में विकास के दावों के बीच पार्किंग बनी बड़ी चुनौती!

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शहर के मध्य क्षेत्र में स्थित नगर निगम का वार्ड क्रमांक-57 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ माना जाता है। प्रशासनिक, शैक्षणिक और खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होने के बावजूद यह वार्ड आज भी कुछ बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। जहां कई रहवासियों ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों पर संतोष जताया, वहीं कुछ इलाकों में स्वच्छता, पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नाराजगी भी सामने आई। वार्ड-57 की पहचान शहर के महत्वपूर्ण संस्थानों के कारण भी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यालय, कमिश्नर कार्यालय नगर निगम मुख्यालय, निगम आयुक्त कार्यालय और जिला न्यायालय इसी वार्ड में स्थित हैं। खेल गतिविधियों की दृष्टि से भी यह वार्ड विशेष महत्व रखता है। यहां मल्हार आश्रम मैदान, चिमनबाग मैदान, हैप्पी वांडर्स मैदान और लाल बहादुर शास्त्री फुटबॉल मैदान जैसे चार बड़े खेल मैदान मौजूद हैं।

### इकलौते पार्षद हैं जिन्होंने आज तक वेतन नहीं लिया

क्षेत्रीय पार्षद सुरेश टाकलकर ने अपने पक्ष में कहा कि वे प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक वार्ड भ्रमण करते हैं और सुबह 9 बजे से दोपहर 2 से 3 बजे तक वार्ड कार्यालय में बैठकर नागरिकों की समस्याएं सुनते हैं। उन्होंने दावा किया कि नगर निगम के 85 पार्षदों में संभवतः वे इकलौते पार्षद हैं जिन्होंने आज तक वेतन नहीं लिया तथा परिषद की बैठकों में कभी भोजन, नाश्ता या चाय ग्रहण नहीं की। उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास और नागरिक सुविधाओं के लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा की नगर निगम में इस बार नर्मदा के टंकी से टैंकर भरने पर रोक लगाई है किंतु मेरे द्वारा तो विगत तीन से चार वर्षों में पूरे कार्यकाल में नर्मदा के पानी टंकी से टैंकर भरने ही नहीं दिए जिससे लोगों को सही पानी मिलता रहा !

### विकास कार्यों को लेकर अपेक्षित गंभीरता दिखाई नहीं देती

वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के पति अनुरोध जैन ने आरोप लगाया कि भाजपा के परंपरागत मतदाताओं वाले इस वार्ड में जनप्रतिनिधियों द्वारा यह मान लिया गया है कि यहां से उन्हें वोट मिलना तय है, इसलिए विकास कार्यों को लेकर अपेक्षित गंभीरता दिखाई नहीं देती। उन्होंने कहा कि डीआरपी लाइन नल-जल योजना के तहत बनी पानी की टंकी का आज तक समुचित उपयोग नहीं हो पाया है। भीषण गर्मी के दौरान भी इस महत्वपूर्ण योजना को शुरू करने के लिए ठोस प्रयास नहीं किए गए।

### ग्राउंड रियलिटी रिपोर्ट

वार्ड-57 की तस्वीर विकास और चुनौतियों का मिश्रित स्वरूप प्रस्तुत करती है। शहर के प्रमुख संस्थानों, खेल मैदानों और शैक्षणिक सुविधाओं से संपन्न इस वार्ड में जहां कई रहवासी विकास कार्यों से संतुष्ट दिखाई दिए, वहीं इमली बाजार, कोर्ट वाली गली और व्यावसायिक क्षेत्रों में स्वच्छता, पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर लोगों की नाराजगी भी सामने आई।

# अब आउटसोर्स कर्मचारी संभालेंगे रेलवे पूछताछ केंद्र

## टेंडर जारी, एजेंसी को उपलब्ध कराना होगा स्थानीय भाषा का ज्ञान रखने वाला स्टाफ

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**




रेलवे स्टेशन पर जल्द ही पूछताछ काउंटर की व्यवस्था पूरी तरह बदलने जा रही है। रेलवे पूछताछ सेवाओं को आउटसोर्स करने की तैयारी कर रहा है। अब तक रेलवे के नियमित कर्मचारी जहाँ यात्रियों को ट्रेनों और प्लेटफॉर्म से जुड़ी जानकारी देते थे, वहीं आगे यह जिम्मेदारी निजी एजेंसी के कर्मचारियों के हाथ में होगी। नई व्यवस्था के तहत उज्जैन रेलवे स्टेशन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित स्मार्ट पूछताछ प्रणाली से भी लैस किया जाएगा। इसमें यात्रियों को उनकी भाषा में तुरंत और सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जल्द ही यह नई व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी। यह नई व्यवस्था उज्जैन के साथ इंदौर, रतलाम, देवास और महू सहित रतलाम मंडल के नौ रेलवे स्टेशनों पर लागू होगी। हालांकि, रतलाम मंडल में 118 रेलवे स्टेशन हैं, लेकिन पूछताछ काउंटर केवल चुनिंदा बड़े और व्यस्त स्टेशनों पर ही संचालित होते हैं। वर्तमान में रेलवे के टिकट चेकिंग और बुकिंग स्टाफ को पूछताछ केंद्रों पर तैनात किया जाता है। मंडल में 30 से 35 कर्मचारी इस काम में लगे हुए हैं। उज्जैन रेलवे स्टेशन पर रोजाना 25 जोड़ी ट्रेनें आती-जाती हैं। 20 से 25 हजार यात्री रोजाना उज्जैन स्टेशन से सफर करते हैं। यहां एक पूछताछ काउंटर है। यहाँ रोजाना पांच हजार लोग पूछताछ के लिए जाते हैं।

यात्रियों द्वारा आम तौर पर ट्रेन किस प्लेटफॉर्म पर आएगी, ट्रेन कब पहुँचेगी और रवाना होगी, किस शहर के लिए कौन-सी ट्रेन उपलब्ध है या जनरल कोच आगे रहेगा या पीछे जैसे सवाल पूछे जाते हैं। ऐसे में निजी एजेंसी के कर्मचारियों को रेलवे स्टेशन, ट्रेनों और यात्री सुविधाओं से जुड़ी विस्तृत ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि यात्रियों को तुरंत और सही जानकारी मिल सके। इन स्मार्ट काउंटरों पर पारंपरिक पूछताछ व्यवस्था की जगह आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

### शिकायतों का भी किया जाएगा समाधान

नई व्यवस्था की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह होगी कि पूछताछ काउंटर केवल ट्रेनों की जानकारी तक सीमित नहीं रहेंगे। यहाँ यात्रियों की प्लेटफॉर्म और स्टेशन सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें भी दर्ज की जाएँगी। यदि किसी प्लेटफॉर्म पर पानी नहीं आ रहा हो, सफाई नहीं हुई हो या अन्य सुविधाओं में कोई कमी हो, तो आउटसोर्स स्टाफ संबंधित विभाग को तुरंत इसकी सूचना देगा। रेलवे का मानना है कि इससे यात्रियों की समस्याओं का समाधान पहले की तुलना में अधिक तेजी से हो सकेगा।

## अधिकारियों ने प्रत्यक्ष रूप से किया समस्याओं का निराकरण

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आए एक प्रकरण में श्री सुखदेव बलिराम सपकाड़े ने बताया कि उनके पास रहने की कोई व्यवस्था नहीं है तथा पारिवारिक कारणों से वे स्वयं के लिए आश्रय की तलाश में हैं। प्रकरण प्राप्त होते ही कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में संबंधित अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर श्री सुखदेव सपकाड़े की आवासीय व्यवस्था एक आश्रम में सुनिश्चित कराई गई। प्रशासन की इस संवेदनशील पहल से उन्हें सुरक्षित एवं व्यवस्थित आश्रय उपलब्ध हो सका। उनके चेहरे पर एक राहत भरी मुस्कान दिखाई दी। इसकी प्रकार एक ओर प्रकरण में श्रीमती गायत्री साहू अपनी प्री-टर्म शिशु के साथ पहुंचीं। उन्होंने बताया कि जन्म से ही बच्ची का स्वास्थ्य कमजोर है। उपचार कराने में कठिनाई आ रही है। प्रकरण पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में अपर कलेक्टर रोशन राय ने संबंधित अधिकारियों को बच्ची के निःशुल्क उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## आयुष्मान भारत निरामयम योजना.....

# जिला चिकित्सालय में प्रदान की जा रही नागरिकों को निःशुल्क डायलेसिस सेवा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शहर के पिपलीनाका निवासी प्रकाश उम्र 45 वर्ष वाहन चालक का कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण करते है। वे अक्सर बीमार रहते थे व कमजोर होते जा रहे थे जिस कारण उनको दैनिक दिनचर्या वाले कार्य करने में भी परेशानी आ रही थी। स्वास्थ्य मे लगातार गिरावट के कारण उनके परिजन श्री प्रकाश को प्रायवेट अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सक द्वारा उनकी जांच कर कीडनी खराब होना बताया गया तथा तुरन्त ही उन्हे डायलेसिस की आवश्यकता बताई गई ताकि श्री शर्मा को गंभीर स्थिति से बाहर लाया जा सके एवं उन्हें बचाया जा सके।

परिवार द्वारा प्रायवेट अस्पताल में डायलेसिस करवाया प्रारंभ किया जब सप्ताह में दो बार डायलेसिस की आवश्यकता पढ़ने लगी और उसका खर्च अधिक आने लगा तो परिवार की आर्थिक स्थिति गड़बड़ाने लगी। क्षेत्रीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता को इस बात की जानकारी लगी तो स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा श्री प्रकाश के परिजनों को बताया कि आप श्री प्रकाश को लेकर जिला चिकित्सालय उज्जैन जाए। आयुष्मान भारत निरामयम योजना के अन्तर्गत पात्रता होने पर उन्हे बीमारी का निःशुल्क उपचार प्राप्त हो सकेंगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता के बातों से प्रेरित होकर उनके परिजन उन्हें लेकर जिला चिकित्सालय उज्जैन आए जहां पर चिकित्सक द्वारा उनका निःशुल्क उपचार आयुष्मान भारत निरामयम योजना के अन्तर्गत किया गया।आयुष्मान योजना अन्तर्गत श्री शर्मा का सप्ताह में दो बार निःशुल्क डायलेसित्त सिविल अस्पताल माधवनगर, उज्जैन की डायलेसिस यूनिट में किया जा रहा है। अब पहले से काफी राहत है कि सप्ताह में दो दिन डायलेसिस का खर्च आयुष्मान भारत निरामयम योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा वहन किया जा रहा है।

## राजनीतिक नियुक्तियां पाने वाले अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के लिए नई गाइडलाइन

# हर छह महीने में देनी होगी परफॉर्मेंस रिपोर्ट

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



मध्य प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियां पाने वाले अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए सत्ता-संगठन की नई गाइडलाइन जारी की गई है। रिपोर्ट में कामों का विवरण देना होगा। पार्टी गाइडलाइन 3 का उल्लंघन करने पर नपना भी तय है। वहीं कांग्रेस ने इसे दिखावे की राजनीति बताया है एमपी में राजनीतिक नियुक्तियां पाने वाले अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए सत्ता-संगठन की नई गाइडलाइन जारी की गई है। अब हर छह माह में परफॉर्मेंस रिपोर्ट देना होगा। रिपोर्ट में कामों का विवरण बताना होगा। संबंधित मॉडल प्राधिकरण बोर्ड और आयोग में किए गए सुधारो को भी बताना होगा। वहीं पार्टी गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर नपना भी तय है। इसके साथ ही गाइडलाइन में कम खर्च करने पर भी जोर दिया गया है। सत्ता और संगठन के बीच सामंजस का भी संदेश है। बेफिजूल की बयानबाजी से भी बचने की नसीहत दी गई है। आपको बता दें कि 30 से ज्यादा राजनीतिक नियुक्तियां अभी भी होल्ड पर है।

### नई गाइडलाइन को लेकर सियासत

वहीं नई गाइडलाइन को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि बीजेपी में रिपोर्ट का नहीं कोई खेल, यहां भ्रष्टाचार का खेला है। भाजपा में सिर्फ दो पावर सेंटर दोनों दिल्ली में बैठे है। सिर्फ दिखावे के लिए रिपोर्ट जैसी पहल करते हैं। रिपोर्ट काहे की सिर्फ इवेंट मैनेजमेंट कर रहे हैं, ध्यान बांटने वाली राजनीति है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता शाहवर खान ने कहा कि बीजेपी में सुचिता की राजनीति है। जन भावना के तहत काम हो, इसलिए हर 6 माह में रिपोर्ट मांगी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर सुधार होगा। जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं और संबंधित मॉडल प्राधिकरण का लाभ मिल सके। इसके लिए कवायद की जा रही है। कांग्रेस के पास मुद्दा नहीं है। कांग्रेस बेमुद्दे की राजनीति करती है, उसके बयानों पर अब जनता को भी भरोसा नहीं है। कांग्रेस हल्की हो गई है।

## सिंहस्थ 2028 की तैयारी 'ऑपरेशन थर्ड आई': यहां तीसरी आंख का पहरा

# ड्रोन से निगरानी, तीन जवानों को विशेष ट्रेनिंग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**



यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों पर पत्थरबाजी जैसी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए उज्जैन आरपीएफ ने 'ऑपरेशन थर्ड आई' शुरू कर दिया है। अब रेलवे स्टेशन, यार्ड और पटरियों की निगरानी ड्रोन से की जा रही है। रेलवे जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि रतलाम मंडल सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संजीदा है।

ड्रोन से स्टेशन यार्ड समेत अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की वीडियोग्राफी की जा रही है। एक ड्रोन 8 डट तक के दायरे में निगरानी कर सकता है। आरपीएफ टीआई नरेंद्र यादव ने बताया कि भीड़ ज्यादा होने पर, अप-साइड डाउन-साइड से ज्यादा ट्रेनें आने पर, तीज-त्योहार और वीकेंड पर ड्रोन से निगरानी की जाती है। इसका वीडियो डेटा सेव कर लिया जाता है। इससे भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिलती है। आपने बताया कि ड्रोन से कवरेज, डेटा शेयरिंग और मॉनिटरिंग के लिए आरपीएफ के तीन जवानों को विशेष ट्रेनिंग दी गई है। ये जवान अब विशेष पर्वों पर स्टेशन और पटरियों के आसपास होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।

### सिंहस्थ 2028 की तैयारी शुरू

सिंहस्थ महापर्व 2028 को देखते हुए आरपीएफ ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। टीआई यादव ने बताया कि उज्जैन परिक्षेत्र के हर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के लिए 2-2 ड्रोन खरीदे जाएंगे। ये ड्रोन स्टेशन परिसर से 8 डट तक ट्रेन और पटरियों के आसपास होने वाली हर हरकत पर नजर रखेंगे। भीड़ प्रबंधन में भी इनका इस्तेमाल होगा। रतलाम मंडल की यह पहल यात्रियों को सुरक्षित सफर देने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप इंदौर नगर के शिक्षा सहयोग कार्यक्रम आज से

## आज से शुरू होगा जैन सोशल ग्रुप का शिक्षा सहयोग अभियान

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के 8 जिनालयों पर रियायती दर पर मिलेंगी कापियां, बांटे जाएंगे छात्रवृत्ति फार्म। फेडरेशन के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप इंदौर नगर द्वारा छात्र हित में शिक्षा सहयोग कार्यक्रम का शुभारंभ 11 जून, गुरुवार को प्रातः 8:30 बजे किया जाएगा। नगर के 8 विभिन्न जिनालयों पर एक साथ यह कार्यक्रम गणमान्य अतिथियों व फेडरेशन पदाधिकारीगण के सानिध्य में संपन्न होगा। योजना के प्रमुख सुत्रधार दिलीप मेहता , ने कहा कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा सहयोग योजना तिलक नगर, गोयल नगर, विजय नगर, छत्रपति नगर, सुदामा नगर, कालानी नगर, क्लर्क कॉलोनी एवं सुकल्या स्थित जिनालयों पर संचालित होगी। 11 जून को शुभारंभ से 14 जून रविवार तक प्रतिदिन प्रातः 8:30 से 10:30 बजे तक रियायती दरों पर कापियां का वितरण किया जाएगा।

न्यूज कालम



## शराब मामले में फरार आरोपी को धर दबोचा, पांच महीने से फरार था आरोपी

**टांडा।** दिनांक 28 दिसम्बर 2025 को देहात भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि आरोपी नगर सिंह पिता बालू सिंह अनारे निवासी घुडदलिया,का अपने घर में अवैध रूप से शराब रखा है इस सूचना पर थाना टांडा के पुलिस फोर्स के साथ दबिश दी गई थी। जो घर से 30 पेटी माउंट बियर जप्त की गई थी कीमती 72 हजार रुपये की पाई थी आरोपी के विरुद्ध थाना टांडा में अपराध क्रमण 215/25 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तलाश की जा रही थी। दिनांक 9 जून को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी बोरी जिला आलीराजपुर से गुजरात की ओर जाने की सूचना मिली थी तत्काल पुलिस मौके पर घेराबंदी की गई और भागने से पहले पकड़ा अपराध धारा में गिरफ्तार किया गया जो माननीय न्यायालय पेश किया गया आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी संजय कुमार रावत और थाना टांडा के पुलिस बल का योगदान रहा।

## पेंशन विरोधी नीतियों के विरोध में आंदोलन का आह्वान किया गया



**मनावर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मनावर एवं गंधवानी द्वारा आयोजन प्रांतीय पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल मप्र के आव्हान पर मध्यप्रदेश शासन की पेंशन विरोधी नीतियों के विरोध में पेंशनर्स के सम्मान,अधिकार और न्याय के लिए आंदोलन का आह्वान किया गया जिसके फलस्वरूप तहसील स्तर जिसमे प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मनावर के अध्यक्ष-भाना लाल सोलंकी और गंधवानी शाखा के अध्यक्ष शांतिलाल राठौर एवं सचिव हरिराम पाटीदार द्वारा अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व ) को दिनांक 10 जून को एस डी एम कार्यालय इंदौर रोड पर उपस्थित होकर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन का वाचन शर्मा मैडम द्वारा किया गया।उक्त जानकारी प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मनावर के मीडिया प्रभारी संजय वर्मा ,सुनील जौहरी द्वारा दी गई।

## लायंस दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



**सनावद।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1की नवीन सत्र 2026-27 के लिए प्री कैबिनेट आचमन और पीएसटी रीजन जोन ट्रेनिंग/ स्कूलिंग इंदौर में सम्पन्न हुई।डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य और गवर्नर 26-27 जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न सत्र में प्रशिक्षण एवं क्विज कार्यक्रम हुए।।अतिथि स्पीकर द्वारका जालान पूना सहित डिस्ट्रिक्ट के प्रशिक्षक एवं पीडीजी ने अध्यक्ष,सचिव,कोषाध्यक्ष एवं रीजन जोन को मार्गदर्शन एवं जानकारी प्रदान की।।सेवा कार्यों एवं प्रशासनिक कार्यों रिपोटिंग आदि के बारे में विस्तृत कार्यशाला हुई।डिस्ट्रिक्ट के 16 रीजन एवं लगभग 60 जोन के 200 क्लबों के पदाधि कारी एवं मनोनीत डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन ने सहभागिता की। ओंकारेश्वर अनंत क्लब से अध्यक्ष मुश्ताक मलिक, ओंकारेश्वर-बेड़ियां क्लब संस्थापक जाकिर हुसैन अमी, हरीश पुरोहित, बेड़ियां क्लब से लवकुश पटेल,सीताराम पटेल,हुकुम पटेल आदि ने उपस्थिति दर्ज की। वीडीजी राम जाट, डॉ राजेंद्र सोडानी उपस्थित रहे।।डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री अनिल मोदी,डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरार श्रवण त्रिपाठी ने आयोजन में सक्रिय भूमिका अदा की।। कार्यशाला पश्चात सभी को प्रशिक्षण सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

## कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होने पर चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

**जावरा** । प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में बुधवार को यूथ कांग्रेस ने खाचरोद नाका चौराहा पर मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सन्नी अखेड़िया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अल्फेज पठान, पिपलोदा दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष नितिन चौहान ,उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष नागेश्वर पाटीदार ,की उपस्थिति में खाचरोद ना का चौराहे पर मुख्य चुनाव कमिश्नर ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया ।उल्लेखनीय की राज्यसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने पर कांग्रेस द्वारा प्रदेश में जमकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है । इस मौके पर एनएसयूआई पूर्व जिला अध्यक्ष संयम शर्मा, पार्षद कन्हैयालाल हाडा, पार्षद प्रतिनिधि इमरान मंसूरी ,महासचिव चंद्रशेखर शर्मा ,जावेद पॉपुलर, कमल वर्मा ,भंवर सिंह चौहान ,जितेंद्र सोलंकी, कमल डावर, पारस धाकड़,, शरद कदम, अमन चौहान, युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



**ज्योतिष से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने पर हुआ मंथन**

**सनावद।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्य जागृति मिशन (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य सागर जी के नेतृत्व में कटरा (जम्मू) में तीन दिवसीय राष्ट्रीय ज्योतिष समागम का सफल आयोजन किया गया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा मंडलेश्वर मंडल ने किया मां नर्मदा का पूजन-अर्चन

### श्रीराम घाट पर राष्ट्र की समृद्धि एवं प्रधानमंत्री की दीर्घायु के लिए हुआ विशेष अनुष्ठान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मंडलेश्वर मंडल द्वारा बुधवार को श्रीराम घाट पर मां नर्मदा का विधिवत पूजन-अर्चन एवं अभिषेक कर उनकी दीघार्यु तथा राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की उपलब्धियों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीशचंद्र मोयदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी नई पहचान स्थापित की है। पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, गरीब कल्याण एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की प्रमुख शक्तियों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।इस अवसर पर श्रीराम घाट पर पंडित अशोक वैद द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां नर्मदा का अभिषेक एवं विशेष पूजन संपन्न कराया गया। उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने मां नर्मदा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घ एवं सफल जीवन तथा राष्ट्रहित में निरंतर सेवाएं देने की प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान पूरे घाट क्षेत्र में धार्मिक एवं राष्ट्रभक्ति का वातावरण बना रहा।पूजन-अर्चन एवं आरती के पश्चात उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं देश के विकास कार्यों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान भारत माता की जय,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद,भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, एवं वंदे मातरम् के नारों से श्रीराम घाट का वातावरण गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।भाजपा जिला महामंत्री हरे सिंह चावड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को राजनीति का केंद्र बनाया है।

जिला मंत्री सिंधु जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं, युवाओं, किसानों एवं गरीब वर्गों के उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। वहीं मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके मार्गदर्शन में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।



## विशेष लोक अदालत शिविर का आयोजन बार न्यायालय परिसर में किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार विशेष लोक अदालत शिविर का आयोजन बार न्यायालय परिसर में किया जहां मो. असलम दहलवी साहब एवं योगेश चालीसा ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों के लिए पक्षकारों की सहमति से उल्लेखित श्रेणी के प्रकरण लिये जाएंगे जिसमें बैंकिंग एवं बीमा से संबंधित प्रकरण सिविल (दीवानी) प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण उपभोक्ता विवाद एवं रेरा से संबंधित प्रकरण

पारिवारिक विवाद प्रकरण वाणिज्यिक एवं आर्बिट्रशन प्रकरण विशेष लोक अदालत का उद्देश्य भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रकरण शासकीय सेवकों से संबंधित सेवा प्रकरण किराया नियंत्रण एवं सार्वजनिक परिसरों (बे-दखली) अधिनियम से संबंधित प्रकरण श्रम एवं औद्योगिक विवाद स्थानांतरण याचिकाएँ अन्य कोई भी प्रकरण जो विधि अनुसार समझौता योग्य हो पक्षकारों को आपसी सहमति से विवादों का समाधान निकालने एवं लिखित समझौता कराने में संबंधित क्षेत्र के न्यायिक अधिकारी और प्रशिक्षित मध्यस्थ की सेवायें उपलब्ध होगी जो उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर, इंदौर एवं ग्वालियर स्थित मध्यस्थता केंद्र तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र एवं तहसील विधिक सेवा समिति के मध्यस्थाता केन्द्र में लोक अदालत पूर्व बैठक एवं मध्यस्थता सत्र का आयोजन करेंगे।



## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी उत्सव सीतानहानी पर मनाया

**नेपानगर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी उत्सव नगर की सीतानहानी धार्मिक स्थल पर मनाया गया जन अभियान परिषद जिला बुरहानपुर द्वारा चयनित नवांकुर संस्था श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा नगर की ऐतिहासिक धार्मिक स्थल सीता नहानी पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बावड़ी उत्सव मनाया गया इस दौरान प्राकृतिक जलाशय की पूजा अर्चना की गई साथ ही आस पास साफ सफाई कर आम नागरिकों से जल संरक्षण की अपील की गई वही जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक मनीष कुमार सर एवं खकनार ब्लॉक समन्यवक अमजद खान सर महिला एवं बाल विकास विभाग की नेपानगर परियोजना अधिकारी प्रगति खराड़िया मैडम द्वारा उपस्थित नागरिकों को जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी बताई गई इस दौरान श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था सचिव रविन्द्र मसाने संस्था सदस्य मोहन इंगले राजेन्द्र मसाने, धनराज पाटील, सर्वेश किंगे, आर्यन पाल, प्रांशु अहीरे, शहजाद अली, दीपाली पाटील, शीतल पाटील सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# आंधी-तूफान से तबाह फसलों की स्थिति मुख्यमंत्री को बताकर अर्चना चिटनिस ने किसानों के लिए मांगी सहायता राशि

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



जिले में बीते दिनों आए भीषण आंधी-तूफान और वर्षा से किसानों की फसलों को हुए व्यापक नुकसान के बाद विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर प्रभावित किसानों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने किसानों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने, सर्वे कार्य में तेजी लाने तथा नुकसान का उचित आंकलन कर शीघ्र सहायता प्रदान करने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले के अनेक गांवों में आंधी-तूफान और वर्षा के कारण विशेष रूप से केले की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर खेतों में तैयार फसल पूरी तरह जमीन पर गिर गई है, जिससे किसानों को लाखों रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि यह प्राकृतिक आपदा किसानों की मेहनत, उम्मीदों और आजीविका पर गहरा आघात है।

आपदा के तुरंत बाद अर्चना चिटनिस ने प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा किया। उन्होंने गांव-गांव पहुंचकर नुकसानग्रस्त खेतों का निरीक्षण किया, किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सर्वे कार्य गंभीरता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान चिटनिस ने आरबीसी-6/4 के अंतर्गत प्रभावित किसानों के प्रकरण शीघ्र तैयार कर मुआवजा वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे इस संकट से उबर सकें।

मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात के दौरान अर्चना चिटनिस ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने योजना के अंतर्गत उद्यानिकी फसलों के बीमा लागू करने हेतु प्रचलित कार्यवाही में तेजी लाने का आग्रह किया, ताकि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को शीघ्र लाभ मिल सके। चिटनिस ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि प्रशासन द्वारा सर्वे कार्य लगातार प्रगति पर है तथा वे स्वयं इसकी नियमित मॉनिटरिंग कर रही हैं।

## स्वामीनारायण मंदिर में विशेष महाभिषेक, अर्चना चिटनिस ने मंदिर विकास के लिए 51 लाख रुपए देने की घोषणा की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर।

केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के १२ वर्ष पूर्ण होने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर ४,३९९ दिन का कार्यकाल पूरा कर भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक समय तक सेवा देने का कीर्तिमान स्थापित करने के उपलक्ष्य में बुरहानपुर के सीलमपुरा स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर में महाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विशेष पूजन-अर्चन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने भगवान लक्ष्मीनारायण देव और हरिकृष्ण महाराज का विधि-विधान से अभिषेक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और राष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारियों का सम्मान भी किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं, कार्यकताओं और नागरिकों से संवाद करते हुए चिटनिस ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते १२ वर्षों में देश में हुए बदलाव, विकास यात्रा और जनकल्याणकारी उपलब्धियों पर चर्चा की।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने नेतृत्व, दूरदर्शिता और अथक परिश्रम से भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने देश के विकास को गति देने के साथ-साथ भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्विकास से लेकर अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा तक के कार्यों ने करोड़ों देशवासियों के आत्मगौरव को सशक्त किया है। चिटनिस ने कहा कि स्वामीनारायण मंदिर जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं, बल्कि समाज में संस्कार, सेवा, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी भावना से प्रेरित होकर स्वामीनारायण मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार, आवश्यक निर्माण कार्यों तथा परिसर के समग्र विकास, संत निवास और सभा मंडप निर्माण के लिए वे विधायक विशेष निधि से ५१ लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा करती हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पी.पी. स्वामी ने कहा कि समाजजनों या मंदिर के विकास से जुड़े किसी भी कार्य के लिए जब भी अर्चना चिटनिस से संपर्क किया गया, उन्होंने सदैव सकारात्मक सहयोग प्रदान किया। इस पर चिटनिस ने कहा कि उनका योगदान सेतु निर्माण में गिलहरी के समान रहा है और वे जो भी कार्य कर पा रही हैं, वह समाजजनों के विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद का परिणाम है। मंदिर के महंत और कोठारी पी.पी. स्वामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की। शास्त्री चिंतनप्रियदासजी स्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को नई दिशा प्रदान किया।

# मंडलेश्वर क्षेत्र में विकास की नई उड़ान: स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक सुधार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजकुमार मेव के सतत प्रयासों और दूरदर्शी सोच के चलते मंडलेश्वर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है। कभी साधारण उपचार के लिए भी लोगों को इंदौर, खरगोन या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडलेश्वर आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की मजबूत टीम के साथ क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। विधायक राजकुमार मेव की पहल और निरंतर प्रयासों से मंडलेश्वर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए भरोसे का केंद्र बन चुका है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता से मरीजों को समय पर उपचार मिल रहा है, जिससे आर्थिक और मानसिक परेशानियों में भी कमी आई है।

**१२ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम दे रही सेवाएं**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडलेश्वर में वर्तमान में विभिन्न रोगों के उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम कार्यरत है। अस्पताल प्रभारी एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल बामनिया, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार पाटीदार, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. दूरगेन्द्र सोलंकी, सर्जन डॉ. शिवप्रताप ओहरिया, एनेस्थेटिस्ट डॉ. शरद कुमार भण्डारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।इसके अलावा मेडिकल ऑफिसर के रूप में डॉ. राघवेन्द्र मण्डलोई, डॉ. सुजीत यादव एवं डॉ. किरण वर्मा कार्यरत हैं। वहीं अनुबंधित चिकित्सकों में डॉ. सुरेश कुमार वर्मा, डॉ. सूरज सोलंकी, डॉ. प्रिंस नामदेव और डॉ. रितिका सिसोदिया मरीजों की सेवा में समर्पित हैं।

**अब हर बीमारी का इलाज मंडलेश्वर में**

स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों के उपचार, दंत चिकित्सा, सामान्य रोगों के उपचार, शल्य चिकित्सा (सर्जरी) तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से अब मरीजों को छोटे-बड़े उपचार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों को उनके घर के समीप ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है तथा मरीजों को त्वरित उपचार मिल रहा है।गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ा लाभ स्वास्थ्य सेवाओं के इस विस्तार का सबसे अधिक लाभ गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को मिल रहा है। अब उन्हें इलाज के लिए बड़े शहरों में भटकना नहीं पड़ता। स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता से स्वास्थ्य सुविधाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक सुलभ और प्रभावी हुई हैं।

## पीजी कॉलेज में अंडर-19 रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट

**खरगोन।** शहर के पीजी कॉलेज में गुरुवार से जीएच रायसोनी स्मृति में तीन दिवसीय अंडर-१९ रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज होने जा रहा है। जिले में मप्र बैडमिंटन एसोसिएशन की सहमति से हो रही स्पर्धा को लेकर खिलाडि़ों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है। आयोजन समिति अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, सचिव अमित कौशल ने बताया पीजी कॉलेज के इंडोर हॉल में शाम ५ बजे उद्घाटन समारोह के साथ ही मैच शुरू होंगे। प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में सिंगल्स और डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। खरगोन डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन संरक्षक कैलाश अग्रवाल, परामर्शदाता देवेंद्र पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरजीत ठाकुर आदि ने बताया कि स्पर्धा को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विजेता खिलाडि़ों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। आयोजन समिति के प्रभात जोशी, केशव सिंह कुशवाह, पुष्पेंद्र गुप्ता, बसंत कर्नाटकी आदि उपस्थित थे।

## ग्राम पिंगलेश्वर में सामुदायिक कूप का सफल जीर्णोद्धार किया गया ग्रामीणों ने प्रस्तुत की जल संरक्षण की अनुकरणीय मिसाल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत उज्जैन की ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर में सामुदायिक भागीदारी की एक शानदार सफलता देखने को मिली है।ग्राम पंचायत की पूरी टीम, कमेटी स्टाफ तथा जागरूक ग्रामीणों ने मिलकर गांव के ऐतिहासिक एवं जीवनदायी सामुदायिक कूप (कुएँ) की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का सफल प्रयास किया है।इस प्रयास से वर्षों से उपेक्षित पड़ा यह जल-स्त्रोत अब पुनः अमृत समान जल प्रदान करने के लिए तैयार हो गया है।ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर की यह सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब शासन की दूरदर्शी योजना जल गंगा संवर्धन अभियान-२०२६ को जनपद पंचायत का मार्गदर्शन, ग्राम पंचायत की पूरी टीम, समर्पित स्टाफ और गांव के आम नागरिकों का सामूहिक सहयोग मिल जाता है तो इतिहास के सोए हुए जल स्त्रोत भी जाग उठते हैं।इस कार्य के तहत सामुदायिक कूप की सफाई, गाद निकालना, झाड़ियाँ हटाना एवं अन्य जीर्णोद्धार कार्य पूरे किए गए।ग्राम पंचायत सरपंच निकाली बाई के सहयोग से १.५ क्विंटल कार्य पूर्णता के साथ यह कार्य संपन्न हुआ। कुल स्वीकृत राशि ०.०४ लाख रुपये रही तथा कार्य की शुरूआत विगत ०१ मई २०२६ को हुई थी।जीर्णोद्धार से अनेक लाभ प्राप्त हुए हैं। जल क्षमता में वृद्धि हुई है जिससे वर्षा जल का बेहतर भंडारण संभव हो सकेगा। भूजल स्तर में सुधार हुआ है, स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बढ़ी है तथा कृषि एवं पशुपालन के लिए विश्वसनीय जल स्त्रोत तैयार हुआ है। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को निकटतम एवं सुरक्षित जल संग्रहण की सुविधा भी मिल गई है।इस अभियान में ग्रामीणों ने विशेष उत्साह दिखाया। सरपंच के नेतृत्व में स्थानीय महिलाओं एवं युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। कूप के चारों ओर की सफाई, जालीदार संरक्षण दीवार का निर्माण एवं आसपास के क्षेत्र को सुव्यवस्थित करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

## युवा संगम रोजगार मेले में 318 युवाओं का प्रारंभिक चयन

**उज्जैन।** शासन के निदेर्शानुसार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रतिमाह युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेले) का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, उज्जैन द्वारा किया जा रहा है। इसी तारतम्यता में दिनांक 10 जून को कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में युवा संगम का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) खाचरौद, जिला उज्जैन परिसर में किया गया।रोजगार मेले में 11 कंपनियों के 350 रिक्त पदों के लिए 508 युवक-युवतियों का पंजीयन किया गया, जिसमें से 318 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया। इसके साथ ही जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 140 आवेदकों को काउंसिलिंग कर उन्हें करियर मार्गदर्शन व परामर्श दिया गया। साथ ही आईटीआई के माध्यम से अप्रेंटिसशिप में 15 युवाओं का चयन किया गया।

# अध्यात्म और विज्ञान



मनुष्य की वास्तविक भूख रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने से नहीं मिटती, उल्टे वह मन में भ्रम और संशय पैदा कर देती है। मनुष्य की जिज्ञासा ने सदियों से संसार के रहस्यों को जानने का प्रयास किया है। इतिहास साक्षी है, हर युग का वैज्ञानिक अपने समय की धारणाओं को चुनौती देता रहा है। जो सिद्धांत कभी अटल माने जाते थे, वे बाद में बदल गए। लोग अपने समय के वैज्ञानिकों को महानतम बुद्धिजीवी मानते हैं, पर उनकी खोजें भी स्थायी नहीं रहतीं। दो-तीन सौ वर्षों बाद वही सिद्धांत पुराने और अपूर्ण लगने लगते हैं। यह भौतिक विज्ञान की स्वाभाविक विशेषता है। उसका मार्ग विश्लेषणात्मक है। वह चीजों को खंडित करके और परखकर सत्य तक पहुंचने के प्रयास करता है। इसलिए उसमें निर्माण और विनाश का क्रम चलता रहता है।

यहीं पर भौतिक और आध्यात्मिक दर्शन के बीच का मूल अंतर स्पष्ट होता है। भौतिक विज्ञान का दृष्टिकोण विश्लेषणात्मक है, आध्यात्मिक दर्शन का मार्ग समन्वय व एकत्व का है। वैज्ञानिक जब किसी पुराने सिद्धांत को गलत सिद्ध करता है, तो वह विज्ञान के स्वभाव के अनुरूप ही कार्य करता है। इस प्रक्रिया ने मानव जीवन को अनेक सुविधाएं दी हैं- चिकित्सा, तकनीक, संचार और आधुनिक जीवन की अनगिनत उपलब्धियां इसी संघर्ष और संशोधन का परिणाम हैं। जब दर्शन केवल तर्क का खेल बन जाता है, तब स्थिति बदल जाती है। कुछ दार्शनिक केवल तर्कों के जाल में उलझ जाते हैं। कभी वे पदार्थ व विचार के संबंध को समझने की कोशिश करते हैं, तो कभी कल्पना की अंधी गलियों में भटकने लगते हैं। ऐसे में, वे मनुष्य की वास्तविक भूख, यानी शरीर, मन और आत्मा की शांति को तृप्त नहीं कर पाते, उलटे संशय पैदा कर देते हैं। तांत्रिक परंपरा ने ऐसे तर्कप्रधान दर्शन को लोकव्यामोहकारक कहा है, अर्थात ऐसा विचार, जो लोगों के मन में भ्रम और मानसिक अशांति पैदा करे। केवल तर्क के सहारे जीवन का संपूर्ण सत्य नहीं पाया जा सकता। तर्क दिशा दे सकता है, पर अंतिम अनुभूति नहीं। इसके विपरीत आध्यात्मिक दर्शन का आधार एकत्व और अनुभव है। आध्यात्मिक साधक विभाजन नहीं, बल्कि समन्वय की ओर बढ़ता है।आध्यात्मिक पथ पर आगे बढ़ने वाले महापुरुष एक-दूसरे की अनुभूतियों को नष्ट नहीं करते। वे पूर्व अनुभवों को अस्वीकार करने के बजाय उनमें अपनी अनुभूति का प्रकाश जोड़ते हैं। जैसे अनेक दीपक मिलकर अधिक उजाला फैलाते हैं, वैसे ही आध्यात्मिक अनुभव एक-दूसरे को समृद्ध करते हैं। विज्ञान व अध्यात्म, दोनों मनुष्य के लिए जरूरी हैं। विज्ञान बाहरी संसार को समझने का साधन है, जबकि आध्यात्मिकता भीतर के संसार को जानने का मार्ग।

सम्पादकीय

## तृणमूल की टूट

तृणमूल कांग्रेस विधायक दल में विभाजन के बाद संसदीय दल में टूट की घटना दीवार पर लिखी एक ऐसी इबारत थी, जिसे कोई भी पढ़ सकता था। इसे सार्वजनिक करने के लिए बस उस दिन को चुना गया, जिस दिन पार्टी की मुखिया ममता बनर्जी ह्यइंडिया ब्लॉकह्न की बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली में थीं। तृणमूल का यह बिखराव एक राजनीतिक दल में टूट या दलबदल की घटना भर नहीं है, यह हमारी राजनीतिक संस्कृति पर एक निर्मम टिप्पणी भी है कि हमारे बहुत सारे जन-प्रतिनिधि अब सिद्धांतों से नहीं, सिर्फ सत्ता से संचालित होते हैं। चाहे वे दिल्ली की सत्ता से संचालित होते हों या राज्यों की राजधानियों में काबिज सत्ता से और इसके लिए कोई एक दल या पार्टी दोषी नहीं है; जिसे जहां मौका मिला, उसने वहीं राजनीतिक शुचिता और नैतिकता को उसी तरह ताक पर रखा, जैसे तृणमूल के विधायकों और सांसदों ने अभी रखा है। आखिर इसे कैसे जायज ठहराया जा सकता है कि जिस पार्टी के चुनाव-चिह्न पर चंद दिनों पहले जनादेश हासिल किया गया हो, उससे बगावत करके अलग सियासी समूह बना लिया जाए?

तृणमूल में हुई बगावत ने जिस पहलू को गहरे रेखांकित किया है, वह यह कि जिस दल को लंबे समय तक राजनीति करनी है, उसे आंतरिक लोकतंत्र को बढ़ावा देना ही होगा। दुर्योग से आज राष्ट्रीय पार्टियां हों या क्षेत्रीय, उनमें आंतरिक लोकतंत्र लगभग खत्म हो चुका है। असहमति रखने वालों को फौरन बागी समझ लिया जाता है और उसके साथ पार्टी के भीतर भेदभावपूर्ण व्यवहार शुरू हो जाता है। राष्ट्रीय पार्टियों में जहां आलाकमान संस्कृति ने पकड़ मजबूत बना ली है, तो वहीं क्षेत्रीय दल किसी जागीर की तरह चलाए जा रहे हैं। बहुमत की राय के बजाय ज्यादातर फैसले आलाकमान या पार्टी प्रमुख की पसंद से लिए जाते हैं। वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध लोगों का संगठन में सम्मान न होने के कारण ही सत्ता से हटते ही एक के बाद दूसरी पार्टियां अब बड़ी टूट की शिकार बन रही हैं। आम आदमी पार्टी के बाद अब तृणमूल में जो कुछ हो रहा है, उसके लिए ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी की कार्यशैली कुछ कम दोषी नहीं है। यह छिपी हुई बात नहीं है कि लोकप्रियता के सुनहरे दौर में उन्होंने पार्टी के प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं की सलाह को न सिर्फ नजरअंदाज किया, बल्कि नेतृत्व की भूमिका के लिए जमीनी कार्यकर्ताओं को तैयार करने के बजाय अपनी पसंद के लोगों को तृणमूल पर थोपा। आज जब उनमें से कई बागी गुट के साथ खड़े हैं, तो स्वाभाविक ही ममता के फैसलों पर सवाल उठाए जाएंगे। जिस समय तृणमूल कांग्रेस टूट रही थी, ठीक उसी समय मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के विधायकों को भोपाल से दूसरी जगह ले जाने की तैयारी की जा रही थी।

संदर्भः-सिपरी रिपोर्ट-2025

# भारत की बढ़ती परमाणु शक्ति

सिपरी यानी स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान की ताजा रिपोर्ट में भारत की बढ़ती परमाणु शक्ति को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार मोर्चे पर तैनात किए हैं। जबकि भारत के पास कुल परमाणु हथियारों की संख्या बढ़कर लगभग 190 हो गई हैं। भारत ने 2025 में सैन्य खर्च 92.1 अरब डॉलर किया है। इस कारण भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैनिक हथियारों पर खर्च करने वाला देश बन गया है। हथियार आयात करने में भी भारत दूसरे स्थान पर है। इस कड़ी में पहले नंबर पर अमेरिका, दूसरे पर रूस, तीसरे पर चीन, चैथे पर भारत और पांचवें पर पाकिस्तान हैं। दुनिया के पास कुल 12.187 परमाणु हथियार हैं। इनमें सबसे ज्यादा अमेरिका के पास 5042 हथियार हैं। सिपरी के अनुसार भारत लंबी दूरी के हथियारों की संख्या बढ़ा रहा हैं, ताकि पूरे चीन तक भारत की मारक क्षमता मजबूत हो जाए। भारत की प्रतिद्वंद्विता पाकिस्तान से भी है। भारत परमाणु डिलीवरी सिस्टम पर भी काम कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैन्य संघर्ष में भारत ने पहली बार साइबर मोर्चा भी खोल दिया था।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा बयान-बम फोड़ा था। विवादित बयानों को लेकर चर्चित ट्रंप ने दावा किया था कि चीन और पाकिस्तान गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण में लगे हैं। रूस और उत्तर कोरिया भी परमाणु परीक्षण कर अपने हथियारों की ताकत टटोल रहे हैं। ये देश कभी भी यह बात स्वीकारने को तैयार नहीं हैं कि वे परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। ये देश भूमि की बहुत गहराई में परीक्षण करते हैं। इसलिए इनके परीक्षण की आहट किसी के कानों में नहीं गूंजती है। इन देशों के लोग खुले समाज के हिस्सा नहीं हैं, अतएव यहां की जानकारियां गोपनीय बनी रहती हैं। यह बात ट्रंप को इसलिए कहनी पड़ी, क्योंकि अमेरिका 30 साल बाद अपने परमाणु हथियारों का परीक्षण फिर से करने का फैसला ले चुका है। इसलिए उन्होंने अपनी सरकार के फैसले को पाक और चीन के परीक्षणों के परिप्रेक्ष्य में तार्किक ठहराने के लिए कही है। यह बात ट्रंप ने न्यूज चैनल सीबीएस से बात करते हुए कही थी।

दरअसल रूस द्वारा ट्रंप से पूछा गया था कि क्या वे एडवांस न्यूक्लियर-कैपेबल सिस्टम, जिसके द्वारा पोसाइडन अंडरवाटर ड्रोन गतिविधि शामिल है, उसके परीक्षण के बाद परमाणु हथियारों का परीक्षण भी करेंगे ? इसके उत्तर में ट्रंप ने कहा था, उनके पास किसी भी दूसरे देश से अधिक परमाणु हथियार हैं। इन हथियारों से दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है। हम इन्हें नहीं परखते। किंतु जब दूसरे देश परीक्षण कर रहे हैं, तब हमें भी करने की जरूरत है।याद रहे, ट्रंप ने दक्षिण कोरिया के बुसान नगर में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करने से पहले अमेरिका द्वारा परमाणु परीक्षणों को फिर से शुरू करने का बयान दिया था। पानी के भीतर पोसाइडन ड्रोन प्रणाली एक ऐसी तकनीक है, जिसमें रोबोटिक वाहन पानी के नीचे सक्रिय रहते हैं। ये स्वायत्त रूप से संचालित रहने के साथ इन्हें रिमोट के जरिए दूर से भी संचालित किया जा सकता है। ये ड्रोन पनडुब्बी वाहनों के समान होते हैं, जो बिना किसी मानव के पानी के नीचे संचालन और अनुसंधान के लिए होते हैं।

किसी भी परमाणु हथियार संपन्न देश को परमाणु परीक्षण की जरूरत इसलिए होती है, क्योंकि परमाणु बम के लिए जरूरी यूरेनियम को संवर्धन (एनरिच) करना होता है। यह प्रक्रिया एक तकनीकी परीक्षण है। परमाणु परीक्षण की घोशणा किसी भी देश की ऐसी यौद्धिक रणनीति का हिस्सा है, जिससे वह शत्रु देश को अपनी ताकत का अहसास कराता है। भारत ने 1998 के बाद कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। अब चीन और पाक द्वारा गोपनीय रूप में परमाणु परीक्षण की बात सामने आई है। अतएव इन देशों से भारत को परमाणु हमले का खतरा बढ़ गया है। इसलिए भारत को भी अपनी परमाणु हथियार दागने की तकनीक का परीक्षण करना जरूरी हो गया है। हालांकि भारत का सिद्धांत पहले परमाणु हमला नहीं करने का रहा है। लेकिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कह चुके हैं कि अब हम इस वचन के पालन के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं। पहले भी हमला कर सकते हैं। वैसे भी भारत ने अब तक परमाणु परीक्षणों को प्रतिबंधित करने वाली संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। शायद इसीलिए टंज्प को कहना पड़ा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के विरुद्ध भारत परमाणु हमले के लिए तत्पर था। इस कारण पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मुझसे निवेदन किया था कि आप बीच में आकर युद्ध रोकें, वरना पाक में लाखों लोग मारे जाएंगे।

बहरहाल, ट्रंप के किसी भी दावे की पुष्टि भारत नहीं करता है। लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि दुनिया के कई देश न केवल परमाणु परीक्षण करने में लगे हैं, बल्कि घातक परमाणु हथियारों को इकट्ठा करने की होड़ में भी लगे हैं। स्टॉकहोम स्थित अंतरराष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान (एसआईआरआई) के एक अध्ययन ने दावा किया है कि चीन के पास 350, पाकिस्तान 165 और भारत के पास जनवरी 2021 तक 156 परमाणु हथियार मौजूद थे। हालांकि ताजा रिपोर्ट के अनुसार सभी देशों ने अपने परमाणु हथियारों की संख्या में वृद्धि कर ली है। ऐसा लगता है कि ये तीनों पड़ोसी देश अपने परमाणु शस्त्रगारों का विस्तार कर रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक इस समय 12,187 परमाणु हथियार दुनिया के देशों के पास हैं। इनमें 90 प्रतिशत से ज्यादा रूस और अमेरिका के पास हैं। इनके अलावा ब्रिटेन, फ्रांस, इजराइल और उत्तर कोरिया के पास भी हथियारों का बड़ा जखीरा है। चीन परमाणु हथियारों की संख्या के बढ़ाने के साथ उनका तकनीकी रूप से आधुनिकीकरण भी कर रहा है। सऊदी अरब, मिश्र, भारत, आस्ट्रेलिया और चीन ने 2016 से 2020 के बीच सबसे ज्यादा हथियार आयात किए हैं। ट्रंप तो सरेआम कह रहे हैं कि उनके पास दुनिया को 150 बार तहस-नहस करने की परमाणु क्षमता है। यानी दुनिया परमाणु युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। अमेरिकी गुप्तचर संस्था सीआईए के पूर्व वरिश्ठ खुफिया अधिकारी केविन हलबर्ट की बात मानें तो पाकिस्तान दुनिया के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक देशों में से एक है। पाकिस्तान की यह खुंखार और डरावनी सूरत इसलिए बन गई है, क्योंकि तीन तरह के जोखिम इस देश में खतरनाक ढंग से बढ़ रहे हैं। एक आतंकवाद, दूसरे ढह रही अर्थव्यवस्था और तीसरे परमाणु हथियारों का जरूरत से ज्यादा भंडारण। आर्थिक संकट के ऐसी ही बद्तर हालात से उत्तर कोरिया जूझ रहा है।

## परिंदा और दरिंदा

हल्की-हल्की बारीश के बीच नामपल्ली के चौराहे पर उस्मान भाई के होटल की उस पाया-टूटी बेंच पर बैठकर जब मैं अमजद भाई और उनकी बेगम शकीला का वो पूरा माजरा देख रहा था, तो कसम खुदा की, मेरे कलेजे में एक अजीब सा हौल उठ गया था। लगा कि इस बैंगन की मेरी दुनिया में कोई एक मर्द तो मिला जिसके गुर्दे में सच बोलने का दम है, जिसने जमाने की परवाह किए बिना अपनी रूह की आवाज सुनी। अमजद भाई ने जो बात बोली थी, वो सीधे सीने को चीरती हुई आर-पार हो गई थी, मानो किसी ने जलते हुए कोयले पर ठंडे पानी के छींटे मार दिए हों। पर मियाँ, ये हमारा मुल्क है, यहाँ सच का तमाशा देखने सब जमा हो जाते हैं, लेकिन जब उसी सच की हिफाजत करने की बारी आती है, तो सब अपने-अपने घरों के किवाड़ बंद कर लेते हैं। यहाँ सच को जितनी जल्दी लोग 'किरकिरी' करके तालियों के शोर में आसमान पर चढ़ाते हैं, उतनी ही जल्दी उसे सियासत की सूली पर भी लटका देते हैं।

खैर, अमजद भाई के उस फैसले के बाद शकीला भाभी का वो काली चादर का साया तो हमेशा के लिए छूट गया, मानो किसी परिंदे को जिंदगी भर के पिंजरे से रिहाई मिल गई हो। वो खुले सर, कजरारे नैनों में थोड़ी सी झिझक और ढेर सारी शर्म लिए राशन की दुकान से लेकर तरकारी मंडी तक दिखने लगीं, जहाँ उनकी खुली जुल्फें हवा में आजादी का कसीदा पढ़ती थीं। शुरूआत में तो मोहल्ले के रऊडीशीटरों ने आँखें तरेरीं, बुढ़ियों की कानाफूसी का बाजार गर्म हुआ। नौजवानों की नजरों में आवारागर्दी की नई चमक दिखाई देने लगी। पर धीरे-धीरे लोगों ने इसे अमजद भाई का भेजा सरक गया है सोचकर हजम कर लिया, क्योंकि इस शहर में लोग हर रोज एक नया तमाशा देखते हैं और पुराने को भूल जाते हैं। हमारे इलाके के बड़े नेता जी, जिन्हें लोग 'छोटे नेता जी' कहते थे क्योंकि बड़े वाले तो सीधे मलाई डकारते थे, वो हाथ जोड़े, कड़क इस्त्री का कुर्ता चमकाते हुए हमारी तंग गली में पधारे।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11 जून 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:36 सूर्यास्त 19:07
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - एकादशी 22:36 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - रेवती 08:13 उपरांत अश्विनी
योग - शोभन 25:00 उपरांत अतिगंड
करण - बव
चन्द्रमा - मीन में है। 08:16 पर मेष में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 24 तारिख

**मेष-** आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**वृषभ-** थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। संतान से कष्ट रहेगा।

**मिथुन-** यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी।

**कर्क-** स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी।

**सिंह-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या-** अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें।

**तुला-** वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक-** यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। अतः उसका परित्याग करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। राजकीय बाधा दूर होगी।

**धनु-** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है।

**मकर-** अचानक धन की प्राप्ति के योग हैं। राजकीय काम बनेंगे। चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**कुंभ-** व्यवसाय ठीक चलेगा। कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**मीन-** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें।

सरोकार

## सरकारी संजीवनी क्लीनिक में फर्जी डॉक्टरः इनका हो ईलाज

यह सर्वज्ञात सत्य है कि सरकारी अस्पतालों और क्लीनिक में गरीब लोग ही बीमार पड़ने पर ईलाज के लिए जाते हैं। कुछ समय पहले मध्यप्रदेश में सरकारी संजीवनी क्लीनिक खोले गए हैं। यदि इन सरकारी क्लीनिक में डॉक्टर ही फर्जी हो तो मरीज का तो भगवान ही मालिक है! ऐसा ही मामला मध्यप्रदेश में आया है, जिसमें कुछ फर्जी डॉक्टरों ने फर्जी डिग्री, फर्जी मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन या दूसरे डॉक्टरों के पंजीयन नम्बर के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल कर ली। कुछ ने दूसरे डॉक्टर का रजिस्ट्रेशन नम्बर इस्तेमाल कर लिया तो किसी का पंजीयन नम्बर मेडिकल काउंसिल के रिकॉर्ड में ही मौजूद नहीं मिला। यह एक सामान्य परिपाटी है कि सरकारी क्लीनिक हो या ऑफिस हो, उसमें किसी भी पद पर किसी का चयन होता है तो ज्वाईनिंग के समय उनके रिकॉर्ड का सत्यापन किया जाता है। किन्तु यहां सत्यापन ही सही तरीके से नहीं किया गया या जानबूझकर अनदेखा किया गया !



डॉ. चन्दर सोनाने
(दैनिक अवन्तिका)

सरकारी संजीवनी क्लिनिक में कुछ फर्जी डॉक्टरों के उदाहरण यहाँ प्रस्तुत है, जिसे देखकर आश्चर्य और दुख होता है। डॉक्टरी पेशे को ऐसे लोगों ने कलंकित कर दिया है। विदिशा के गंज बासौदा में पदस्थ मुकेश जाटव ने डॉ. कुशवेन्द्र सिंह का पंजीयन नम्बर इस्तेमाल कर लिया। मार्कशीट में एक ही फॉन्ट का उपयोग पाया गया है। जाँच में रजिस्ट्रेशन और मार्कशीट फोटोशॉप से तैयार होना पाया गया। इसी प्रकार आकाश चन्देलकर शिवपुरी में पदस्थ थे। इनके दस्तावेजों की जाँच में पंजीयन नम्बर का जो उपयोग किया गया वह रिकॉर्ड में मिला ही नहीं। बुद्धमान भिंड में नियुक्त किए गए। जाँच में एमसीआई पंजीयन फर्जी मिला। इसी प्रकार ओंकार सिंह गुर्जर मुरैना में पदस्थ थे। जाँच में इनकी डिग्री और रजिस्ट्रेशन में एमबीबीएस पास होने का साल 2022 लिखा था, जबकि मार्कशीट और इन्टर्नशिप रिकॉर्ड में 2018-19 पाई गई। जाँच में डिग्री परीक्षा पास करने से 2 साल पहले जारी होना पाई गई। डेढ़ माह की इन्टर्नशिप को 1 वर्ष की जरूरी रोटेटरी इन्टर्नशिप बताया गया। इसी तरह मुरैना के ही हरेन्द्र सिंह दिनकर की मार्कशीट में विषयवार अंकों का योग और कुल अंक ही मेल नहीं खा रहे। मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन का कोई रिकॉर्ड ही नहीं पाया गया।

इसी प्रकार बैतूल के संजीवनी क्लीनिक में पदस्थ मोनिका सोनी के दस्तावेजो में एमसीआई पंजीयन क्रमांक उनके नाम पर दशार्या गया, जबकि यह नम्बर डॉ. विभा खुराना का है। गंजबासौदा में पदस्थ मुकेश कुमार ने डॉ. सचिन शिंदे का एमसीआई पंजीयन इस्तेमाल किया। इन महाशय के रजिस्ट्रेशन और मार्कशीट दोनों एआई की मदद से तैयार होना पाया गया। शिवपुरी में पदस्थ मोहर सिंह का एमबीबीएस में पास होना नवम्बर-दिसम्बर 2018 में बताया गया। डिग्री 20 जनवरी 2018 की जारी दिखाई दी। अर्थात परीक्षा से 10 महीने पहले इनका पास होना पाया गया। इनका रजिस्ट्रेशन नम्बर और कोई रिकॉर्ड ही नहीं पाया गया।

उक्त फर्जी डॉक्टर किस तरह से उनके यहाँ आए मरीजों का इलाज करते थे, इसका भी खुलासा हुआ है। दमोह के सरकारी संजीवनी क्लीनिक की दीवार पर तीन तरह के पर्चे चिपके हुए मिले। इन पर्चों में वजन के हिसाब से बुखार, सर्दी, खाँसी आदि की डोज लिखी पाई गई। हर बीमारी में एक ही तरह की दवा दी जा रही थी। क्लीनिक की दीवार पर चिपके पर्चों में पैरासिटामोल, एमोक्सीसिलिन और सिट्राजिन जैसी दवाईयों का डोज उम्र और वजन के हिसाब लिखी हुई थी। यहाँ पदस्थ फर्जी डॉक्टर सचिन यादव इन्हीं पर्चों को देकर मरीजों का ईलाज करता था। फर्जी डॉक्टरों के विरूद्ध मध्यप्रदेश में जो जाँच की गई। उसकी भनक मिलने पर कुछ डॉक्टर इस्तीफा देकर चले गए और कुछ डॉक्टरों ने क्लीनिक आना ही बंद कर दिया।

# काकरोचः जीवविज्ञान से जीवन-दर्शन तक

प्रकृति कभी-कभी ऐसे जीवों की रचना करती है जो प्रारम्भ में प्रयोगशाला में अध्ययन का विषय होते हैं, पर समय के साथ समाज में प्रतीक बन जाते हैं। काकरोच ऐसा ही कीट-वर्ग का एक जीव है। पृथ्वी पर करोड़ों वर्षों से अपना अस्तित्व बनाए रखने वाला यह प्राणी डायनासोरों से भी पहले का यात्री माना जाता है। उसने जलवायु परिवर्तन देखे, भूगर्भीय उथल-पुथल देखी, सभ्यताओं को जन्म लेते और विलुप्त होते देखा; और आज भी वह हमारे घरों, प्रयोगशालाओं और कल्पनाओं में उपस्थित है।



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

जीवविज्ञान की दृष्टि से काकरोच कोई असाधारण शक्ति वाला जीव नहीं है। वह न सबसे तेज है, न सबसे शक्तिशाली और न ही सबसे बुद्धिमान। उसकी सबसे बड़ी विशेषता है-अनुकूलन क्षमता। सीमित संसाधनों में जीवित रहना, बदलती परिस्थितियों के अनुसार व्यवहार बदलना, जोखिम को पहचानना और अवसर मिलते ही पुनः सक्रिय हो जाना।यही उसकी जैविक सफलता का आधार है। यहीं से जीवविज्ञान धीरे-धीरे जीवन-दर्शन में बदलने लगता है।

विडंबना यह है कि जिस जीव को भारतीय गृहस्थी ने सदियों तक झाड़ू, चप्पल और कीटनाशकों के संयुक्त अभियान से नियंत्रित करने तथा घर से बाहर ढकलने का प्रयास किया, वही आज डिजिटल संस्कृति में रूपक बनकर लौट रहा है। सोशल मीडिया के युग में काकरोच केवल एक कीट नहीं रहा; वह कभी मीम है, कभी विचार, कभी रणनीति और कभी जीवन-प्रबंधन का प्रतीक।

आज के समय में कुछ लोग कहते दिखाई देते हैं कि सफल वही है जो हर परिस्थिति में स्वयं को बचा ले। सिद्धांतों से समझौता करना पड़े तो कर लो, माहौल बदल जाए तो उसके अनुसार ढल जाओ, प्रश्न कठिन हो जाएँ तो दिशा बदल लो। इस मानसिकता को यदि किसी जीव में खोजा जाए, तो काकरोच उसका सहज प्रतीक बन जाता है और यहीं से जन्म लेता है शकाकरोच दर्शन। कुछ लोग इस दर्शन को सोशल मीडिया पर जन्मी ह्यकाकरोच जनता पार्टी से उपजा मानते हैं, जिसका न कोई पंजीकरण है, न संविधान, न कोई चुनाव-चिह्न और न ही कोई झंडा।

इसके समर्थक इसे व्यवहारिक बुद्धिमत्ता कहते हैं, जबकि आलोचक इसे अवसरवाद का परिष्कृत रूप मानते हैं। लेकिन इसकी बढ़ती लोकप्रियता को केवल नैतिक पतन कहकर समझा नहीं जा सकता। यह भी समझना होगा कि इसके पीछे कहीं युवा मन की समय के साथ बढ़ती वास्तविक बेचैनियाँ तो नहीं हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि आज का युवा अनेक समस्याओं के सामने खड़ा है और कई प्रश्नों के उत्तर खोज रहा है, जैसे-क्या केवल परिश्रम पर्याप्त है? क्या प्रवेश और रोजगार देने वाली संस्थाएँ निष्पक्ष हैं? क्या योग्यता और अवसर वास्तव में एक-दूसरे से मिलते हैं? क्या आदर्शों पर टिके रहना हमेशा लाभकारी होता है? आदि।

जब युवाओं को लगता है कि व्यवस्था धीमी है, परिवर्तन कठिन है और परिणाम अनिश्चित हैं; तथा घर से लेकर समाज तक कहीं भी उनका तिरस्कार हो सकता है, उनका उपहास किया जा सकता है,तब वे संघर्ष से पहले अस्तित्व को चुनने लगते हैं। यही वह मनोवैज्ञानिक भूमि है जहाँ वास्तव में काकरोच दर्शन अंकुरित होता है।

इस दर्शन का पहला सिद्धांत है-अनुकूलन की चरम क्षमता, अर्थात परिस्थितियाँ बदलें तो स्वयं को बदल लो। विचार, भाषा, संबंध और प्राथमिकताएँ आदि सब कुछ परिस्थितिजन्य हो सकता है। समर्थक इसे लचीलापन कहते हैं; आलोचक इसे वैचारिक अस्थिरता। दूसरा सिद्धांत है-रणनीतिक उपस्थिति। काकरोच हर समय दृश्यमान नहीं रहता। वह प्रतीक्षा करता है, छिपता है, अवसर पहचानता है और फिर सक्रिय हो जाता है।

11 जून जयन्ती पर विशेष

# स्वाधीनता संग्राम में अमर नाम है राम प्रसाद बिस्मिल का

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में वैचारिक चेतना और सशस्त्र क्रांति का एक ऐसा अनूठा संगम देखने को मिलता है जिसने दमनकारी ब्रिटिश सत्ता की नींव हिलाकर रख दी थी। इस अद्वितीय संगम के सबसे प्रखर प्रतीक पुरुष थे अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल। वे केवल एक निर्भीक सेनानी ही नहीं थे बल्कि एक संवेदनशील कवि, लेखक, अनुवादक और बहुभाषाविद भी थे। उनकी कलम से निकले शब्द जहाँ युवाओं के भीतर देशभक्ति की ज्वाला धधका देते थे, वहीं उनके हाथों में थमी पिस्तौल विदेशी शासकों के मन में भय का संचार करती थी। कलम और पिस्तौल का ऐसा अद्भुत संतुलन इतिहास में विरला ही देखने को मिलता है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति हंसते-हंसते दे दी और आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रवाद का एक ऐसा अनुपम आदर्श स्थापित किया जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है।



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

इस महान क्रांतिकारी का जन्म 11 जून 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर नामक नगर में हुआ था। उनके पिता मुरलीधर एक साधारण और स्वाभिमानी व्यक्ति थे जबकि उनकी माता मूलमती धार्मिक और दृढ़ संकल्प वाली महिला थीं। बिस्मिल के व्यक्तित्व के निर्माण में उनकी माता का प्रभाव सबसे गहरा था जिन्होंने उन्हें सदा सत्य और देशप्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। बचपन में उनकी शिक्षा-दीक्षा स्थानीय स्तर पर हुई जहाँ उन्होंने हिंदी, उर्दू और संस्कृत भाषाओं का गहन अध्ययन किया। वे उर्दू में बिस्मिल उपनाम से कविताएँ लिखते थे जबकि हिंदी में राम और अज्ञात के नाम से उनकी रचनाएँ प्रकाशित होती थीं। किशोरावस्था में स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों और आर्य समाज के सिद्धांतों ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी जिससे उनके भीतर अनुशासन और राष्ट्र सेवा का संकल्प और अधिक सुदृढ़ हो गया।

देश की पराधीनता और देशवासियों पर होने वाले अत्याचारों ने उन्हें सक्रिय क्रांति के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए विवश कर दिया। वर्ष 1918 में उन्होंने मैनपुरी षड्यंत्र के माध्यम से ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी जहाँ उन्होंने युवाओं का एक दल बनाकर देशभक्ति साहित्य का वितरण किया। इसके बाद वे स्वतंत्रता आंदोलन को एक अधिक संगठित और राष्ट्रव्यापी रूप देने के प्रयास में जुट गए। इसी उद्देश्य से उन्होंने अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिलकर हिंदुस्तान गणतंत्र संघ नामक एक शक्तिशाली क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की। इस संगठन का मुख्य लक्ष्य भारत को पूर्ण स्वतंत्रता दिलाना और एक लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना करना था। बिस्मिल इस संगठन के मुख्य रणनीतिकार और सेनापति थे। उनके नेतृत्व में चंद्रशेखर आजाद और अशफाक उल्ला खाँ जैसे महान क्रांतिकारियों ने अपनी देशभक्ति का पाठ सीखा।

क्रांतिकारी गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने और अस्त्र-शस्त्र खरीदने के लिए धन की अत्यधिक आवश्यकता थी। विदेशी सरकार से धन मांगना असंभव था और देश की गरीब जनता को लूटना क्रांतिकारियों के सिद्धांतों के विरुद्ध था। इसलिए बिस्मिल ने अंग्रेजी सरकार का खजाना लूटने की एक अत्यंत साहसिक योजना बनाई। 9 अगस्त 1925 को उनके कुशल नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने लखनऊ के समीप काकोरी नामक स्थान पर सहारनपुर से लखनऊ जा रही एक यात्री रेलगाड़ी को रोककर सरकारी खजाने को अपने नियंत्रण में ले लिया। इस ऐतिहासिक घटना को काकोरी कांड के नाम से जाना जाता है। इस घटना ने ब्रिटिश साम्राज्य को भीतर तक झकझोर दिया और सरकार ने क्रांतिकारियों को पकड़ने के लिए अपनी पूरी शक्ति झोंक दी। व्यापक धरपकड़ के बाद बिस्मिल सहित कई प्रमुख क्रांतिकारियों को बंदी बना लिया गया।

कारागार की चारदीवारों के भीतर भी बिस्मिल का हौसला तनिक भी कम नहीं हुआ। उन्होंने बंदीगृह को ही अपनी साधना स्थली बना लिया और वहाँ रहते हुए प्रचुर मात्रा में उत्कृष्ट साहित्य की रचना की। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध आत्मकथा वहीं लिखी जो आज भी भारतीय क्रांतिकारी साहित्य का एक अनमोल रत्न मानी जाती है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कई विदेशी क्रांतिकारी ग्रंथों का हिंदी में अनुवाद किया और अनेक प्रेरणादायक गीतों की रचना की। कारागार में रहते हुए उन्होंने अपने देशवासियों और विशेष रूप से युवाओं के नाम कई संदेश भेजे जिसमें उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने पर बल दिया।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेंर्ड- 1,46,800 रवा- 1,46,600 चांदी- टंच- 2,36,500 पाट- 2,35,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com


सुसनेर गोलीकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर प्रदर्शन

## गुर्जर समाज ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग

**आगर मालवा।** आगर मालवा के सुसनेर में हुए गोलीकांड के नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज गुर्जर समाज ने बुधवार को सुसनेर थाने पर प्रदर्शन किया। समाजजनों ने नारेबाजी करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों ने बाद में एसडीओपी देवनारायण यादव को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि 5 मई को मगरिया निवासी 50 वर्षीय धापूबाई अपने पुत्र विष्णु गुर्जर के साथ बाइक से घर लौट रही थीं। मगीशपुर रोड के पास दो बाइकों पर सवार अज्ञात युवकों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से धापूबाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें राहगीरों की मदद से सिविल अस्पताल सुसनेर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की थी। फरियादी के बयान के आधार पर चार आरोपियों की पहचान कर उन्हें नामजद किया गया है। हालांकि, अब तक उनकी गिरफ्तारी न होने से समाज में आक्रोश व्याप्त है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उनका कहना था कि मामले में देरी होने से पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पा रहा है। इस प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग मौजूद थे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुसनेर थाने के साथ नलखेड़ा और सोयत थाना प्रभारी भी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। पुलिस अधिकारियों ने समाजजनों को निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## अतिक्रमण हटाने 5 दिन की मोहलत, प्रशासन ने दिए निर्देश, दो दिन पहले हुआ था विवाद



**बदनावर।** बदनावर कृषि उपज मंडी परिसर में अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। मंडी में किसानों की सुविधा और आवागमन सुचारु रखने के लिए बने प्लेटफॉर्मों पर कुछ व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है। इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए संबंधित व्यापारियों को पांच दिन की मोहलत दी गई है। यह निर्णय दो दिन पहले मंडी परिसर में अतिक्रमण हटाने को लेकर मंडी कर्मचारियों और व्यापारियों के बीच हुए विवाद के बाद आया है। उस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और हंगामा हुआ था, जिससे यह मामला चर्चा में आ गया था। मंडी प्रशासक एवं एसडीएम प्रियंका मिमरोट और मंडी सचिव रियाज अहमद खान ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाने वाले व्यापारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सब्जी मंडी क्षेत्र में भी किए गए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। मंडी अधिकारियों ने लाइसेंस नवीनीकरण के मुद्दे पर कहा कि पात्र व्यापारियों के लाइसेंस नियमानुसार प्रक्रिया के तहत नवीनीकृत किए जाएंगे। मंडी प्रशासन ने यह भी दोहराया कि किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है, और इसके लिए मंडी परिसर में अवैध कब्जे या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। मंडी सचिव रियाज अहमद खान ने बताया कि कुछ व्यापारियों की उपज अभी शेड में रखी है, इसलिए उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए पांच दिन का समय दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि समय सीमा समाप्त होने के बाद मंडी प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा।

## मोहन बड़ोदिया में पेयजल समस्या पर ग्रामीणों का धरना, तहसीलदार को ज्ञापन



**मोहन बड़ोदिया।** शाजापुर के मोहन बड़ोदिया में बुधवार सुबह ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर नलखेड़ा रोड पर धरना प्रदर्शन किया। सुबह करीब 10:30 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। उन्होंने कुण्डलिया डेम पेयजल परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग उठाई। लगभग 45 मिनट तक चले धरने के बाद जल निगम अधिकारियों के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही जल निगम के महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि नलों में पर्याप्त दबाव और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। महाप्रबंधक ने बताया कि गांव के आधे हिस्से को नई बड़ी टंकी से और शेष हिस्से को मुख्य टंकी से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है, जिससे पानी की समस्या का समाधान होगा।

दैनिक अवन्तिका
अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है
बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।
सम्पर्क करें
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

# भक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम बना मोड़ी का भव्य झंडा सम्मेलन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



समीपस्थ ग्राम मोड़ी में श्री बालाजी धाम आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य झंडा सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति, अनुशासन और सेवा भावना के साथ संपन्न हुआ। मध्यप्रदेश एवं राजस्थान से आई झंडा और भजन मंडलियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से आयोजन को यादगार बना दिया। देर रात तक पूरा गांव धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। गांव की गलियां, मोहल्ले और प्रमुख चौराहे श्रद्धालुओं और अतिथियों के स्वागत में सजे नजर आए।

कार्यक्रम की शुरूआत बालाजी धाम में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुई। इसके बाद मोहना द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। आयोजन समिति ने पूरे कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन किया तथा श्रद्धालुओं के लिए भोजन महाप्रसादी की विशेष व्यवस्था की। सम्मेलन में शामिल मंडलियों ने झंडा संचालन, भजन गायन, पारंपरिक वेशभूषा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अनुशासित प्रदर्शन से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

राजस्थान और मध्यप्रदेश से आई मंडलियों ने अपनी-अपनी धार्मिक परंपराओं के अनुरूप प्रस्तुतियां दीं। कहीं बजरंगबली के ओजस्वी भजन गूंजे तो कहीं भक्तिमय नृत्य और सामूहिक भजन गायन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। झंडा संचालन की कलात्मक शैली और सामूहिक समन्वय आयोजन का विशेष आकर्षण रहा।

### उज्जैन की टीम बनी आकर्षण का केंद्र

सम्मेलन का सबसे बड़ा आकर्षण उज्जैन की टीम द्वारा प्रस्तुत साक्षात बजरंगबली का विशाल और भव्य स्वरूप रहा। दिव्य वेशभूषा और भावपूर्ण अभिनय ने ऐसा वातावरण निर्मित किया कि पूरा परिसर जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोषों से गूंज उठा। श्रद्धालु देर तक इस प्रस्तुति के दर्शन कर भावविभोर होते रहे।

भजन प्रस्तुतियों के दौरान ह्लआज मोड़ी में श्रीराम उतर आए हैंह्व भजन ने विशेष रूप से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस भजन के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। बाहर से आई मंडलियों ने ग्राम मोड़ी की व्यवस्थाओं, ग्रामीणों के सेवा भाव और आत्मीय स्वागत की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां का अनुशासन, समर्पण और आतिथ्य दुर्लभ एवं प्रेरणादायी है।

### गांवभर में हुई सेवा और स्वागत की व्यवस्था

आयोजन के दौरान विभिन्न मोहल्लों और स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, चाय, पोहा, खीर तथा बैठने की व्यवस्था की गई। मीणा मोहल्ला में शीतल रस, चौकी नाका पर चाय, चौधरी मोहल्ला में पोहे, श्रीराम मोहल्ला में भजन मंच, खीर एवं शीतल जल, महेश राठौर के यहां चाय, सेन एवं सोनी गली में पोहा तथा टावर और भील मोहल्ला में जलपान की व्यवस्था की गई। भोजन महाप्रसादी पूरे आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे

प्रथम स्थान:मोहिनी, माचलपुर 5,100
द्वितीय स्थान : खेरना खच्चर 4,100
तृतीय स्थान:फतेहगढ़ (राज.) 3,100
चतुर्थ स्थान : बड़ा गांव 2,100
पंचम स्थान (संयुक्त) : गोविंदपुरा (नलखेड़ा) एवं मैनपुर 1,100- 1,100

समापन अवसर पर आयोजन समिति ने सभी ग्रामीणों, समाजजनों, स्वयंसेवकों, दानदाताओं, अतिथियों, निर्णायकों और बाहर से पधारी मंडलियों का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा कि ग्रामवासियों के तन, मन और धन से मिले सहयोग तथा सामूहिक सहभागिता के कारण ही यह आयोजन ऐतिहासिक सफलता प्राप्त कर सका। मोड़ी का यह भव्य झंडा सम्मेलन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सेवा परंपरा का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ गया।

### इन मंडलियों ने मारी बाजी

झंडा सम्मेलन में भाग लेने वाली मंडलियों का मूल्यांकन झंडा संचालन, अनुशासन, समयबद्धता, भजन प्रस्तुति, वेशभूषा, सांस्कृतिक प्रदर्शन, गायन, वादन और नृत्य के आधार पर किया गया।

अतिक्रमण पर कार्रवाई होगी, 35 व्यापारियों को नोटिस

# मुख्य चौराहों और बाजारों में जाम, प्रशासन ने दिया तीन दिन का समय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ अकोदिया



अकोदिया नगर परिषद ने बढ़ते अतिक्रमण और बिगड़ती यातायात व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाया है। परिषद ने मंगलवार को 35 व्यापारियों और होटल संचालकों को नोटिस जारी कर तीन दिन में अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। निर्धारित अवधि के बाद नगर परिषद और प्रशासन की संयुक्त टीम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी।

नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है। विशेष रूप से रेलवे स्टेशन मार्ग, बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौराहा, परशुराम चौराहा, थाना रोड और हार्डवेयर बाजार क्षेत्र में शाम के समय यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### इसलिए लग रहा जाम

स्थायी और अस्थायी व्यापारियों द्वारा दुकानों का सामान सड़क तक फैलाकर रखा जाता है। हार्डवेयर व्यवसायी लोहे के एंगल, सरिया और अन्य सामग्री सड़क किनारे रखते हैं, जिससे सड़कें संकरी हो जाती हैं। इसके अतिरिक्त, कई दुकानों के सामने बड़े वाहनों से सीमेंट, सरिया और किराना सामग्री उतारने के दौरान भी लंबा जाम लग जाता है। कई छोटे व्यापारी सड़क के बीचों-बीच फल और फास्ट फूड के ठेले लगाकर व्यवसाय करते हैं, जिससे दोपहिया और चार पहिया वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। नगरवासियों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

बस स्टैंड क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण होटल और दुकानों के सामने वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे बस चालकों और यात्रियों को असुविधा होती है। थाना रोड क्षेत्र में सड़क पर पड़ी बालू और निर्माण सामग्री भी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

### तीन दिन का समय दिया

नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) राजेश सेन ने बताया कि नगर में अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लिया गया है। 35 व्यापारियों और होटल संचालकों को नोटिस देकर तीन दिन की मोहलत दी गई है। समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की व्यापक कार्रवाई की जाएगी। बस संचालकों को नोटिस जारी कर तीन दिन में अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है।।

50,146 राशन हितग्राहियों की ईकेवाईसी के निर्देश

## सीहोर कलेक्टर ने 30 जून तक दोबारा कराने को कहा

**सीहोर।** सीहोर जिले में राशन हितग्राहियों के लिए ईकेवाईसी को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए हैं कि जिले के 50 हजार 146 राशन हितग्राही 30 जून 2026 तक अपनी ईकेवाईसी दोबारा कराएं। यह प्रक्रिया उन सभी हितग्राहियों के लिए अनिवार्य होगी, जिनकी अंतिम ईकेवाईसी वर्ष 2021 से पहले हुई थी। निर्धारित समयसीमा में ईकेवाईसी पूरी कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

खाद्य विभाग के अनुसार जिले में ऐसे 50,146 हितग्राही चिन्हित किए गए हैं, जिनकी ईकेवाईसी पांच वर्ष या उससे अधिक समय पहले हुई थी। शासन के निर्देशों के तहत अब इन सभी हितग्राहियों का पुनः सत्यापन किया जाएगा, ताकि पात्र और अपात्र हितग्राहियों की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। हितग्राहियों की ईकेवाईसी पीओएस मशीन और फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के माध्यम से की जाएगी। इससे पहचान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सटीक बनेगी। विभाग ने सभी उचित मूल्य दुकानों और संबंधित अधिकारियों को इस कार्य के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

शासन द्वारा जारी सार्वजनिक वितरण प्रणाली संशोधन आदेश-2025 के अनुसार पात्र परिवारों की सूची की नियमित समीक्षा करना आवश्यक है। इसी व्यवस्था के तहत प्रत्येक पांच वर्ष में ईकेवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे परिवारों को सूची से हटाना है जो अब पात्र नहीं हैं, साथ ही पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाना है। प्रशासन का मानना है कि समय-समय पर होने वाली ईकेवाईसी प्रक्रिया से सार्वजनिक वितरण प्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी। इससे राशन वितरण में पारदर्शिता आएगी और वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक खाद्यान्न का लाभ पहुंच सकेगा।

## युवती ने लगाई फांसी

**आगर मालवा।** ग्राम रावजी का बल्ड़ा में 22 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। मृतका की पहचान बेगम बी पिता निजाम खां (22) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, युवती ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी

## अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई : पांच आरोपी को भेजा जेल

**महिदपुर।** ग्राम पंचायत कढ़ाई में राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई गौशाला की भूमि पर दोबारा कब्जा करने की कोशिश करने वाले पांच अतिक्रमणकारियों को प्रशासन ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तहसीलदार संतुष्टि पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण से मुक्त कराई गई शासकीय भूमि पर यदि कोई व्यक्ति पुनः अतिक्रमण करने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे अतिक्रमणकारियों को अब जेल की हवा खानी पड़ेगी। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व राजस्व विभाग ने ग्राम पंचायत कढ़ाई स्थित गौशाला की भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया था। बुधवार को ग्राम पंचायत द्वारा उक्त भूमि पर तार फेंसिंग का कार्य कराया जाना था, लेकिन इसी दौरान कुछ लोगों ने दोबारा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया।

ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। तहसीलदार संतुष्टि पाल के निर्देश पर मानसिंह पिता चंदर, कन्हैयालाल पिता गिरधारी, बापूलाल पिता मोतीराम, तेजाराम पिता बापूलाल एवं मनोहर पिता बापूलाल निवासी लाखाखेड़ी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी रामकन्या बाई पति श्री दूलसिंघ उर्फ दुलेसिंह जी, निवासी- ग्राम बामोरा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य एवं अपने हक हिस्से कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 543/7 रकबा 0.600 हेक्टर मे से रकबा 0.200 हेक्टर दक्षिण दिशा वाली भूमि, स्थित ग्राम बामोरा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभाव शून्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-10/06/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-D-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मोबाईल नम्बर- 94248 78460**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्रुती अग्रवाल पिता राजेन्द्र अग्रवाल, निवासी 402, ए ब्लॉक, ऑरेंज ड्रामडेस्सेय, नवलखा रोड़, बिहाइंड फारेस्ट ऑफिस अग्रसेन स्कवायर, इन्दौर से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का प्रकोष्ठ/दुकान क्रमांक 121, (फर्स्ट फ्लोर) जो कि भूखण्ड नगर पालिका निगम कमांक-1 स्थित उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन के नानाखेड़ा इन्दौर रोड पर स्टेडियम योजना, मित्र नगर के पास, उज्जैन पर निर्मित आवासिय सह व्यवसायिक बहुमंजिला भवन नामक सी-21 रेस/कॉम का भाग है, उक्त प्रकोष्ठ/दुकान क्रमांक 121 का कुल क्षेत्रफल 331 वर्गफीट है। उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार सीताराम सौलंकी पिता भैरूलाल जी, निवासी मल्लुपुरा, तहसील तराना जिला उज्जैन द्वारा क्रय करने का अनुबंध दिनांक 09/06/2026 को कर लिया है तथा अनुबंध पैटे आंशिक राशि का भुगतान भी संपत्ति के वर्तमान स्वामि को कर दिया है तथा शिघ्र ही मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र संपादित करवा लेंगे। उपरोक्त उल्लेखित क्षेत्रफल की संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति अथवा वित्तदायी संस्था का कोई हित-अधिकार स्वत्व कब्जा, इत्यादी अथवा किसी बैंक या वित्तदायी संस्था का कोई भार-बोझ हो या उक्त संपत्ति पर किसी न्यायालय अथवा कार्यालय में कोई कार्यवाही विचाराधिन हो तो ऐसा व्यक्ति जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भितर मेरे कार्यालय में कार्यालयिन समय प्रातः 10 से संध्या 6 बजे के मध्य संपर्क कर मय दस्तावेजी प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करा देवे। बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जवेगी तथा मेरे पक्षकारगण विक्रय पत्र का संपादन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र हो जावेंगे। सूचित हो। दिनांकः-10.06.2026

**कलीम एहमद खान, एड्व्होकेट**
**कार्यालय 123 सी-21 रेस्कोम, फस्ट फ्लोर, नानाखेड़ा, उज्जैन**
**मो. नं. 9926027099**



## देवास में अवैध शराब की 'होम डिलीवरी' का भंडाफोड़

**देवास।** देवास में आबकारी विभाग ने मोबाइल फोन के जरिए संचालित हो रहे अवैध शराब के एक 'होम सर्विस' रैकेट का बड़ा भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में लगभग 79 हजार रुपए मूल्य की 84 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की गई है और एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जयप्रकाश नगर स्थित अमित राठौर के मकान पर दबिश दी। मकान की सघन तलाशी के दौरान टीम को वहां से भारी मात्रा में अवैध शराब मिली, जिसके बाद आरोपी अमित राठौर को मौके से ही धर दबोचा गया। प्रारंभिक पूछताछ और जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि आरोपी मोबाइल फोन के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क करता था और उनसे ऑर्डर लेता था। शराब की बुकिंग होने के बाद उसकी डिलीवरी निर्धारित स्थानों पर या सीधे ग्राहकों के घर पर की जाती थी। यह पूरा अवैध कारोबार एक 'होम डिलीवरी सर्विस' की तर्ज पर बेखौफ चलाया जा रहा था। पुलिस ने जब्त किए गए मोबाइल फोन की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। इसका मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि शराब की इस होम डिलीवरी के नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हैं और यह धंधा इलाके में कितने समय से पनप रहा था। इसके अलावा, पुलिस आरोपी अमित राठौर के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

## इंस्टाग्राम पर नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाया, 10 लाख ठगे

### आरोपी और महिला सहयोगी गिरफ्तार

**देवास।** देवास में इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग से 10 लाख रुपए की ठगी हुई। शादी का झांसा देकर आरोपी युवक ने नाबालिग लड़की का भरोसा जीता और उससे करीब 8 से 10 लाख रुपये के साथ सोने-चांदी के आभूषण भी हासिल कर लिए। बाद में आरोपी ने ठगी से मिली रकम का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन गेमिंग में गंवा दिया। मामले में औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसकी सहयोगी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 3 जून 2026 को मिश्रीलाल नगर एक्सटेंशन निवासी एक महिला ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग पोती के कारण उसके बैंक खाते से बड़ी राशि ट्रांसफर हो गई है। जांच में सामने आया कि खाते में केवल 19 रुपये बचे थे, जबकि लाखों रुपये आशीष डामोर नामक युवक के खाते में पहुंच चुके थे। पुलिस जांच में पता चला कि नाबालिग की पहचान दिसंबर 2024 में इंस्टाग्राम के जरिए आशीष डामोर से हुई थी। बातचीत बढ़ने के साथ दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। आरोपी ने शादी का वादा कर नाबालिग का विश्वास जीता और रुपये दोगुना कर लौटाने का लालच दिया। इसके बाद उसने नाबालिग से उसके दादा-दादी के बैंक खातों से करीब 8 से 10 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए।



## वरिष्ठ कवि साहित्यकार जैनेन्द्र खेमसरा सरल अन्तर्राष्ट्रीय जैन साहित्य संगम के संरक्षक मनोनीत

**महिदपुर।** नगर के वरिष्ठ साहित्यकार कवि साहित्य भूषण जैनेन्द्र खेमसरा सरल को अन्तर्राष्ट्रीय जैन कवि संगम के संरक्षक पद पर अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष साहित्यकार जगदीप जैन हर्षदर्शि (उदयपुर) एवं पदाधिकारी मण्डल ने सवार्नुमति से मनोनीत किया। नगर को मिली इस उपलब्धि पर म.प्र. इकाई अध्यक्ष धर्मेन्द्र बम (नागदा) वरिष्ठ पदाधिकारी मार्गदर्शक मण्डल राजेन्द्र कांठेड़, राष्ट्रीय महासचिव सी.एम. मेहता (जावरा), वरिष्ठ साहित्यकार यशवंत भण्डारी यश (झाबुआ), साहित्यकार कवि कैलाश जैन तरल, कवियत्री चंदा अजय डांगी (मंदसौर), कवि पुखराज जैन पथिक (नागदा) आदि अनेक कवि साहित्यकारों की गरिमामय उपस्थिति में स्वागत बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की गई। उल्लेखनीय है कि खेमसरा अपनी समर्पित साहित्यिक सेवाओं के लिये नगर का नाम रोशन कर रहे है। अनेक पुस्तकें, आलेख प्रकाशित हो चुके है व अनेक सम्मानों से अंलकृत है। नगर के वरिष्ठ कवि साहित्यकार, पत्रकारगणों में वरिष्ठ पत्रकार शांतिलाल छजलानी, जवाहर डोसी पीयूष, अरुण बुरड़, नगर पटेल वरिष्ठ पत्रकार रमेश सकलेचा, विशाल शर्मा, विजय चौधरी, कवि जगदीश ज्वलंत, मालवी कवि ऋषभ जैन, अशोक पाठक, प्रदीप सुराना, कैलाश मण्डोरा, सरवर जाफरी, संदीप चौहान, पत्रकार रमेश गोड़, रामेश्वर मालवीय, पारस लुणावत, अर्जुन ठाकुर, ललित नासकावाला एवं अन्य पत्रकार साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की। उक्त जानकारी मालवी कवि ऋषभ जैन ने दी।



## सूचना

सूचित किया जाता हैं कि श्री शैलेन्द्र मोदी की फर्म कमल इंटरप्रायजेस की वेयर हाउस रसीद क्रं. 2318001009246788 दिनांक 15-07-2024 के तहत 80 बोरें वजन 40.42 क्वि0 एंव वेयर हाउस रसीद क्रं. 2318001009246787 दिनांक 13-07-2024 के तहत 41 बोरें वजन 20.45 क्विं वेयर हाउस में जमा किये थे। जो कि वेयर हाउस के गोदाम क्रं0 09 में उक्त फर्म के नाम से रखे हैं। जमाकर्ता ने उक्त रसीद के गुम होने की सूचना इस कार्यालय को दी हैं। उक्त वर्णित रसीद किसी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक के पास रहन/बंधक हो या अन्य कोई कारण से एतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने से 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को लिखित में अवगत कराऐं। अन्यथा 15 दिन के पश्चात उपरोक्त फर्म को डुप्लीकेट रसीद जारी कर दी जावेगी। उपरोक्त व्यक्ति को, फर्म को उनका उपरोक्त माल भुगतान कर दिया जावेगा एवं किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी

**शाखा प्रबन्धक,**
**म.प्र. वेयरहाउसिंग एवं लाजिस्टिक्स कार्पोरेशन**
**चिमनगंज मण्डी उज्जैन**

## ग्राम जामनेर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**शुजालपुर।** ग्राम जामनेर स्थित प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद नवीन मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला के अंतर्गत सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा, वास्तु पूजन, कलश आरोहण एवं पंच कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। हनुमान मंदिर समिति ग्राम जामनेर द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ 11 जून गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कथा का समापन 17 जून बुधवार को होगा। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार कथा का वाचन कथावाचक सारथी श्याम ग्राम चाकरोद द्वारा किया जाएगा। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रसंगों का श्रवण कराते हुए धर्म, भक्ति एवं सदाचार का संदेश दिया जाएगा।

## निशुल्क नेत्र शिविर में 72 मरीजों की जांच

**शुजालपुर।** अंधत्व मुक्त समाज के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय शाखा शुजालपुर द्वारा स्वर्गीय सीता देवी की स्मृति में निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन उनके सुपुत्र अशोक कुमार सिंह एवं रेनू सिंह के सहयोग से किया गया। सरकारी अस्पताल के सामने स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर आयोजित शिविर में 72 मरीजों की आंखों की जांच की गई। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जसवंत यादव एवं नेहा सोनी ने मरीजों की आंखों की जांच के साथ शुगर एवं ब्लड प्रेशर परीक्षण भी किया। जांच के दौरान 20 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नए अस्पताल, एरोड्रम रोड गांधीनगर भेजा गया, जहां उनके ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है। मरीजों को बस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। शिविर के दौरान आयोजकों द्वारा मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन पैकेट तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी की गई।

## 24 घंटे में ट्रक चोरी का खुलासा

**शुजालपुर।** थाना शुजालपुर सिटी पुलिस ने ट्रक चोरी के एक मामले का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चोरी गया ट्रक और उसमें भरी 6.6 टन चने की दाल बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद सामग्री की कुल कीमत 11 लाख 74 हजार 630 रुपए बताई गई है। पुलिस फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार डाबरीपुरा निवासी निखिल सोनी ने 9 जून को थाना शुजालपुर सिटी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 जून की रात हनुमानगढ़ी मंदिर के पास खड़ा उसके मालिक भावसिंह मेवाड़ा का ट्रक क्रमांक एमपी 37 जीए 1631 अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। ट्रक में करीब 6.6 टन चने की दाल रखी हुई थी। मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (बी) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शाजापुर के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई।

## शिक्षा के ठेकेदारों की तानाशाही और सोता हुआ सिस्टम

**शाजापुर।** शहर में शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले निजी स्कूल अब नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले बेलगाम अड्डे बनते जा रहे हैं, और जिला प्रशासन का जिम्मेदार अमला कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। ताजा मामला शहर के अचीवर्स पब्लिक स्कूल का सामने आया है, जहां प्रबंधन की घोर लापरवाही और प्रशासनिक अधिकारियों की सुस्ती ने मिलकर एक होनहार छात्र के पूरे करियर को अधर में लटका दिया है। हद तो इस बात की है कि एक ही स्कूल से पढ़े बच्चे की पांचवीं और आठवीं की मार्कशीट में अलग-अलग नाम दर्ज हैं। ताज्जुब की बात यह है कि स्कूल प्रशासन अपनी इस गंभीर गलती को सुधारने के बजाय अपनी तानाशाही पर उतारू है, और जिम्मेदार शिक्षा अधिकारी दफ्तरों में बैठकर केवल तमाशा देख रहे हैं। थक-हारकर पीड़ित परिवार को अब तपती धूप में कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

## पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई दाल से भरे ट्रक की चोरी

**शाजापुर।** दाल से भरे ट्रक चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 8 जून की रात हनुमानगढ़ी मंदिर के पास से भावसिंह मेवाड़ा का ट्रक अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस ट्रक में 6.6 टन चने की दाल लदी हुई थी। घटना के अगले दिन, 9 जून को डाबरीपुरा निवासी फरियादी निखिल सोनी ने शुजालपुर सिटी थाने पहुंचकर इसकी आधिकारिक रिपोर्ट दर्ज कराई। ट्रक की अनुमानित कीमत 7 लाख रुपये थी, जबकि उसमें रखी चने की दाल की कीमत 4 लाख 74 हजार 630 रुपये आंकी गई। कुल मिलाकर यह 11 लाख 74 हजार 630 रुपये की बड़ी चोरी थी। शिकायत के आधार पर शुजालपुर सिटी थाने में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय और एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

## 29 लाख की झगड़ा राशि के लिए किसान की टापरी फूंकी

**शाजापुर।** सामाजिक कुप्रथाओं की आड़ में रंगदारी और दहशतगर्दी का एक सनसनीखेज मामला शाजापुर जिले में सामने आया है। यहां नातरा प्रथा के नाम पर न सिर्फ एक किसान की टापरी को आग के हवाले कर दिया गया, बल्कि 29 लाख की भारी-भरकम झगड़ा राशि न देने पर पूरे परिवार को बर्बाद करने की खुली चेतावनी भी दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामला भदोनी गांव का है। लालाखेड़ी रोड पर स्थित किसान बाबूलाल गुर्जर के खेत पर एक टापरी बनी हुई थी। मंगलवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने इस टापरी को निशाना बनाते हुए आग लगा दी। बुधवार सुबह जब पीड़ित किसान बाबूलाल और उनका बेटा रोज की तरह खेत पर पहुंचे।

# महासागर में महासंकट-ओमान की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना का कहर, मिसाइल हमलों में 2 जहाज खाक, 3 भारतीय लापता

## 48 घंटे के भीतर अमेरिका ने दूसरे कमर्शियल जहाज को बनाया निशाना

**नई दिल्ली/मस्कट।** ओमान की खाड़ी (Gulf of Oman) में ईरान के खिलाफ अमेरिकी नौसेना की आक्रामक नाकेबंदी ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय और कूटनीतिक संकट का रूप ले लिया है। पिछले 48 घंटों के भीतर अमेरिका ने दो अलग-अलग वाणिज्यिक (कमर्शियल) जहाजों पर मिसाइलों से सटीक हमले किए हैं। इन दोनों जहाजों पर कुल मिलाकर 48 भारतीय नाविक सवार थे। 8 जून को पहले जहाज पर हुए हमले के बाद सभी 24 भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया गया था, लेकिन 10 जून (बुधवार) को दूसरे जहाज एमटी सेटेबेलो (MT Settebello) पर हुए अमेरिकी मिसाइल हमले के बाद 3 भारतीय नाविक लापता हो गए हैं।



इस गंभीर घटनाक्रम में केंद्र सरकार की शुरुआती प्रतिक्रिया बेहद विवादों में रही, जहां सरकार अमेरिका का नाम लेने से बचती दिखी। हालांकि, तीन भारतीयों के लापता होने के बाद भारत सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के उप-प्रमुख (Charge d'affaires) जेसन मीक्स को तलब कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

**कैसे शुरू हुआ संकट-एमटी मारिवेक्स पर पहला हमला-** यह पूरा विवाद अमेरिका द्वारा ईरान के बंदरगाहों पर लगाई गई सख्त नौसैनिक नाकेबंदी से जुड़ा है। सोमवार, 8 जून को पलाऊ के झंडे वाले तेल टैंकर एमटी मारिवेक्स को ओमान के मसिराह द्वीप के पास निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने खुद इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए बयान जारी किया कि जहाज ने अमेरिकी सेना के निर्देशों का पालन नहीं किया और नाकेबंदी तोड़कर ईरान की ओर जाने की कोशिश की। इसके बाद यूएसएस अब्राहम लिंकन से उड़ान भरने वाले 18 सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट ने जहाज के इंजन और स्टीयरिंग रूम पर सटीक बम (Precision munition) गिराए। इस हमले के बाद जहाज में आग लग गई। गनीमत यह रही कि भारतीय तटरक्षक बल और ओमान प्रशासन के त्वरित साझा अभियान से जहाज पर सवार सभी 24 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया।

**सरकार के गोलमोल जवाबों पर उठे सवाल-** 8 जून की इस घटना के बाद विदेश व जहाजरानी मंत्रालय के रवैये की तीखी आलोचना हुई। जब अमेरिकी सेना खुलेआम मिसाइल हमले की पुष्टि कर चुकी थी, तब भारत के जहाजरानी मंत्रालय ने इसे महज जहाज पर आग लगने की घटना करार दिया। वहीं, मंगलवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस ब्रीफिंग में जहाज के विकलांग होने की बात तो मानी, लेकिन सीधे तौर पर अमेरिका का नाम लेने या उसे जिम्मेदार ठहराने से परहेज किया। सरकार के इस तरह के बयानों से यह सवाल उठा कि क्या सरकार एक महाशक्ति के खिलाफ स्पष्ट जवाब देने से कतरा रही है।

**एमटी सेटेबेलो पर दूसरा हमला और 3 भारतीय लापता-** सरकार अभी पहले हमले की स्थिति स्पष्ट कर ही रही थी कि बुधवार, 10 जून को अमेरिका ने ओमान के तट के पास एक अन्य कमर्शियल ऑयल टैंकर एमटी सेटेबेलो पर मिसाइल से हमला कर दिया। इस जहाज पर भी 24 भारतीय नाविक सवार थे। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, 24 भारतीय चालक दल में से 21 को अब तक बचा लिया गया है, लेकिन 3 भारतीय अभी भी लापता हैं। इस घटना ने देश भर के नाविकों के परिवारों में भारी दहशत पैदा कर दी है।

**भारी दबाव में हरकत में आया विदेश मंत्रालय-** लगातार दूसरे हमले और 3 भारतीयों के लापता होने के बाद भारी दबाव के चलते नई दिल्ली को कूटनीतिक सख्ती दिखानी पड़ी। बुधवार को विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजनयिक जेसन मीक्स को तलब कर इस सैन्य कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया।

विदेश मंत्रालय ने अपने आधिकारिक बयान में कहा। हम ओमान के तट के पास कमर्शियल जहाज एमटी सेटेबेलो पर आज हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। इस क्षेत्र में जहाजों पर लगातार हो रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं और ये मौजूदा क्षेत्रीय संघर्ष का सीधा परिणाम हैं। हम मांग करते हैं कि कमर्शियल शिपिंग और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में निर्बाध व्यापार को जल्द से जल्द बहाल किया जाना चाहिए।

**आगे क्या?**

मस्कट स्थित भारतीय दूतावास लापता 3 भारतीय नाविकों की तलाश के लिए ओमान के प्रशासन और स्थानीय रेस्क्यू टीमों के साथ मिलकर सघन अभियान चला रहा है। ऑल इंडिया सीफरर्स यूनियन ने भी इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए फंसे हुए नाविकों के लिए तत्काल सहायता की मांग की है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या भारत सरकार अमेरिका द्वारा की गई इस सैन्य कार्रवाई पर अपना कड़ा रुख बरकरार रख पाएगी, या लापता नाविकों का मामला केवल कूटनीतिक बयानों तक सीमित रह जाएगा।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर-666/2 रकबा 0.0400 हेक्टेयर, सर्वे नंबर-668/1 रकबा 0.1900 हेक्टेयर व सर्वे नंबर-670/2 रकबा 0.1600 हेक्टेयर ग्राम चिन्तामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, उपरोक्त वर्णित सर्वे नंबर-666/2 रकबा 0.0400 हेक्टेयर, सर्वे नंबर-668/1 रकबा 0.1900 हेक्टेयर व सर्वे नंबर-670/2 रकबा 0-1600 हेक्टेयर इस प्रकार कुल किता 3-तीन कुल रकबा 0.3900 हेक्टेयर ग्राम चिन्तामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) को मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्रीमती रेखाबाई पति श्री ईश्वरलाल सिलोदिया, निवासी-ग्राम चिन्तामण जवासिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर टोकन राशि भू-स्वामी को अदा कर दी है, जल्द ही बयाना राशि अदा कर अनुबंध-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई क्लेम, आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का व्यवहार नही करे। दिनांक 10/06/2026

**दीपिका सावरकर एडवोकेट**
**कार्यालय-दुकान संख्या-ए-17भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन**
**मो. 98272-99159**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 67 उत्तर दिशा का भाग, नया म्यु. क्रमांक 67/1 स्थित दमदमा कोठी रोड़ उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 37.61 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में-जमनाप्रसाद का भवन, पश्चिम में- छुट्न खान का भवन, उत्तर में- गली तथा दक्षिण में- भवन क्रमांक 67 गंभीर सिंह राठौर का स्थित हैं। तथा उक्त संपत्ति मोहम्मद नफीस कुरैशी पिता श्री मोहम्मद हनीफ कुरैशी ने इसके पूर्वस्वामी मजहर बेग पिता खालिक बेग से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022022ए1367831 दिनांक 04/04/2022 के माध्यम से क्रय कि। एवं मोहम्मद नफीस का स्वर्गवास दिनांक 02/11/2024 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी रूखसाना कुरैशी पति मोहम्मद नफीस एवं तन्जीला पति इमरान, तसमीया कुरैशी पुत्रीगण मोहम्मद नफीस ने अपने नाम का नाम उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 304/25/7 दिनांक 13/08/2025 को दर्ज करवाया। तथा रूखसाना कुरैशी आदि ने उक्त संपत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 17 18842026ए 100037906 दिनांक 12/01/2026 को नगमा खान पति शकीर खान को विक्रय कि। तथा नगमा खान ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार उक्त सपंत्ति पूर्व का दान पत्र क्रमांक 234 दिनांक 24/04/2004 का कही गुम हो गया है अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो एवं पूर्व का दान पत्र कही बंधक तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो । दिनांक 10/06/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी 1- दीपक पिता श्री अंतर सिंह, 2- राहुल पिता श्री अंतर सिंह, 3- ज्योति पिता श्री अंतर सिंह, 4, श्रीमती शेतान बाई पति श्री अंतर सिंह, निवासीगण ग्राम नीमनवासा, तहसील कोठी महल, जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 285/2 रकबा 0.8370 हैक्टर मे से रकबा 0.0929 हैक्टर अर्थात (10,000 वर्गफीट) स्थित ग्राम नीमनवासा, तहसील कोठी महल जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को ऋय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 10-06-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स,**
**देवास रोड़ उज्जैन मो. 99260-68606**

## जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार अनिल बारोड़ पिता श्री मोहनलाल जी बारोड़, निवासी-त्रिवेणी विहार, उज्जैन के द्वारा तिरूपति सिलिकॉन सिटी एक्सटेंशन फेस-1 कॉलोनी, जो ग्राम ढेंडिया तहसील कोठी महल जिला उज्जैन में स्थित हैं, उक्त कॉलोनी भूमि सर्वे नं. 87/2, 87/1, 88/1/3, 88/1/7/1, 89/1/2, ग्राम ढेंडिया पर स्थित होकर लवीन रियल इन्फ्रा एल.एल.पी. द्वारा भागीदार श्री शैलेष कलवाडिया, श्री महेश परियानी, श्री अमित कावडिया, के द्वारा आवासीय उपयोग हेतु कॉलोनी विकसित की गई हैं तथा उक्त कॉलोनी, तिरूपति सिलीकॉन सिटी एक्सटेंशन, फेस-1 कॉलोनी, ग्राम ढेंडिया के नाम से होकर उक्त कॉलोनी में स्थित भूखण्ड क्रमांक-143 जिसकी लंबाई 50 फीट चौडाई 29.50 फीट जिसका कुल एरिया 1475 वर्गफीट अर्थात 137.03 वर्गमीटर जिसकी चर्तुसीमा पूर्व की ओर सड़क कॉलोनी की पश्चित की भूखण्ड क्रमांक-154, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक-144, दक्षिण की ओर भूखण्ड कमांक-142 को, विक्रेता श्री लोकेश पिता शीतल प्रसाद जी निवासी-बसंत विहार, नानाखेडा, उज्जैन से क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया हैं, विक्रय सौदे के अनुसार टोकन राशि अदा कर अनुबंध पत्र संपादित कर लिया गया हैं तथा शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर विक्रय पत्र का संपादन कराया जाना हैं, उक्त भूखण्ड कमांक-143, तिरूपति सिलीकॉन सिटी एक्सटेंशन, फेस-1 कॉलोनी, ग्राम ढेंडिया तहसील कोठी महल जिला उज्जैन पर किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, सहकारी साहूकार आदि का कोई हित, अधिकार, हिस्सा, हक या सुखाधिकार हो या उपरोक्त भूखण्ड कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हो या किसी बैंक अथवा पेडी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज आदि किया हो या उपरोक्त भूखण्ड के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो अथवा किसी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति हो अथवा अन्य कोई क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्ज आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद समयावधि व्यतीत हो जाने पर मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त भूखण्ड के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे हित में करवा लिया जावेगा। उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सौ सूचित हो।

इति दिनांक 10.06.2026

**जयगोविंद व्यास एडवोकेट**
**कार्यालय-30, नगर निगम कॉम्पलेक्स, अशोक नगर,**
**फ्रीगंज, उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (1) सरफराज पटेल पिता नोशाद पटेल निवासी नलेश्री तहसील तराना जिला उज्जैन (2) इकबाल पटेल पिता कुदरत पटेल निवासी 25 गोया रोड खजराना इंदौर जिला इंदौर द्वारा बाबू शाह पिता सुभान शाह निवासी बिसाहेड़ा तहसील बड़नगर जिला उंज्जैन मध्य प्रदेश के स्वामित्व एवम आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम बिसाहैडा तहसील बडनगर स्थित भूमि सर्वे नंबर 129/2 रकबा 0.18, भूमि सर्वे नंबर 130/2 रकबा 0.13, भूमि सर्वे नंबर 133/2 रकबा 0.07, कुल किता 3 कुल रकबा 0.38 है. कृषि भूमि बिसाहेडा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश मे जिसकी चतुर्थसीमा पूर्व में - लीला बाई की भूमि पश्चिम में - सद्दाम पटेल की भूमि उत्तर में - शेरू शाह की भूमि दक्षिण में - अशरफ अली की भूमि को क्रय करने का सौदा किया है तथा सौदे पैटे बयांना राशि अदा कर मेरे पक्षकार के पक्ष मे सौदा चिठी निष्पादित किया गया है तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष है यदि उक्त भूमि विक्रय से किसी भी व्यक्ति, शासकीय अर्द्धशासकीय वित्तिय संस्था, विभाग, बैंक, कार्यालय, आदि का किसी भी प्रकार से ऋण, भार, हित, स्वत्व अधिकार हो या उक्त संव्यव्हार के संबंध मे किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 15 दिवस मे मय प्रमाण, आपत्ति, दस्तावेज मेरे कार्यालय मे कार्यालयिन समय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार शेष विक्रय मूल्य अदा कर उक्त कृषि भूमि का ऋय पत्र अपने पक्ष मे निष्पादित करवा लेगा तथा किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी एवम पालनिय नही होकरअवैध तथा शुन्यवत मानी जावेगी। सूचित हो पाबंदी करे।

इति दिनाक 10/06/2026

**अन्तिम पाटीदार अभिभाषक**
**कार्यालय- कोर्ट परिसर बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र.।**
**मो. 8120572143**

## भूखण्ड निरस्ती की जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूखण्ड क्रमांक 35, 77, 80, 81, 94, 95, 96, 97, 98 के धारक को सूचित किया जाता हैं, कि आपने रोशन एन्क्लेव ग्राम धतरावदा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. मे उपरोक्त वर्णित भूखण्ड क्रय किये थे तथा आप भूखण्ड धारक की द्वितीय तथा तृतीय किश्त बाकी थी जिसका भुगतान मेरी फर्म "M/s Future Developers" के कर्यालय उज्जैन म.प्र. मे जमा नही की गई है मेरे पक्षकार फर्म द्वारा यह मान लिया गया है कि, उक्त भूखण्ड धारक उक्त भूखण्डो को क्रय करने मे इच्छुक नही है तथा मेरे पक्षकार फर्म द्वारा उक्त भूखण्ड का आवंटन निरस्त कर दिया गया है तथा अब कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था मेरे पक्षकार की बगैर सहमति के उक्त भूखण्ड के संबंध मे किसी भी प्रकार का कोई अन्तरण, क्रय, संव्यवहार न करे अन्यथा उसकी समस्त जिम्मेदारी क्रय व्यवहारकर्ता अन्तरणग्रहिता की होगी तथा इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के बाद किसी भी प्रकार का दावा व आपत्ति मान्य नही होगी मेरी पक्षकार फर्म उक्त भूखण्ड को किसी अन्य को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र रहेगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-09.06.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**कार्यालय-ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़,**
**उज्जैन संपर्क-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सुरेन्द्र पिता श्री मथुरालाल, निवासी-ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन के एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक-93/2 रकबा-1.672 हेक्टर में से रकबा 0.418 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन में अंदर की ओर स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक-10.06.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी लक्ष्मीनारायण पिता श्री मथुरालाल, निवासी-ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन के एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक-93/1/2 रकबा-1.672 हेक्टर में से रकबा 0.418 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन में अंदर की ओर स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋ ण भार, बोझ, हित, अधि कार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो ।

इति दिनांक-10.06.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 98272-64140**

## मवेशी पालक अपने मवेशियों का बांधकर रखें

**रतलाम।** नगरीय क्षेत्र रतलाम के सार्वजनिक मार्गों, सड़कों एवं चौराहों पर मवेषियों का स्वच्छंद विचरण करना प्रतिबंधित किया गया है। सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों के कारण यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। रतलाम सीमा अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानो पर मवेशी के घुमते पाये जाने पर उन्हे जिले की विभिन्न गौशालो मे भेज दिया जायेगा तथा उनकी वापसी किसी भी स्थिति मे नही की जावेगी। यदि किसी मवेशी पालक का मवेशी सड़क अथवा अन्य सार्वजनिक स्थान पर विचरण करते हुए पाया जाता है, तथा इससे कोई दुर्घटना होती है तो संबंधित मवेशी मालिक के विरुद्ध प्रचलित अधिनियमों एवं उपविधियों के अंतर्गत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाकर एफआईआर दर्ज करवाई जावेगी।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर महाआरती का आयोजन

रतलाम। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सफलतम १२ वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी ने श्री कालिका माता मंदिर में महाआरती का आयोजन किया। इसमें पूरा परिसर जय माता दी-जय माता दी के घोष से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने माता कालिका की आरती कर मोदी के दीर्घायु जीवन की कामना की। महाआरती में कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविंद काकानी, प्रवीण सोनी सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधि कारी एवं अनेक कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदीजी ने कार्यकाल के 4399 दिवस पूर्ण कर इतिहास रचा है। वे भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में पहले सबसे लंबे समय रहने वाले पहले प्रधानमंत्री है।

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर

# भाजपा ने किया मंदिरों में विशेष पूजन और पौधारोपण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, समर्पण, गरीब कल्याण और सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में पूरे जिले के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर और प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया उपस्थित रहे, जबकि विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय विधायकों और जनप्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, आत्मविश्वास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयामों को छुआ है। यह कालखंड १४० करोड़ देशवासियों के सपनों को साकार करने का गवाह रहा है, जिसमें गरीब कल्याण से लेकर डिजिटल क्रांति और आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विस्तार शामिल है। श्सबका साथ, सबका विकासश के मंत्र ने जनभागीदारी को मजबूत किया है और विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ देश आगे बढ़ रहा है।

इस विशेष अवसर पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा अष्टमुखी श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में 12 फलदार और औषधीय पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता मदनलाल राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मुकेश काला, भाजपा नेता निहाचंद मालवीय, भाजपा जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा, विजय सुराना, महेश जूनवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्षगण विनय दुबेला, गौरव अग्रवाल, सुनिल जैन, भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन, भाजपा जिला मंत्रीगण पुलकित पटवा, जगदिश गुर्जर, रानू भावसार, मंडल अध्यक्षगण अरविंद सारस्वत, विनोद डगवार, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाकोडा कॉम्पलेक्स चोरी मामले का पर्दाफाश, सांवरिया सेठ स्थित लॉज से आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



नेहरू बस स्टैंड के पास स्थित नाकोडा कॉम्प्लेक्स में ७-८ जून की दरमियानी रात हुई मोबाइल दुकान की चोरी का कोतवाली पुलिस ने सफलता पूर्वक पर्दाफाश कर दिया है। एसपी विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन और एएसपी श्री टी.एस. बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व वाली टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी को राजस्थान के सांवरिया सेठ मंदिर के पास एक लॉज से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी को घटना स्थल नाकोड़ा काम्पलेक्स भी ले गई तथा साक्ष्य एकत्र किये।

घटना के संबंध में मयूर कॉलोनी निवासी फरियादी पुनीत गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर ने उसकी मोबाइल रिपेयरिंग और एसेसरीज की दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल, नकदी, स्मार्ट वॉच और ईयरबड्स चुरा लिए हैं। इसके साथ ही कॉम्प्लेक्स की अन्य दुकानों के ताले भी टूटे पाए गए थे। पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी के रूट को ट्रैक किया।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान १९ वर्षीय सुनील पिता नरेंद्र शर्मा निवासी ग्राम कुचडौद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 5 एंड्रॉइड मोबाइल, १ कीपैड मोबाइल, और १ स्मार्ट वॉच बरामद की है, जिनकी कुल कीमत ८३,५०० रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी नाबालिग अवस्था में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है।



## नटराजन के नामंकन निरस्त होने पर कांग्रेसजनों ने अपने आप को जंजीरों में जकड़ा

**पिपलिया मंडी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बूढ़ा ने प्रातः 11 बजे से उपवास रखा। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने अपने आप को प्रतीकात्मक स्वरूप जंजीरों में जकड़ कर यह संदेश दिया कि सत्ताधारी दल द्वारा संविधान को बंधक बनाकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। इस मौके पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव मुकेश पोरवाल ने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र में कोई विश्वास नही रह गया है,साजिश ओर षडयंत्रो के सहारे सत्ता में बने रहना चाहते है।लेकिन अंत मे विजय सत्य को ही होगी। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शीतल सिंह बोराना,मल्हारगढ़ के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने निर्वाचन आयोग ओर भाजपा सरकार पर तिखा हमला बोलते हुवे कहा कि निवार्चन आयोग भाजपा सरकार के हाथों को कठपुतली बना हुवा है।मीनाक्षी जी का नामंकन निरस्त करना लोकतंत्र की हत्या है भाजपा ने हमेशा बाबासाहेब के संविधान को मानने के बजाय अपने संविधान को मानने का प्रयास किया है।निर्वाचन आयोग को तत्काल मीनाक्षी का नामांकन स्वीकार करना चाहिए।

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में कांग्रेस का उपवास और धरना प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



राज्यसभा चुनाव के लिए पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में बुधवार को एक दिवसीय उपवास और धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांधी चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर सुबह ११ बजे से शाम ४ बजे तक चले इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरना प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश रातड़िया और पूर्व विधायक पुष्पा भारतीय नवकृष्ण पाटिल, मो. हनीफ शेख रफत पयामी मनजीतसिंह टूटेजा, इष्टा भाचावत अध्यक्ष, शहर ब्लॉक कांग्रेस, विकास दशौरा ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, राजेश रघुवंशी, अजय लोढा, दीपक सिंह गुर्जर, तरुण खींची सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग करते हुए और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार करते हुए पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन द्वेषपूर्ण भावना और षड्यंत्र के तहत निरस्त किया गया है, जो सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है।

इस अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने और अपना विरोध दर्ज कराने के लिए आयोजित इस उपवास कार्यक्रम में त्रिदेव पाटीदार, विक्रम विद्यार्थी, मनजीतसिह टूटेजा, अजय लोढा, डॉ प्रीतिपालसिंह राणा, सुनिता बंडी, प्रवीण मांगरिया, मो युनुस मेव, मो खलील खान, वर्षा सांखला, निर्विकार रातडिया, राजेश चौधरी, दिनेश नाई, सुरेन्द्र कुमावत, रविन्द्र कुमावत भालोट, विशाल गुर्जर, सुरेश भाटी, विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर अदिति गर्ग के विशेष प्रयासों से मिली स्वीकृति

**मंदसौर।** जिले की न्यायिक और कारागार व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मंदसौर में १००० कैदियों की क्षमता वाली अत्याधुनिक नवीन जिला जेल के निर्माण को अंतिम मंजूरी मिल गई है। कलेक्टर अदिति गर्ग के विशेष प्रयासों और सतत अनुश्रवण के परिणामस्वरूप मुख्य सचिव की बैठक में इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई। इस आधुनिक जेल परिसर का निर्माण लगभग १३२.६७ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जाएगा। वर्तमान उपजेल की सीमित क्षमता और बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए इस नई जेल को आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों के अनुसार तैयार किया जाएगा। यह परिसर वर्तमान जेल से करीब ८ किलोमीटर दूर ग्राम भूकी में जेल विभाग को आवंटित १५.८५ हेक्टेयर भूमि (जिसमें खसरा क्रमांक २१, २४, २७ और २८ शामिल हैं) पर स्थापित होगा।नवीन जेल परिसर के भीतर कैदियों के लिए सुरक्षित बैरकों के अलावा प्रशासनिक भवन, प्रवेश भवन, ऑडिटोरियम, प्रशिक्षण भवन, वर्कशॉप, अस्पताल, महिला झूलाघर, गार्ड रूम, की स्वीकृति मिली।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ ने मिनाक्षी के समर्थन में किया उपवास

**मल्हारगढ़।** राज्यसभा चुनाव में लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी करते हुए झूठ, षड्यंत्र एवं सत्ता के दुरुपयोग के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया गया। यह लोकतंत्र, संविधान और महिला सम्मान पर सीधा आघात है।



## वेर्स्टन रेलवे विशेष ट्रेनें चलाएगी

| ट्रेन नंबर | शुरू होने वाला स्टेशन और मंजिल | सेवा की तारीखें | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 04170 | इंदौर - सूबेदारगंज (बी-विकली) | 16.06.2026 से 29.09.2026 तक | 20.30 बजे (शनिवार मंगलवार) | 20.00 बजे (अगले दिन) |
| 04169 | सूबेदारगंज- इंदौर (बी विकली) | 15.06.2026 से 28.09.2026 तक | 05.00 बजे (शुक्रवार-सोमवार) | 04.55 बजे (अगले दिन) |
| ठहरावः फतेहाबाद, चंद्रावतीगंज, उज्जैन, मक्सी, रुठियाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, सोनी, भिंड, इटावा, गोविन्दपुरी एंड फतेहपुर स्टेशन इन बोथ डायरेक्टशन्स | | | | |
| संरचनाः एसी-3 स्तरीय स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच। | | | | |
| 04106 | उड़ना-प्रयागराज (बी-विकली) | 12.06.2026 से 31.07.2026 तक | 23.25 बजे (शुक्रवार-सोमवार) | 05.10 बजे (रवि-बुध) |
| 04105 | प्रयागराज-उड़ना (बी विकली) | 11.06.2026 से 30.07.2026 तक | 19.00 बजे (गुरुवार-रविवार) | 20.50 बजे (अगले दिन) |
| ठहरावः भरुच, छायापुरी, रतलाम, उज्जैन, मक्सी, रुठियाई, गुना, ग्वालियर, भिंड, इटावा, गोविन्दपुरी एंड फतेहपुर स्टेशन इन बोथ डायरेक्टशन्स | | | | |
| संरचनाः एसी-2 टियर, एसी-3 टियर स्तरीय स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच। | | | | |
| 05343 | बलसाड-लालकुआं (विकली) | 12.06.2026 से 10.07.2026 तक | 15.25 बजे (शुक्रवार) | 17.45 बजे (रवि-बुध) |
| 05344 | लालकुआ-बलसाड़ (विकली) | 11.06.2026 से 09.07.2026 तक | 19.00 बजे (गुरुवार) | 12.00 बजे (अगले दिन) |
| ठहरावः सूरत, छायापुरी, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, मथुरा, मथुरा केंट, कासगंज, बुडाऊ एंड बरेली, सिटी स्टेशन इन बोथ डायरेक्टशन्स | | | | |
| संरचनाः एसी-2 टियर, एसी-3 टियर एस-3 टियर, (इकोनामी) स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच। | | | | |

* ट्रेन नं. 09151/09152 उधना मधुबनी को क्रमशः 16.06.2026 और 28.06.2026 तक बढा दिया गया है।
* उधना हसनपुर रोड पर चलने वाली ट्रेन संख्या 09031/09032 का संचालन क्रमशः 28.06.2026 और 30.06.2026 तक बढा दिया गया है।

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं

ट्रेन नंबर 04170, 04106, 05343 और ट्रेन संख्या 09151 एवं 090301 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू हो गई है। ये ट्रेने विशेष किराये पर विशेष ट्रेनों के रुप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

नोट- सभी आरक्षित टिकटों के लिये कृयपा मूल पहचान पत्र साथ रखें।


## पुलिस अधीक्षक ने ग्राम चल्दु से जीवन संजीवनी अभियान का किया शुभारम्भ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



शहर व जिले भर में विगत वर्षो दुर्घटना में मौत की आंकड़े लगातार बढ़ गए हैंद्य दुर्घटना स्थल पर गंभीर घायल या बेहोश लोगों को प्राथमिक उपचार और कृत्रिम श्वसन सीपीआर देने की प्रक्रिया को प्रशिक्षित डॉक्टर द्वारा कार्यक्रम में दिखाया गया द्य जिससे आमजन में भी घायलों को बचाने में मदद करने का प्रयास सफल हो सकेगा। बीते वर्षों में नीमच जिले में वर्ष 2023 में 359 सडक दुर्घटना घटित होकर 101 व्यक्तियों की मृत्यु हुई,थी। वही वर्ष 2024 में 368 सडक दुर्घटना घटित होकर 120 व्यक्तियों की मृत्यु हुई द्य ओर वर्ष 2025 में 321 सडक दुर्घटना घटित होकर 117 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है । इस तरह दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या बहुत अधिक रही है जिसका कारण कई बार समय पर मौके पर प्राथमिक उपचार नहीं मिलने से या अस्पताल पहुंचने के पहले देरी हो जाने से मौत होना भी माना जाता है द्य अतः सडक दुघटनों एवं उनमें हो मृत्यु की संख्या को कम करने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा स्वंय गहन चिंतन किया द्य नगर पुलिस अधीक्षक नीमच, अनु विभागीय अधिकारी पुलिस जावद एवं मनासा, थाना प्रभारी यातायात, टेक्नीकल सहायक मक।त संचालक डीएमआर के साथ कई बार मिटींग आयोजित कर सडक दुर्घटनाओं को कम करने हेतु कारणों को विश्लेषण किया गया। पुलिस अधीक्षक के स्वंय गहन चिंतन, नगर पुलिस अधीक्षक नीमच, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद एवं मनासा, थाना प्रभारी यातायात, टेक्नीकल सहायक मक।त संचालक डीएमआर के टेक्नीकल सहयोग से जिले के २२ अत्यधिक सडक दुर्घटना संभावित स्थलों का चयन किया जाकर भौतिक निरीक्षण किया गया द्य दुर्घटनाओं को कम करने हेतु दुर्घटनाओं के संभावित कारणों का टेक्नीकल एवं भौतिक निरीक्षण के माध्यम से पता किया गया।

उक्त टेक्नीकल एवं भौतिक निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में सडक दुर्घटओं को कम करने हेतु जिले में ज्जीवन संजीवनी अभियानज्‍ प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। उक्त अभियान के तहत जिलें में चिन्हित २२ हॉट स्पाटों पर आस पास रहने वाले ५० -५० लोगों को सीपीआर ट्रेनिंग, प्राथमिक उपचार हेतु एक डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जो दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को सीपीआर व प्राथमिक ईलाज तुरंत मुहिया करवा सके तथा पीड़ित की जान बचाई जा सके। जीवन संजीवनी अभियान एक क्यूआर कोड के माध्यम से संचालित होगा जिसमें कोई भी व्यक्ति गुगल के माध्यम से स्केन कर सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर सडक सुरक्षा मित्र बन पायेगा। गुगल फॉर्म के अंतर्गत व्यक्ति द्वारा घायल व्यक्ति की किस प्रकार मदद की आदि महत्वपूर्ण अपने सहयोग को भर पायेगा ।

### न्यूज कालम



## धरने में जा रहे कांग्रेस विधायक विपिन जैन का भोपाल में ऑटो पलटा

**मन्दसौर।** बुधवार को विधानसभा मंदसौर के कांग्रेस विधायक विपिन जैन भोपाल स्थित 74 बंगला क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। विधायक श्री जैन भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर आयोजित कांग्रेस पार्टी के एक दिवसीय धरना और उपवास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजधानी पहुँचे थे। वे कार्यक्रम स्थल पर जाने के लिए एक ऑटो-रिक्शा में सवार थे, तभी ७४ बंगला क्षेत्र में उनका ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में विधायक के सिर में गंभीर चोट आई और काफी खून बहने लगा। हादसे की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह तुरंत मौके पर पहुँचे। उन्होंने घायल विधायक विपिन जैन को तत्काल सिद्धांता (रेडक्रॉस) अस्पताल पहुँचाया। जयवर्धन सिंह इलाज के दौरान खुद अस्पताल में ही मौजूद रहे। फिलहाल डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। मंदसौर में विधायक विपिन जैन के घायल होने की खबर फैलते ही कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं में चिंता की लहर दौड़ गई। उधर भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कांग्रेस के कई विधायक और बड़े नेता तुरंत सिद्धांता अस्पताल पहुँचे। उन्होंने घायल विधायक की कुशलक्षेम जानी। गौरतलब है कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर इस बड़े धरना और उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया था। विधायक विपिन जैन इसी विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बनने जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही वे इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे का शिकार हो गए।

## वार्ड 5 स्थित विश्वेश्वर महादेव मंदिर व नागदेवता मंदिर की बनेगी बाउण्ड्रीवॉल

**महापौर प्रहलाद पटेल ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन**



**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 5 स्थित विश्वेश्वर महादेव एवं नाग देवता मंदिर की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सोना शर्मा, मयूर पुरोहित, रतलाम विकास प्राधिकरण सदस्य श्रीमती किरण महावर, क्षेत्रिय पार्षद एवं नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि 25 लाख की लागत से विश्वेश्वर महादेव मंदिर एवं नाग देवता मंदिर की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण किया जायेगा। निर्माण कार्य पुरा होने पर मंदिर परिसर सुरक्षित होकर सुन्दर दिखाई देगा। उन्होने ने उपस्थित नागरिकों से कहा कि नगर व नागरिकों के हितों में निगम परिषद अपना कार्य तो कर ही रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने नगर को साफ-स्वच्छ बनाने हेतु अपने घर, दुकान व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का पृथक्कीकरण स्त्रोत पर ही कर नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में अनिवार्य रूप से डालें।इस अवसर पर मंडल महामंत्री संदीप मौर्य, उपाध्यक्ष श्री धर्मवीर गहलोत, श्रीमती पूजा शर्मा, हरीश तिवारी, राम चंद्र बागोरा, पंवार जी, चौबे जी सहित क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री संदीप मौर्य ने किया व आभार नेता पक्ष एवं क्षेत्रिय पार्षद भगत भदौरिया ने माना।

## कांग्रेस राज्यसभा प्रत्याशी सूची नटराजन का नामांकन रद्द यथावत

**नीमच।** कांग्रेस पार्टी की ओर से राज्यसभा निर्वाचन हेतु प्रत्याशी बनाई गई पूर्व लोकसभा सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन द्वारा भरा गया नामांकन पत्र में हुई भूल अधूरी जानकारी के चलते निर्वाचन आयोग ने नामांकन निरस्त कर दिया है द्य जिससे देश शाहिद प्रदेश की राजधानी में एक समय हंगामा हो गया द्य वही कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त भाजपा के लिए तीनों सीटों पर निर्विरोध जीत का रास्ता साफ हो गया इसके लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनाव आयोग में विरोध दर्ज करते हुए अपील की गई थी जिस पर 10 जून को निर्णय देते नामांकन निरस्त का निर्णय यथावत रखा गया है। कांग्रेस ने फैसले को लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर प्रहार बताते हुए कोर्ट जाने के संकेत दिए गए ?यह मध्य प्रदेश के राज्यसभा चुनाव में एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हो गया सामने आया, जब कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ भाजपा प्रत्याशी महेश केवट की ओर से उठाई गई आपत्ति पर सुनवाई के बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने यह फैसला सुनाया। इस निर्णय के बाद राज्यसभा की तीनों सीटों पर भाजपा की निर्विरोध जीत की संभावना लगभग तय मानी जा रही है।

## डॉ कौशिक पुनः असेंबली एमपी जर्नलिस्ट्स जिलाध्यक्ष बने

**नीमच।** प्रदेश के सभी पत्रकारो के हित में महत्वपूर्ण मुद्दों भोपाल से पत्रकारों की लड़ाई लड़ने वाले संगठन असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट का एक बार पुनः डॉ.जीवन कौशिक, दैनिक अवंतिका ब्यूरो, व समाजसेवी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है द्य भोपाल से प्रदेश अध्यक्ष व श्रम सलाहकार परिषद सदस्य श्री राधा वल्लभ शारदा एवं पदाधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय का नीमच इकाई सदस्यों ने वसंत व्यक्त करते हुए स्वागत किया है द्य नीमच जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए डॉ. कौशिक को अपनी कार्यकारिणी बनाने का निर्देश भी दिया है द्य जिले के पत्रकारों के हित में अधिक से अधिक पत्रकारों को जोड़कर उनके हित की रक्षा के लिए प्रदेश कार्यालय को जानकारी भेजना का निर्देश भी दिया गया हैद्यडॉ कौशिक को जिला अध्यक्ष बनने पर प्रदेश इकाई का धन्यवाद करते हुए जिला इकाई सदस्यों सर्व श्री पुरुषोत्तम शर्मा,न्यूज एजेंसी, परमानंद शर्मा उपाध्यक्ष, सत्येंद्र सक्सेना, शंकर राम वाणी, यशवंत बागड़ी, इकबाल हुसैन,महेश शर्मा, विनीत अग्रवाल, रघुवीर बैरागी, भेरूलाल रेगर, आदि ने बधाई दी।



## बम निरोधक दस्ते ने बस स्टैंड और मस्जिद इलाकों में की सघन चेकिंग

**महिदपुर।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर और सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के उद्देश्य से महिदपुर शहर में पुलिस द्वारा एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के विशेष निदेर्शों पर कार्रवाई करते हुए बम निरोधक दस्ते ने स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ मिलकर शहर के कई संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अपने आधुनिक यंत्रों से गहन निरीक्षण किया।सुरक्षा बलों और बम निरोधक दस्ते ने शहर के मुख्य आवागमन केंद्रों और संवेदनशील स्थलों पर सर्चिंग की, जिनमें मुख्य रूप से बस स्टैंड क्षेत्र जहाँ यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए हर कोने को खंगाला गया। मोती मस्जिद परिसर इबादत गाहों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जमातखाना क्षेत्र यहाँ भी सुरक्षा बलों ने यंत्रों की मदद से संदिग्ध वस्तुओं की जांच की। अधिकारी शेरसिंह सिसोदिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से शहर के प्रमुख और व्यस्ततम इलाकों का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। संघन चौकिंग अभियान में ए एस आई सरदार सिंह मेड़ा, हेड कांस्टेबल सरदार सिंह चौहान, हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह चंद्रावत, हेड कांस्टेबल शेर सिंह सिसोदिया, कांस्टेबल पवन शर्मा, कांस्टेबल डॉग हैंडलर सत्यवीर दंडोतिया, डॉग रोली के साथ महिदपुर पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## सीआईएसएफ में चयनित होने पर पंकज वलुजना का स्वागत



**महिदपुर।** महिदपुर ब्लाक के ग्राम कीटिया के रविदास समाज के पंकज वलुजना का सीआईएसएफ मै चयनित होने व ट्रेनिग कर कीटिया आने पर उनका स्वागत कर शुभकामनाए दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पार्षद भाई जाकिर मंसूरी , मंडलम अध्यक्ष मुकेश वलुजना उपस्थित थे।

**सारंगपुर में किसानों ने शुरू की सोयाबीन बोवनी की तैयारी:**

## ग्रामीण अंचलों में किसान बोले: बीज के दाम 30 प्रतिशत बढे



**सारंगपुर।** सारंगपुर विकासखंड में मानसून की पहली बारिश के बाद किसानों ने सोयाबीन की बोवनी की तैयारियां को शुरू कर दिया है, इससे ग्रामीण अंचलों में खेती-किसानी की गतिविधियां तेज हो गई हैं। कृषि विभाग के अनुसार, अब तक लगभग 65 हजार बीघा क्षेत्र में सोयाबीन की बोवनी की संभावना है। किसानों का मानना है कि यदि आगामी दिनों में अच्छी बारिश होती है, तो फसल को बेहतर बोवनी की जा सकती है। वे समय रहते फसल लगाने के प्रयास में जुटे हैं। क्षेत्र में अभी कही भी बोवनी शुरू नहीं हुई है। किसान फिलहाल खेतों की जुताई, समतलीकरण और अन्य कृषि तैयारियों में व्यस्त हैं। कृषि विभाग के एसएडीओ राजपूत के मुताबिक, किसान लगातार और पर्याप्त वर्षा का इंतजार कर रहे हैं ताकि अंकुरण और फसल विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन सकें। वरिष्ठ किसान महेश कुमार ने बताया कि इस बार सोयाबीन के बीज के भाव गत वर्ष से 30 प्रतिशत अधिक हैं। अच्छी गुणवत्ता वाले बीज का भाव 10,200 रुपए प्रति क्विंटल है।

## पुराने नगर पालिका भवन में उप-कार्यालय खोलने की मांग, दिया ज्ञापन



**सुसनेर।** नगर परिषद कार्यालय के दूरस्थ स्थान पर संचालित होने से आम नागरिकों को हो रही परेशानियों को लेकर मंगलवार को कांग्रेस पार्षद दल एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्य नगर परिषद अधिकारी ओपी नागर को ज्ञापन सौंपकर नगर के मध्य स्थित पुराने नगर पालिका भवन में उप-कार्यालय प्रारंभ करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान नगर परिषद कार्यालय शहर से दूर होने के कारण नागरिकों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, कर संबंधी कार्य, शपथ पत्र, दस्तावेजों की प्रतिलिपि एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। आवागमन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से बुजुर्गों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और लू के बीच कार्यालय तक पहुंचना लोगों के लिए चुनौती बना हुआ है, जबकि आगामी वर्षा ऋतु में स्थिति और अधिक कठिन हो सकती है। कांग्रेस पार्षद दल ने मांग की कि पुराने नगर पालिका भवन में उप-कार्यालय संचालित किया जाए, जिससे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, कर संबंधी कार्य, जनशिकायतों का निराकरण तथा अन्य आवश्यक सेवाएं नगर के मध्य क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकें। इससे नागरिकों का समय, श्रम और धन बच सकेगा। जनप्रतिनिधियों ने नगरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मांग पर शीघ्र कार्रवाई करने की अपेक्षा व्यक्त की।

# तनोडिया में जल संकट एक सप्ताह में एक बार पानी, लोग बूंद-बूंद पानी को मोहताज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया



जून की इस भीषण और तपती गर्मी में जहां एक-एक बूंद पानी की कीमत सोने के समान है, वहीं स्थानीय ग्राम पंचायत और ठेकेदारों की घोर लापरवाही के कारण नगर की जनता गंभीर जल संकट से जूझ रही है। हालात यह हैं कि पिछले चार माह से एक सप्ताह (7 दिनों) में नलों पानी आ रहा है। और 6 दिनों तक ग्रामीणों के नलों में पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी है।

'नल-जल योजना' के दावों की हवा निकालते हुए जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह मूकदर्शक बने बैठे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के जल संकट को दूर करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं। अभी भी पेयजल सप्लाई पुरानी लाइन से की जा रही है। वही वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जल मिशन ने नई आबादी से लेकर सब-वेल तक पानी पहुंचाने हेतु एक अलग लाइन पिछले दिनों डाली है जिससे सब वेल तक पानी लगातार पहुंचे। लेकिन दो तीन जगहों पर वो पाइप लाइन फुट चुकी है। पानी व्यर्थ जा रहा है। इसके बावजूद ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जो ग्राम पंचायत की विफलता और कर्मचारियों पर नियंत्रण नही होना दशार्ता है। जनता का सवाल है कि जब मुख्य स्रोत से पानी की सप्लाई सुचारू है, तो फिर इस भीषण गर्मी में उन्हें प्यासा क्यों तड़पाया जा रहा है? आखिर यह पानी जा कहाँ रहा है और इसके वितरण में इतनी बड़ी लापरवाही क्यों बरती जा रही है?लाइनों में भ्रष्टाचार और लापरवाही के चलते पिछले दो साल से नगर में एलएनटी कंपनी द्वारा पाइप लाइन और नल कनेक्शन करने का कार्य किया गया। लेकिन धरातल पर स्थिति यह है कि जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्य आंकड़ों में सिमटते नजर आ रहे हैं।

गांवों में बिछाई गई पाइपलाइनों में कई जगहों पर मुख्य वाल्व ही नही लगाए गए हैं, जिससे पानी के दबाव और दिशा को नियंत्रित नहीं किया जा पा रहा है। घरेलू नलों में टोंटियां तक नहीं लगाई गई हैं। इसके कारण जब भी कभी टेस्ट सप्लाई होती है, तो हजारों लीटर पानी सड़कों पर बहकर बर्बाद हो जाता है और टेल-एंड पर रहने वाले परिवारों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता। ग्रामीण व महिलाओं से चर्चा में बताया की पिछले 6 दिनों से हमारे घरों में पानी नहीं आया है। हमें दूर-दराज के कुओं और निजी टेकरों से पानी खरीदकर पी रहे हैं। इसके बाद भी पंचायत और जल मिशन के अधिकारी हमारी सुध लेने को तैयार नहीं है

### जिम्मेदार बने लापरवाह, आक्रोश में ग्रामीण

इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत और जल जीवन मिशन के अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय की भारी कमी देखने को मिल रही है। दोनों ही विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। अधिकारियों की इस कुंभकर्णी नींद और संवेदनहीनता के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप रहा है।

### जनता के जवाब

1. जब कुंडालिया से सब-वेल में पानी आ रहा है, तो वितरण व्यवस्था ठप क्यों है?
2. जनता की इस परेशानी का समाधान कब तक होगा?

रसोइया महिलाओं ने मानदेय से वसूली के लगाए आरोप

# चार हजार मिलने पर एक हजार मांगने का दावा, देवास कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में मंगलवार को जिलेभर की रसोइया और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान महिलाओं ने सुपरवाइजर पर आरोप लगाया कि उनके मानदेय में से भी पैसे मांगे जाते हैं।

महिलाओं ने बताया कि वे वर्षों से मध्याह्न भोजन और चूल्हा संचालन का कार्य कर रही हैं। उन्हें समय पर भुगतान न होने और कुछ स्थानों पर हटाने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट आ गया है।

महिलाओं के अनुसार, उन्हें हर माह लगभग चार हजार रुपए मानदेय मिलता है, जिसमें से एक हजार रुपए की मांग की जाती है। कृष्णाबाई नामक एक रसोइया ने कहा, हमें चार हजार रुपए मिलते हैं, उसमें से भी एक हजार रुपए मांगते हैं। हम अपने परिवार का खर्च कैसे चलाएं? गंगाबाई मौरे और अन्य महिलाओं ने भी इन आरोपों का समर्थन किया।

महिलाओं ने महिला एवं बाल विकास विभाग पर मनमानी और उनकी समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। जिले में लगभग चार हजार रसोइया कार्यरत हैं, जो लंबे समय से भुगतान, रोजगार सुरक्षा और सम्मानजनक व्यवहार की मांग कर रही हैं।

रसोइया महिलाओं ने कलेक्टर से इस पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने और उनकी लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने की अपील की।

## देवास में कंपनी की छत से गिरकर युवक की मौत

**देवास।** देवास जिले के राजोदा क्षेत्र में एक कंपनी की छत से गिरने के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थिति शांत हुई। मृतक की पहचान अभिषेक पिता गोविंद चौहान (27) निवासी नागदा के रूप में हुई है। अभिषेक बैंक में कलेक्शन का कार्य करता था। उसके पिता सोलर पैनल लगाने का काम करते हैं। मंगलवार शाम अभिषेक राजोदा स्थित एक कंपनी की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए साइट देखने गया था।

### 20 फीट नीचे गिरा अभिषेक

इसी दौरान वह कंपनी की छत से करीब 20 से 25 फीट नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है।

### परिजनों ने एक घंटे प्रदर्शन किया

हादसे की सूचना मिलते ही परिजन कंपनी पहुंच गए और आरोप लगाया कि अभिषेक को बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के छत पर चढ़ाया गया था। परिजनों ने एक घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन किया। नाहर दरवाजा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे, जहां मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गांव हडाई में 186 से अधिक झंडा मंडलियों का भक्तिमय समागम

**तनोडिया ।** समीपस्थ ग्राम हडाई के खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार रात खेड़ापति हनुमान मंदिर झंडा मंडली ने झंडा मंडली मिलन समारोह रखा। 186 से अधिक गांवों से झंडा लेकर आई मंडलियों ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। खेड़ापति सरकार का श्रृंगार किया और मंदिर परिसर में मंच बनाकर मंडलियों का स्वागत किया गया। शाम 5 बजे से ही मंडलियों का गांव में पहुंचना आरंभ हो गया था। सिलसिला देर रात तक चलता रहा। मंदिर परिसर में भंडारा रखा गया। इसमें गांव सहित क्षेत्र से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

# सुठालिया सिंचाई परियोजना में दोहरे मुआवजा मानदंड सभी किसानों को मिले समान अधिकार - लक्ष्मण सिंह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा।

सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की समस्याओं को जानने एवं उनकी मांगों को सुनने के लिए पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने डैम प्रभावित ग्राम रघुनाथपुरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से रूबरू होते हुए परियोजना से जुड़े विभिन्न मुद्दों की जानकारी ली। किसानों को संबोधित करते हुए लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश में संभवतः यह पहला ऐसा सिंचाई परियोजना क्षेत्र है जहां प्रभावित किसानों को दो अलग-अलग प्रकार का मुआवजा दिया जा रहा है। कुछ किसानों को भूमि अधिग्रहण के बदले चार गुना मुआवजा दिया गया है, जबकि अनेक किसानों को मात्र दो गुना मुआवजा मिला है। इससे प्रभावित किसानों के बीच असमानता एवं अन्याय की स्थिति उत्पन्न हुई है।

उन्होंने कहा कि यदि शासन सभी किसानों को चार गुना मुआवजा देने में असमर्थ है तो जिन किसानों को केवल दो गुना मुआवजा मिला है, उन्हें उपलब्ध सरकारी भूमि में से समान मूल्य की कृषि भूमि प्रदान की जानी चाहिए। अन्यथा सभी प्रभावित किसानों को एक समान चार गुना मुआवजा देकर न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पूर्व सांसद ने कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। डैम निर्माण के कारण अनेक किसान भूमिहीन और बेरोजगार हो गए हैं। ऐसे में उनकी आजीविका का संकट गहरा गया है। यदि सरकार किसानों की जायज मांगों को नहीं सुनेगी तो किसानों के पास आंदोलन का रास्ता अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने गुना कलेक्टर से भी समय मांगा है ताकि प्रभावित किसानों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा कर समाधान का मार्ग निकाला जा सके।

राजगढ़ पुलिस-प्रशासन की अवैध निर्माण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# ग्राम गुलखेड़ी में मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के अवैध निर्माण ध्वस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में जिले भर में जुआ, अवैध मादक पदार्थ, स्मैक, गांजा एवं अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान संचालित किया जा रहा। इसी क्रम में एसडीओपी नरसिंहगढ़ श्रीमती मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में ग्राम गुलखेड़ी में अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) के विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के अवैध निर्माणों के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई की गई।

पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम गुलखेड़ी में अवैध रूप से निर्मित मकानों एवं निर्माण कार्यों का परीक्षण कर नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम तहसीलदार पचोर श्रीमती नीलम परसेदिया के नेतृत्व में उपस्थित रही, जिसमें नायब तहसीलदार सोनू गुप्ता, हल्का पटवारी अंकित सहित अन्य राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिले के विभिन्न थानों से लगभग 65 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का बल तैनात किया गया।

संपूर्ण कार्रवाई का नेतृत्व एसडीओपी नरसिंहगढ़ श्रीमती मिनी शुक्ला द्वारा किया गया। सहयोग हेतु थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ वीरेंद्र सिंह धाकड़, थाना प्रभारी ब्यावरा शहर शिवराज सिंह चौहान, निरीक्षक मनीष शर्मा, निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा, थाना प्रभारी तलैन धर्मवीर पवैया, थाना प्रभारी बोड़ा देवेंद्र सिंह राजपूत, उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह, अभय सिंह, राहुल सेंदव, सूबेदार दीपक रघुवंशी, सहित अन्य पुलिस बल एवं 10 चौकीदार उपस्थित रहे। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में जिन व्यक्तियों के अवैध निर्माणों पर कार्यवाही की गई उनमे नीतेश पिता भगवान सिंह सांसी निवासी गुलखेड़ी, चन्दा पति गोतम सांसी निवासी गुलखेड़ी, रेखा पति मुकेश सांसी निवासी गुलखेड़ी, शोभा पति सुधीर सांसी एवं सुधीर पिता सिंधी सांसी, निवासी गुलखेड़ी उक्त सभी व्यक्तियों के निर्माण अवैध रूप से निर्मित पाए गए तथा संबंधित व्यक्तियों की मादक पदार्थ (स्मैक) के अवैध कारोबार में संलिप्तता पाई गई। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया।

संपूर्ण कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था पूर्णतः सामान्य रही तथा किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। पुलिस एवं राजस्व विभाग के समन्वित प्रयासों से यह कार्रवाई शांतिपूर्ण, प्रभावी एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई।



## पिपलोनकलां में हज यात्रियों का जोरदार स्वागत किया

**तनोडिया।** समीपस्थ ग्राम पिपलोनकलां से हज यात्रा मक्का मदीना शरीफ से लोट कर आने वालों का एंव रिश्तेदारों द्वारा सम्मान स्वागत किया गया आपको बता दें कि नगर से मोहम्मद खां भादवा वाले वही रूस्तम भाई कुआं वाले रईस मोहम्मद पुर्व सरपंच प्रतिनिधि गुलाम हुसैन ठेकेदार ये सभी लोग नगर से 19 अप्रेल को अपने घर से मक्का मदीना के लिए रवाना हुये थे जो 7 जून रविवार को अपने घर आऐ समाजजनों व रिश्तेदारों को जैसे ही सुचना मिली की हज यात्री आ रहे है सब लोग इनका इश्तेकबाल करने के लिए चौराहे पर हाथों में फुल माला लेकर इनके आने की खुशी में खडे हो गये इनके दीदार के लिए जैसे ही हज यात्री आऐ ढोल बजाकर फटाके फोडकर उन्होंने बताया कि हमारा सफर अच्छा रहा और वह पहुचंते ही हमने अपने भारत देश के लिए अमन चैन की दुआएं की और हमारी ख्वाहिश थी कि हम लोग एक बार मक्का मदीना पहुचंकर अपने रब से दुआं करे जो हमारी ख्वाहिश पुरी हुई हज यात्री का सम्मान स्वागत का दौर जारी रहा किसी ने गले लगाकर मुबारकबाद कही तो किसी ने फुल माला पहनाकर जोरदार सम्मान स्वागत किया।

## आधी अधूरी चल रही स्ट्रीट लाइट जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



**तनोडिया।** नगर में भीषण गर्मी में लोग शाम को टहलने निकलते हैं। वैसे तो स्ट्रीट लाइट वर्षों से लगी है जहां कहीं बार बीच में जिम्मेदारों के लापरवाही से बंद हो गई थी वहीं अब फिरस्ट्रीट लाइट बाजार ,गली मोहल्ले,मेन बाजार, क्षेत्र में ही चल रही जहां उसमें भी बाजार में कई अन्य जगहों पर आधी अधूरी लाइट बंद पड़ी हुई है जहां इसको लेकर कहीं बार सोशल मीडिया पर अभी जिम्मेदारों का अवगत कराया फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहे वही एक और नगर में से निकला एन एच 552 जी झालावाड़ से उज्जैन हाइवे रोड पर खीमाखेडी जोड से लगाकर रावण टेकरी तक रोड पर निकला सर्विस रोड की दोनों तरफ की आधी अधूरी स्ट्रीट लाइट बंद पडी हुई है। जिससे आए दिन छोटी मोटी दुर्घटना तो आम बात हो गई है। गत दिनों रात्रि में बस स्टैंड पर गंभीर हादसा होते हुए बचा।नगरवासियों ने जिला प्रशासन व स्थानीय ग्राम पंचायत से मांग कि है कि आधी अधुरी स्टीट लाइट बंद पड़ी हुई है,उसे ठीक करवाई जाए।

## युवाओं ने किया कायथा पुलिस थाने का शैक्षणिक भ्रमण



**तराना।** बुनियाद सोशल डेवलपमेंट सोसायटी, उज्जैन द्वारा संचालित युवा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 9 जून को कायथा पुलिस थाने का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस अवसर पर कायथा, ताजपुर एवं बोरदा माणडा गांवों के कुल 45 युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को पुलिस व्यवस्था, कानूनी प्रक्रियाओं एवं आपातकालीन सेवाओं के प्रति जागरूक करना था।भ्रमण के दौरान कायथा पुलिस थाने के थाना प्रभारी कमल कुमार मंडलोई, उप निरीक्षक पवन सिंह कुशवाह, उप निरीक्षक गणपत सिंह मुजालदार, पायलट अविनाश कुंडला, नगर सैनिक सुभाष पटेल एवं प्रधान आरक्षक संतोष कुमार चोडलिया ने युवाओं को पुलिस थाने की कार्यप्रणाली, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा एफआईआर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान युवाओं को डायल-112 आपातकालीन सेवा के बारे में विस्तार से बताया गया तथा पूरी पीसीआर (पुलिस कंट्रोल रूम) वाहन का भ्रमण करवाकर उसमें उपलब्ध उपकरणों, त्वरित सहायता प्रणाली एवं आपातकालीन परिस्थितियों में उसकी भूमिका की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान युवाओं ने पुलिस थाने की कार्यप्रणाली, पुलिस कार्रवाई, शिकायतों के निस्तारण एवं कानून व्यवस्था से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। इन प्रश्नों का समाधान थाना प्रभारी कमल कुमार मंडलोई द्वारा सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से किया गया।

## देवास के पानी पर विवाद, कांग्रेस-भाजपा नेताओं में बहस

**देवास।** देवास में मांगलिया को पानी दिए जाने की चचाओं के बाद शहर में जल संकट का मुद्दा गरमा गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस की मांग है कि देवास के हिस्से का पानी मांगलिया को न दिया जाए और शहरवासियों के हितों को प्राथमिकता मिले। इसी कड़ी में मंगलवार को कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी भाजपा पार्षद धर्मेंद्र सिंह बैस से मिलने पहुंचे। इस मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई। कांग्रेस नेताओं ने पार्षद बैस को बीजेपी का भक्त कहकर संबोधित किया।











**उत्तर प्रदेश में स्थित नैमिषारण्य को एक बेहद पवित्र हिंदू तीर्थ स्थल माना गया है। नैमिषारण्य तीर्थ स्थल को लेकर धार्मिक मान्यता है कि अभी तक इस स्थान पर कलियुग का प्रवेश नहीं हुआ है।**

कलियुग चारों युगों में आखिरी युग है। कलियुग की अवधि अन्य तीनों युगों से सबसे कम मानी गई है। वेद पुराण के मुताबिक कलियुग में लालच, अधर्म, हिंसा और अज्ञानता की अधिकता रहेगी। उत्तर प्रदेश में स्थित नैमिषारण्य को एक बेहद पवित्र हिंदू तीर्थ स्थल माना गया है। नैमिषारण्य तीर्थ स्थल को लेकर धार्मिक मान्यता है कि अभी तक इस स्थान पर कलियुग का प्रवेश नहीं हुआ है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नैमिषारण्य के महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं।

बता दें कि यूपी के सीतापुर जिले में गोमती नदी के तट पर नैमिषारण्य तीर्थ स्थित है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक यह वही स्थान है, जहां पर अभी तक कलियुग का प्रवेश नहीं हुआ है। यानी की नैमिषारण्य कलियुग के प्रभाव से पूरी तरह मुक्त है।



## पवित्र है ये स्थान

कथा के मुताबिक महाभारत के युद्ध के बाद साधु-संत कलियुग की शुरूआत को लेकर काफी चिंतित थे। तब उन्होंने सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी से मदद मांगी और ऐसे स्थान के बारे में पूछा, जो कलियुग के प्रभाव से हमेशा मुक्त रहे। तब ब्रह्माजी ने अपना 'मनोमय चक्र' छोड़ा और कहा कि जहां भी यह चक्र रुकेगा, वह स्थान कलियुग के प्रभाव से मुक्त रहेगा। ब्रह्माजी का चक्र नैमिष वन में आकर रुका, जिसके बाद साधु-संतों ने इस स्थान को अपनी तपोभूमि बना ली।

## जानिए नैमिषारण्य का महत्व

महाभारत समेत कई ग्रंथों में नैमिषारण्य का जिक्र एक घने जंगल के तौर पर मिलता है। जिसको नीमषार या नैमिष के नाम से भी जाना जाता है। यह हिंदुओं के सभी तीर्थों में सबसे पवित्र और पहला तीर्थ स्थान माना जाता है। नैमिषारण्य का संबंध ब्रह्माजी, भगवान विष्णु, देवी सती और महादेव से माना जाता है। यहां पर 33 कोटि देवी-देवताओं का निवास भी माना जाता है। इसके दर्शन के बाद ही चार धाम यात्रा पूरी मानी जाती है। माना जाता है कि अगर कोई इस पवित्र भूमि पर 12 वर्षों तक तपस्या करता है, तो उसको ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है। यह जगह विशेष रूप से 84 कोस परिक्रमा के लिए फेमस है। जिसकी शुरूआत फाल्गुम माह की अमावस्या के बाद होती है। इसके अलावा नैमिषारण्य में हनुमान गढ़ी, ललिता देवी मंदिर, व्यास गद्दी और चक्रतीर्थ जैसे प्रमुख स्थान मौजूद हैं।

## घटनाएं

- नैमिषारण्य में 88 हजार ऋषियों ने तपस्या की थी। इस कारण इसको तपोभूमि भी कहा जाता है।
- भगवान श्रीराम ने इसी स्थान पर अपना अश्वमेध यज्ञ पूरा किया था।
- माना जाता है कि ब्रह्माजी का चक्र इसी स्थान पर गिरा था।
- लोक कल्याण के लिए ऋषि दधीचि ने इसी स्थान पर देवराज इन्द्र को अपनी अस्थियां दान की थीं।

# कैसे हुई एकादशी व्रत की शुरूआत

**धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक जो भी व्यक्ति उत्पन्ना एकादशी के दिन पर व्रत करता है, भगवान विष्णु संग देवी एकादशी की पूजा करता है। तो उसके कई जन्मों के पाप कट जाते हैं। वहीं व्यक्ति उत्तम लोग में स्थान पाने का अधिकारी बन जाता है।**

सनातन धर्म में सभी व्रतों में एकादशी व्रत का बड़ा महत्व बताया जाता है। साल में पूरी 24 एकादशी आती है। जिनमें देव प्रबोधनी, देवशयनी और मार्गशीर्ष माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि का बड़ा महत्व होता है। इस एकादशी को उत्पन्ना एकादशी के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि उत्पन्ना एकादशी से ही एकादशी व्रत की शुरूआत हुई थी। क्योंकि सतयुग में इसी एकादशी तिथि को जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु के शरीर से देवी का जन्म हुआ था। इसी देवी ने भगवान विष्णु के प्राण बचाए और जिससे प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने इनको एकादशी का नाम दिया था।

धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक जो भी व्यक्ति उत्पन्ना एकादशी के दिन पर व्रत करता है, भगवान विष्णु संग देवी एकादशी की पूजा करता है। तो उसके कई जन्मों के पाप कट जाते हैं। वहीं व्यक्ति उत्तम लोग में स्थान पाने का अधिकारी बन जाता है।



## उत्पन्ना एकादशी व्रत कथा

मुर नामक असुर से युद्ध करते हुए जब श्रीविष्णु थक गए, तो वह बद्रीकाश्रम में गुफा में जाकर विश्राम करने लगे। लेकिन मुर असुर श्रीहरि विष्णु का पीछा करते हुए बद्रीकाश्रम पहुंच गया। वहां पर निद्रा में लीन विष्णु को जब मुर ने लात मारना चाहा, तो श्रीहरि विष्णु के शरीर से एक देवी का जन्म हुआ और उन देवी ने मुर का वध कर दिया। देवी के कार्य से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने कहा कि हे देवी ! तुम्हारा जन्म मार्गशीर्ष मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी को हुआ है। इस कारण तुम्हारा नाम एकादशी होगा। वहीं आज से एकादशी को मेरे साथ तुम्हारी भी पूजा होगी। वहीं जो भी व्यक्ति एकादशी का व्रत करेगा, वह सभी पापों से मुक्त हो जाएगा। मार्गशीर्ष माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी को एकादशी देवी का अवतार हुआ था। इसलिए सभी एकादशी में इसका बड़ा महत्व माना जाता है। यह एकादशी भगवान श्रीविष्णु की माया से प्रकट हुई थी। धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक जो भी व्यक्ति पूरे श्रद्धाभाव से उत्पन्ना एकादशी का व्रत करता है, वह मोहमाया के प्रभाव से मुक्त हो जाता है और उसमें छल-कपट की भावना कम हो जाती है। वहीं एकादशी व्रत के प्रभाव से जातक विष्णु लोक में स्थान पाने योग्य बन जाता है।

## व्रत विधि

जो भी लोग इस व्रत को करना चाहते हैं, उनको एकादशी पर सुबह उठकर स्वच्छ होकर भगवान विष्णु के साथ देवी एकादशी की पूजा-अर्चना करना चाहिए। वहीं पूरा दिन निराहार रहकर संध्या पूजन करनी चाहिए और फलाहार करना चाहिए। इस दौरान मन में छल-कपट, लालच, परनिंदा और द्वेष की भावना मन में नहीं लाना चाहिए। वहीं द्वादशी के दिन ब्राह्मणों को भोजन और यथा संभव दान के बाद भी पारण करना चाहिए।




एक दिन पहले फिट घोषित किया गया था

# हार्दिक पंड्या अफगानिस्तान वनडे सीरीज से बाहर, फिटनेस टेस्ट के दौरान चोट लगी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। बेंगलुरु स्थित BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मंगलवार को फिटनेस टेस्ट पास करने के कुछ ही घंटों बाद हार्दिक को जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव (हैमस्ट्रिंग) आ गया। सीरीज 13 जून से शुरू हो रही है।

32 साल के हार्दिक क्ढछ के दौरान मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए पीठ की जकड़न का शिकार हो गए थे। वे इसी चोट से उबरकर फिटनेस क्लियरेंस सर्टिफिकेट लेने बेंगलुरु पहुंचे थे। सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि अब नई चोट की वजह से उन्हें रिकवरी और रिहैबिलिटेशन के लिए कम से कम तीन हफ्ते का समय लगेगा, जिसके चलते वे आगामी सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाएंगे।

जानकारी के अनुसार, हार्दिक पंड्या बेंगलुरु में फिटनेस टेस्ट के आखिरी दौर में थे। असेसमेंट के दौरान उन्होंने अपनी पूरी क्षमता देखने के लिए मैदान पर पूरे 10 ओवर गेंदबाजी की। माना जा रहा है कि लंबे ब्रेक के बाद अचानक बॉलिंग का पूरा कोटा डालने के कारण ही उनकी जांघ की मांसपेशियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ा और वे नई चोट का शिकार हो गए।

भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला शनिवार, 13 जून को धर्मशाला में खेला जाएगा। सीरीज के बाकी दो मैच 17 जून को लखनऊ और 20 जून को चेन्नई में होंगे। हार्दिक ने IPL 2026 के दौरान मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए कुछ मैच मिस किए थे, लेकिन वे 24 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम के आखिरी मुकाबले में मैदान पर लौटे थे।

# दावा-इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स संन्यास ले सकते हैं



एजेंसी ▶▶ इंग्लैंड

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ सकते हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास (रिटायरमेंट) का ऐलान भी कर सकते हैं। ब्रिटिश मीडिया आउटलेट टॉकस्पोर्ट की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। यह डेवलपमेंट लॉर्ड्स टेस्ट में न्यूजीलैंड पर इंग्लैंड की 115 रनों की जीत के तुरंत बाद सोमवार तड़के हुए एक नाइटक्लब विवाद के बाद सामने आया है।

इस विवाद में कप्तान बेन स्टोक्स के साथ टीम के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन भी शामिल थे। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने टीम प्रोटोकॉल तोड़ने के आरोप में दोनों खिलाड़ियों के खिलाफ आधिकारिक जांच शुरू कर दी है।

बोर्ड की कार्रवाई का इंतजार नहीं करेंगे स्टोक्स, खुद ले सकते हैं फैसला

क्रिकेट वेबसाइट 'द क्रिकेटर' के सीनियर कॉरेस्पोंडेंट जॉर्ज डोबेल ने टॉकस्पोर्ट से बातचीत में बताया कि स्टोक्स अनुशासन समिति के फैसले का इंतजार करने के बजाय खुद ही पीछे हटने का मन बना रहे हैं। डोबेल ने कहा, 'मुझे जो भी जानकारियां मिल रही हैं, उससे डर है कि स्टोक्स एउइ की कार्रवाई से पहले ही खुद कदम उठाएंगे। बेहद दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मैं सुन रहा हूं कि वे कप्तानी से इस्तीफा दे सकते हैं और संभवतः क्रिकेट से संन्यास भी ले सकते हैं।'

विवाद के बाद एक बयान जारी कर कहा,'बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन सोमवार तड़के एक नाइटक्लब में मौजूद थे, जहां यह घटना हुई। हम मामले से जुड़ी और जानकारी जुटा रहे हैं। दूसरे टेस्ट के लिए टीम का ऐलान जल्द ही किया जाएगा।' 17 जून से द ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम की घोषणा में देरी हो रही है।

# ऑस्ट्रेलिया को 21 साल बाद हराया, मीरपुर वनडे में 86 रन से मात दी

एजेंसी ▶▶ मीरपुर



बांग्लादेश ने मीरपुर में खेले गए पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 86 रन से हरा दिया। बांग्लादेश की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे इतिहास में यह केवल दूसरी जीत है। उसने ऑस्ट्रेलिया को पहली बार 2005 में हराया था।

टीम में 4 साल बाद वापसी कर रहे मोसाद्देक हुसैन ने मीरपुर वनडे में नाबाद 86 रन की पारी खेली और फिर 2 विकेट भी लिए। नाहिद राणा ने 4 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया की टीम पिछले हफ्ते पाकिस्तान से वनडे सीरीज 1-2 से हारने के बाद बांग्लादेश पहुंची है। उसे यहां पहले ही मैच में करारी शिकस्त झेलनी पड़ी।

बांग्लादेश ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट पर 284 रन बनाए। 285 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे ऑस्ट्रेलिया ने जब 42.2 ओवरों में 9 विकेट खोकर 191 रन बनाए थे, तभी बिजली कड़कने और बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल दोबारा शुरू न होने की स्थिति में डकवर्थ-लुईस नियम के तहत बांग्लादेश को 86 रन से विजेता घोषित कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कैमरन ग्रीन 52 रन बनाकर नाबाद रहे। मोसाद्देक हुसैन बांग्लादेश की जीत के सबसे बड़े हीरो रहे। उन्होंने महज 70 गेंद में 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 86 रन कूट डाले। हालांकि, इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई फील्डर्स ने उन्हें तीन जीवनदान भी दिए।

## एशियन गेम्स 2026 के लिए पाकिस्तान की 15 सदस्यीय टीम घोषित

एजेंसी ▶▶ पटना

पाकिस्तान ने आगामी एशियन गेम्स 2026 के लिए अपनी क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया है। इस बार पाकिस्तानी टीम में कई नए चेहरों को मौका दिया गया है। अनुभवी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि समद को उप-कप्तान बनाया गया है। इस स्क्वॉड में चार ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने अब तक कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। टीम का पूरा स्क्वॉड साहिबजादा फरहान (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, अहमद दानियाल, आकिफ जावेद, अली रजा, अराफात मिन्हास, हैदर अली, हसन नवाज, माज सदाकत, मोहम्मद सलमान मिर्जा, साद मसूद, सईम अयूब, सुफियान मुकीम और उस्मान खान।


**मकान बेचना है**

गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।

संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**

क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।

चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**आवश्यकता है**

स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893713817

**आवश्यकता है**

मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार (समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30) नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा

संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क 9893374872

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**

हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें। पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931 पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)

मोबाइल 8871909809 9054036759

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)

संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन

संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937


**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता- योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698 Head Master Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग के दौरान कारोबारी-एसआई के बीच विवाद



**इंदौर।** इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र स्थित एबी रोड पर मंगलवार देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग के दौरान गुजरात के एक कारोबारी और पुलिसकर्मियों के बीच विवाद हो गया। कारोबारी ने चेकिंग कर रहे एसआई पर शराब पीकर ड्यूटी करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक एमआईजी थाने के एसआई शैलेन्द्र अग्रवाल और दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ गुजरात निवासी कारोबारी महावीर सिंह ने लिखित शिकायत थाना प्रभारी सीबी सिंह को दी है। महावीर सिंह ने शिकायत में बताया कि वह उज्जैन में महाकाल दर्शन के लिए आए थे। मंगलवार को ओंकारेश्वर दर्शन के बाद वे इंदौर में रुके थे और सोमवार सुबह गुजरात लौटने वाले थे। रात में बच्चे घूमने की जिद करने लगे, जिसके बाद वह परिवार के साथ कार से सी-21 मॉल के पास पहुंचे। कारोबारी के अनुसार कार में उनके साथ ड्राइवर भी था, जिसने शराब नहीं पी थी। पुलिस ने वाहन रोककर जांच की और बाद में महावीर सिंह से भी ब्रीथ एनालाइजर में फूंक लगाने को कहा। कारोबारी का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने अल्कोहल की स्मैल आने की बात कहकर वाहन जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी। महावीर सिंह का आरोप है कि चेकिंग कर रहे एसआई शैलेन्द्र अग्रवाल स्वयं नशे की हालत में थे। उन्होंने एसआई से भी ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट कराने की बात कही, लेकिन वह इससे बचते नजर आए। इस दौरान मौके पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। पुलिस ने कारोबारी का चालान बनाकर कार थाने भिजवा दी। बाद में कारोबारी को अपने बच्चों के साथ टैक्सी से होटल जाना पड़ा। कारोबारी ने शिकायत में दावा किया है कि उनके मोबाइल में घटना से जुड़े कई वीडियो मौजूद हैं। मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने भी संज्ञान लिया है। फिलहाल पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

### दंपती की बाइक फिसली, महिला की मौत, महिला के सिर में आई थी गंभीर चोट

**इंदौर।** इंदौर के तेजाजी नगर क्षेत्र में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति को मामूली चोटें आई हैं। दंपती रिश्तेदारी में गमी के कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक अचानक फिसल गई। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक 32 वर्षीय संगीता पति दिलीप की मौत के मामले में बुधवार को मर्ग कायम किया गया है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार शाम चमेली देवी कॉलेज के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में संगीता के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि उनके पति दिलीप को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद राहगीरों की मदद से दोनों को एम्बुलेंस के जरिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। यहां उपचार के दौरान देर रात संगीता ने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार दिलीप खेती करते हैं। वे अपनी पत्नी के साथ उमरीखेड़ा क्षेत्र में रिश्तेदार के यहां गमी के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। लौटते समय हादसा हो गया। दंपती के दो बच्चे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एबी रोड पर सी-21 मॉल के सामने मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि कार के एयरबैग खुल जाने से चालक को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर विजयनगर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को हटवाया। मामले की जांच की जा रही है।

### कबड्डी टूर्नामेंट विवाद में युवक से मारपीट, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

**इंदौर।** शहर के चिमनबाग कबड्डी ग्राउंड पर आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्रतियोगिता से एक टीम को बाहर किए जाने से नाराज दो युवकों ने आयोजन समिति से जुड़े युवक के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एमजी रोड थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी यश टिकलिया (21) निवासी आदर्श बिजासन नगर परदेशीपुरा ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने साथियों अनिकेत बांगर और ऋषभ मेहरा के साथ 9 जून रात करीब 12:15 बजे चिमनबाग कबड्डी ग्राउंड पर मौजूद था। इसी दौरान मयंक गौड़ और रोहन मेहरा वहां पहुंचे और संस्था वैष्णवी की टीम को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने का कारण पूछने लगे। शिकायत के अनुसार इस बात को लेकर दोनों युवकों ने यश के साथ अभद्र भाषा में बात करना शुरू कर दिया। जब यश ने विरोध किया तो आरोपी और आक्रोशित हो गए तथा उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर विवाद शांत कराया। घटना के बाद पीड़ित युवक ने एमजी रोड थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मयंक गौड़ और रोहन मेहरा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296(बी), 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि दूसरे पक्ष की ओर से भी शिकायत आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

### डॉक्टर पर कोर्ट से धोखाधड़ी का मामला दर्ज, न्यायालय के आदेश पर एफआईआर

**इंदौर।** इंदौर में जिला न्यायालय से धोखाधड़ी करने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। एक मामले में महिला डॉक्टर पर पहले से बेची जा चुकी संपत्ति के आधार पर आरोपी की जमानत लेने का आरोप लगा है, जबकि दूसरे मामले में जब्त वाहन छुड़ाने के लिए कथित रूप से फर्जी दस्तावेज पेश कर अदालत को गुमराह करने की कोशिश की गई। दोनों मामलों में एमजी रोड थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पहला मामला जिला कोर्ट परिसर स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) न्यायालय से जुड़ा है। शासन की ओर से अली असलम अंसारी निवासी एमटीएच कम्पाउंड ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई। एफआईआर के अनुसार डॉक्टर आसमा (30) पुत्री मुश्ताक शेख निवासी मैजेस्टिक नगर खजराना ने एक प्रकरण में जमानतदार के रूप में अपनी संपत्ति पेश की थी। जांच के दौरान सामने आया कि संबंधित संपत्ति का विक्रय पहले ही किया जा चुका था। इसके बावजूद उसी संपत्ति को आधार बनाकर आरोपी गुलाब की जमानत लेने का प्रयास किया गया। मामले को न्यायालय के साथ धोखाधड़ी और भ्रामक जानकारी प्रस्तुत करने के रूप में देखा गया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी इंदौर रवि कुमार साहू ने दस्तावेजों और तथ्यों का परीक्षण किया। इसके बाद 5 जून 2026 को आदेश जारी कर संबंधित जमानतदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस का कहना है कि जांच में आरोप सही पाए जाने पर मामले में और भी महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

### रिटायर्ड जिला पंजीयक के साथ ठगी

**इंदौर।** इंदौर में रिटायर्ड जिला पंजीयक के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदात हो गई। बिजली विभाग का अधिकारी बनकर एक युवक ने उन्हें कॉल किया और उनके अकाउंट से रुपए निकाल लिए। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। कनाड़िया पुलिस ने बताया कि रमेश कुंबारे संचार नगर में रहते हैं। वह जिला पंजीयक कार्यालय से रिटायर्ड हैं। 2 जून की रात उनकी पत्नी ज्योति के मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम राकेश बताया और कहा कि उनका मई माह का बिजली बिल अपडेट नहीं हुआ है। उसने व्हाट्सएप पर भी मैसेज किया।

## 20 देशों के प्रतिनिधियों ने राजवाड़ा में हेरिटेज वॉक की, मालवा की संस्कृति से हुए रूबरू

# इंदौर में विदेशी डेलिगेट्स जमकर झूमे...आमों का चखा स्वाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में चल रहे 5 दिन के ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का बुधवार को दूसरा दिन है। आज सुबह 20 ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधि राजवाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने होलकरकालीन ऐतिहासिक धरोहर का अवलोकन किया। इतिहासकार जफर अंसारी ने उन्हें इंदौर के इतिहास, संस्कृति और राजवाड़ा के महत्व के बारे में जानकारी दी।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ढक्कनवाला कुआं स्थित ग्रामीण हाट बाजार पहुंचा, जहां उन्हें मध्यप्रदेश की कृषि, हस्तशिल्प और ग्रामीण उद्यमिता की झलक दिखाई गई। इस बीच उन्होंने मालवी कलाकारों के साथ लोकनृत्य किया, आमों का स्वाद भी चखा। ग्रामीण हाट में विदेशी मेहमानों का मालवा की परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया। उन्हें पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। जनजातीय कलाकारों ने लोक और जनजातीय नृत्य प्रस्तुत किए। कलाकारों की प्रस्तुति से प्रभावित होकर कई विदेशी प्रतिनिधि भी नृत्य दल के साथ शामिल हुए और पारंपरिक धुनों पर थिरकते नजर आए। प्रतिनिधियों ने ओडीओपी योजना के तहत लगाए गए स्टॉलों का भ्रमण किया। बुरहानपुर के केले से बने उत्पाद, बालाघाट का जीआई टैग प्राप्त चिन्नौर चावल, रीवा के आम, झाबुआ की पारंपरिक फसलें और विभिन्न कृषि उत्पादों की जानकारी ली।



### प्राकृतिक खेती और महिला समूहों की सराहना की

मृगनयनी के चंदेरी, महेश्वरी और कोसा वस्त्रों के साथ प्राकृतिक शहद, ए-2 दुग्ध उत्पाद, हर्बल सामग्री और महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को भी सराहा। प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश के कृषि, प्राकृतिक खेती और ग्रामीण उद्यमिता मॉडल की प्रशंसा की। सम्मेलन के पहले दिन मंगलवार को भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें कृषि व्यापार बढ़ाने, तकनीकी सहयोग मजबूत करने और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों देशों ने जलवायु अनुकूल खेती और कृषि अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई। सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य देशों के अलावा साझेदार देशों के कृषि मंत्री, अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। आयोजन 9 से 13 जून तक इंदौर में होगा।

### 12 जून को मंत्रिस्तरीय संवाद

12 जून को कृषि मंत्रियों के बीच विशेष संवाद होगा। इसमें छोटे किसानों, महिलाओं और युवाओं की भूमिका, डिजिटल तकनीक और भविष्य की खाद्य सुरक्षा पर चर्चा होगी। सम्मेलन के अंतिम दिन ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की मुख्य बैठक होगी। इसमें कृषि सहयोग, जलवायु परिवर्तन, खाद्य हानि कम करने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर मंथन होगा। बैठक के बाद संयुक्त दस्तावेज जारी किया जाएगा।

# पति पर घरेलू हिंसा के आरोप लगाए

## खजराना मंदिर पुजारी विवाद- पीड़िता बोलीं-केस वापस लेने का दबाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खजराना गणेश मंदिर से जुड़े पुजारियों और उनके परिवार पर दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के आरोप लगाने वाली डॉ. इंद्रा भट्ट ने कहा है कि उन पर केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

पीड़िता का कहना है कि कई राजनीतिक और प्रभावशाली लोग, आरएसएस से जुड़े लोग भी शामिल हैं, उनके घर आकर लगातार समझाइश और दबाव बना रहे हैं। महिला के अनुसार उनसे कहा जा रहा है कि सामने वाला परिवार काफी प्रतिष्ठित और रसूखदार है, इसलिए उन्हें यह लड़ाई छोड़ देनी चाहिए। महिला ने कहा, ‟लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या मुझे डर नहीं लगता, लेकिन अब डरने के लिए बचा ही क्या है। अगर न्याय की लड़ाई लड़ते हुए मौत भी आ जाए तो मुझे मंजूर है, लेकिन मैं पीछे नहीं हटूंगी। एफआईआर दर्ज होने के करीब दो महीने बाद मंगलवार को महिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में भी पहुंची। उन्होंने अधिकारियों को आवेदन देकर मांग की कि मंदिर के पुजारी और उनके पति पुनीत भट्ट के गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाई जाए।

महिला ने आंध्र प्रदेश के भद्रादी कोठागुडेम मंदिर में इसी प्रकार के एक मामले में का उल्लेख करते हुए कहा कि एक बहू द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मुख्य पुजारी और उनके दत्तक पुत्र को सेवा से निलंबित कर दिया था। यह कार्रवाई ताडेपल्लीगुडेम टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर और बंदोबस्ती आयुक्त के निदेशों के आधार पर की गई थी। इसी आधार पर महिला ने पुजारी पुनीत भट्ट को तत्काल प्रभाव से मंदिर व्यवस्था से उनके सभी अधिकार वापस लिए जाने और गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाए जाने की बात कही।



### आंध्र प्रदेश के केस का जिक्र कर कार्रवाई की मांग

डॉ. इंद्रा का कहना है कि चूंकि पति पुनीत पर धारा 498 के तहत एफआईआर दर्ज हो चुकी है और घरेलू हिंसा का केस भी अभी लंबित है। इसके बावजूद उनके द्वारा गर्भगृह में प्रवेश कर मंदिर में पूजा-अर्चना की जा रही है। पीड़िता ने शिकायत में कहा कि खजराना गणेश मंदिर का संचालन मध्य प्रदेश श्री गणपति मंदिर खजराना (इंदौर) अधिनियम, 2003 के तहत होता है। ऐसे में जिन पुजारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, उन्हें जांच लंबित रहने तक पूजा कार्य और गर्भगृह से दूर रखा जाना चाहिए।

## कोयला खाली कर ट्रक लेकर फरार हुए ड्राइवर पर मामला दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। आरोप है कि चालक कोयला लेकर इंदौर पहुंचा, माल खाली कराया और इसके बाद ट्रक मालिक को बिना सूचना दिए वाहन लेकर चला गया। काफी तलाश के बाद ट्रक मक्सी रोड स्थित एक ढाबे पर खड़ा मिला, जबकि चालक अब भी फरार है।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक फरियादी कृष्ण वीर सिंह पुत्र बिंदा सिंह भदौरिया निवासी इंदिरा नगर चार शहर का नाका ग्वालियर ने ट्रक चालक पवन सिंह निवासी अनवी कानपुर उत्तरप्रदेश के खिलाफ गबन का मामला दर्ज कराया है। शिकायत के अनुसार ट्रक क्रमांक GJ-23-AT-9445 में 16 मई को कोयला भरकर चालक पवन सिंह इंदौर के देवास नाका स्थित एलएनटी इंटरप्राइजेस परिसर में 26 मई को पहुंचा था। यहां माल खाली कराने के बाद चालक ने ट्रक पार्किंग में खड़ा करने की बात कही और ट्रांसपोर्ट नगर में मालिक का काम होने का हवाला दिया।

फरियादी के मुताबिक शाम को पवन ट्रक लेकर वहां से चला गया। बाद में कृष्ण वीर सिंह ने गुजरात के आनंद निवासी ट्रांसपोर्टर जयेश मकवाना को मामले की जानकारी दी। चालक को फोन लगाने पर उसका मोबाइल बंद मिला। काफी तलाश के बाद ट्रक मक्सी रोड स्थित एक ढाबे पर खड़ा मिला। ट्रक के तीन टायर गायब थे। वाहन की तलाशी लेने पर उसके दस्तावेज भी नहीं मिले। बाद में ढाबा संचालक ने बताया कि चालक ट्रक की चाबी और दस्तावेज उसके पास छोड़कर गया था।

## मंडी शुल्क वृद्धि का विरोध, किसानों और व्यापारियों दोनों पर पड़ेगा असर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्रदेश सरकार द्वारा कृषि उपज मंडियों में विक्रय होने वाली कृषि उपज पर मंडी शुल्क में 0.50% वृद्धि किए जाने के कैबिनेट निर्णय का व्यापारियों ने विरोध किया है। उनका कहना है कि इस फैसले का सीधा असर कृषि व्यापार और किसानों दोनों पर पड़ेगा।

मध्य प्रदेश सकल अनाज, दलहन एवं तिलहन व्यापारी महासंघ के अनुसार मंडी शुल्क बढ़ने से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने में भी कठिनाई आ सकती है। व्यापारियों का तर्क है कि अतिरिक्त शुल्क का भार अंततः किसानों पर ही पड़ेगा, जिससे कृषि उपज की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होगी।

व्यापारियों ने यह भी कहा कि देश के अधिकांश कृषि उत्पादक राज्यों में मंडी शुल्क 1% या उससे कम है। ऐसे में मध्य प्रदेश में शुल्क बढ़ने से यहां के व्यापारियों को अन्य राज्यों के व्यापारियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपालदास अग्रवाल ने सरकार से मांग की है कि मंडी शुल्क बढ़ाने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और इसे वापस लिया जाए। उनका कहना है कि यह निर्णय कृषि व्यापार को प्रभावित करने के साथ-साथ किसानों के हितों पर भी प्रतिकूल असर डाल सकता है।

## इनकम 2.5 करोड़, संपत्ति 9.5 करोड़ मिली

# जॉइंट डायरेक्टर के पास आलीशान जिम, सुपर मार्केट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में लोकायुक्त टीम ने बुधवार सुबह महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक (जॉइंट डायरेक्टर) लक्ष्मी नारायण कंडवाल के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

शुरूआती जांच में अधिकारी की वैध आय की तुलना में 241 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिलने के प्रमाण सामने आए हैं। लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय को कंडवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत मिली थी। प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। इसके बाद स्पेशल कोर्ट से तलाशी वारंट लेकर लोकायुक्त की अलग-अलग टीमों ने सुबह 6 बजे से एक साथ तीन ठिकानों पर धावा बोल दिया। कार्रवाई इतनी गोपनीय रखी गई थी कि संयुक्त संचालक कंडवाल और उनके परिवार को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह-सुबह बड़ी संख्या में अधिकारियों को देखकर इलाके में हड़कंप मच गया।



लोकायुक्त टीम जब कंडवाल से जुड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर जांच करने पहुंची तो वहां का नजारा देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए। कंडवाल से जुड़े एमएस जिम सेंटर का संचालन दो मंजिला भव्य इमारत में हो रहा है। इस जिम में विदेश जैसी आधुनिक फिटनेस मशीनें, महंगे उपकरण और अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। यह शहर के सबसे बड़े और प्रीमियम निजी जिमों में गिना जाता है। इसके अलावा टीम ने जिस डिपार्टमेंटल स्टोर पर छापा मारा, वह भी किसी बड़े मॉल की तरह चल रहा था, जहां रोजमर्रा की चीजों का बड़े पैमाने पर कारोबार होता है। लोकायुक्त टीम के मुताबिक, लक्ष्मी नारायण कंडवाल के घर छापे में अब तक कुल 9.5 करोड़ रुपए की संपत्ति मिली है, जिसमें पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के आसपास 12 प्लॉट और इंदौर में एक कमर्शियल प्लॉट शामिल है।

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com